सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 04 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 62, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 112 अंकों की गिरावट

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 112 अंक के नुकसान में रहा। } 14

## किसानों के लिए महत्वपूर्ण है डेयरी क्षेत्र

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, कृषि के अलावा अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए डेयरी क्षेत्र किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। } 16

### संक्षेप

#### भारत-आस्ट्रेलिया में सेमीफाइनल आज

दुबई। चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत पर दबाव को खारिज करते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि दोनों टीमों पर जीत का बराबर दबाव होगा। भारत ने आईसीसी नॉकआउट मैचों में 2011 विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद से आस्ट्रेलिया को नहीं हराया है। रोहित ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा आस्ट्रेलिया बेहतरीन टीम है। हम विरोधी टीम को समझते हैं कि वे कैसा खेलते हैं। हमने पिछले तीन मैचों में जिस तरह का रवैया अपनाया है, वैसे ही खेलना है। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि सेमीफाइनल काफी चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन इन दिनों ऐसे ही खेला जाता है और ये तो सेमीफाइनल है। (विस्तृत खबर भीतर)

#### ऑस्कर : अनोरा को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार

लॉस एंजिलिस। सीन बेकर के निर्देशन में बनी और एक यौन कर्मी के जीवन पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अनोरा को रविवार को आयोजित 97वें अकादमी पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। कान फिल्मोत्सव में भी पाल्म डी ओर पुरस्कार जीत चुकी अनोरा ऐसी यौन कर्मी की कहानी को बयान करती है जिसका विवाह एक रूसी कुलीन वर्ग के युवक के साथ होता है। इस फिल्म को मात्र 60 लाख अमेरिकी डॉलर की लागत से बनाया गया है। अनोरा ने विकेड, ड्यूनः पार्ट टू, द ब्रूटलिस्ट, ए कम्प्लीट अननोन, कॉन्क्लेव, एमिलिया पेरेज, आई एम स्टिल हियर, निकेल बॉयज़ और द सब्सटेंस को हराकर पुरस्कार जीता। (विस्तृत 16 पर)

#### अबू धाबी में भारतीय महिला को फांसी

नयी दिल्ली। अबू धाबी में चार महीने के बच्चे की कथित हत्या के लिए मौत की सजा का सामना कर रही एक भारतीय महिला को 15 फरवरी को ही फांसी दे दी गई है। यह जानकारी महिला की सलामती के लिए पिता द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को दी गई। शहजादी खान को 10 फरवरी, 2023 को अबू धाबी पुलिस को सौंप दिया गया था और उसे 31 जुलाई, 2023 को मौत की सजा सुनाई गई। उसे अल वथबा जेल में रखा गया था। इस घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:20 | 4:54 | 6:10 | 5:06 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.


### भीतर पढ़ें

- राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर ने मारी बाजी (पृष्ठ-02)
- बसपा सुप्रीमो ने भतीजे आकाश को पार्टी से निकाला (पृष्ठ-02)
- रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 87.34 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- बिहार विस में 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश (पृष्ठ-14)
- बिजली खपत बढ़कर 131.54 अरब यूनिट (पृष्ठ-14)


## सीएम योगी अंसल के खरीदारों की चिंताओं को लेकर गंभीर

### बिल्डर के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सुल्तानपुर रोड स्थित सुशांत गोल्फ सिटी बसाने के नाम पर राजधानी लखनऊ में रियल एस्टेट का सबसे बड़ा घोटाला करने वाले बिल्डर अंसल एपीआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निवेशकों व आवंटियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलडीए अफसरों को निर्देश दिए हैं। एलडीए एक सप्ताह में अनियमितता की जांच कर आवास विभाग को रिपोर्ट सौपेगा। अधिकारी ने बताया पूरे प्रकरण में लगभग 400 करोड़ की अनियमितता पायी गयी है। पूरे मामले को लेकर खुद सीएम गंभीर हैं। उन्होंने कहा है कि लाखों लोगों के साथ ठगी करने वाले बिल्डर अंसल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**❍ एनसीएलएटी में अपील दाखिल करेगी सरकार**

मुख्यमंत्री घर खरीदारों के साथ हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की ओर से अंसल प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिवालिया घोषित किए जाने के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण राष्ट्रीय कंपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाकुंभ में भगदड़ के बाद अफरा-तफरी रोकने के लिए की त्वरित कार्रवाई : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित कार्रवाई की, जिससे पीड़ितों को चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हुई और व्यापक स्तर पर अफरा-तफरी फैलने से रोका गया।

राजधानी लखनऊ में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के अधिकारियों और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, कि हमने इस घटना को अत्यधिक उजागर नहीं होने दिया, क्योंकि उस समय प्रयागराज और कुंभ मेला क्षेत्र में आठ करोड़ श्रद्धालु और संत मौजूद थे, तथा अफरा-तफरी से स्थिति और खराब हो सकती थी। महाकुंभ के प्रमुख स्नान दिवस मौनी अमावस्या पर संगम घाट पर हुई भगदड़ में कम से कम 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए थे। आदित्यनाथ ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के अलावा, 13 अखाड़ों के संतों को भी उस सुबह अमृत स्नान करना था। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों में अक्सर दो बड़ी चुनौतियां सामने आती हैं- संतों के बीच स्नान का क्रम तय करना, जिससे ऐतिहासिक रूप से विवाद होते रहे हैं, और यह सुनिश्चित करना कि अनुष्ठान सुबह चार बजे निर्धारित समय पर सुचारू रूप से हो। भगदड़ की इस घटना के बावजूद, सभी अखाड़े स्नान के लिए तैयार थे, लेकिन प्रशासन ने कार्यक्रम को स्थगित करने के लिए हस्तक्षेप किया। आदित्यनाथ ने कहा, कि मैंने व्यक्तिगत रूप से उनसे स्थिति को संभालने के लिए अनुष्ठान को स्थगित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने भीड़ पर कड़ी निगरानी रखी, दोपहर तक संगम क्षेत्र को खाली करा लिया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि स्नान अपराह्न 2:30 बजे तक फिर से शुरू हो जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने प्रभावी संकट प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, कि कठिन परिस्थितियों में कई लोग घबरा जाते हैं और हार मान लेते हैं, लेकिन हमें धैर्य और नियंत्रण के साथ दृढ़ निर्णय लेने की शक्ति विकसित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आयोजन के दौरान भक्तों, संतों और प्रशासनिक अधिकारियों सहित तमाम हितधारकों के बीच समन्वय पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा के मैंने व्यक्तिगत रूप से व्यवस्था बनाए रखने और कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत शुरू की। महाकुंभ प्रत्येक 12 साल में एक बार आयोजित किया जाता है, जिसमें दुनिया भर से लाखों तीर्थयात्री आते हैं, जिससे अधिकारियों के लिए भीड़ प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार, इस साल 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री इस विशाल आयोजन में शामिल हुए।

# अयोध्या में आतंकी साजिश नाकाम

### आतंकी अब्दुल रहमान को एटीएस ने हरियाणा से दबोचा, दो हैंड ग्रेनेड बरामद

विशेष संवाददाता



लखनऊ/अयोध्या-मिल्कीपुर। हरियाणा के फरीदाबाद में गुजरात एटीएस, फरीदाबाद एसटीएफ और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की संयुक्त टीमों ने एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। फरीदाबाद के हरियाणा में पकड़ा गया आरोपी अब्दुल रहमान उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के मंजनाई गांव का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी रविवार रात फरीदाबाद के सोहना रोड स्थित पाली इलाके में एक खंडहरनुमा मकान से हुई। गिरफ्तारी के दौरान अब्दुल रहमान के पास से दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, उसके मोबाइल फोन में कुछ संदिग्ध वीडियो भी मिले हैं, जिनमें महत्वपूर्ण स्थानों और धर्म से जुड़ी संवेदनशील जानकारी मौजूद है। एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि वह किन लोगों के संपर्क में था और क्या उसकी योजना किसी बड़े हमले को अंजाम देने की थी। गिरफ्तारी के बाद अयोध्या पुलिस भी हरकत में आ गई और रविवार रात को मंजनाई गांव में आरोपी के घर छापेमारी की। पुलिस टीम ने करीब तीन घंटे तक तलाशी ली और सोमवार सुबह उसके पिता अबू बकर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अब्दुल रहमान की मां का कहना है कि उनका बेटा निर्दोष है और उसे फंसाया जा रहा है। वह पहले जमात में गया था और वापस आने के बाद पांच वक्त की नमाज पढ़ता था।

वह ई-रिक्शा भी चलाता था और उसके नाम से गांव में चिकन शॉप भी चलती थी। अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी के बाद अयोध्या समेत आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां अब्दुल रहमान से जुड़े लोगों की पड़ताल कर रही हैं। पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की डिटेल्स खंगालनी शुरू कर दी हैं, साथ ही उसे जमात के लिए ले जाने वाले मौलाना हजरत उस्मान की भी तलाश जारी है। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह मामला किसी बड़े आतंकी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। अब्दुल रहमान के संपर्कों और उसकी गतिविधियों की गहराई से जांच की जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। गुजरात एटीएस ने फरीदाबाद एसटीएफ और आई बी की टीमों के साथ सोहना रोड के पाली इलाके में रविवार रात 4 घंटे सर्च ऑपरेशन चलाया। जांच के बाद जांच एजेंसी अब्दुल को अपने साथ गुजरात ले गई। अब्दुल का घर राम मंदिर से सिर्फ 36 किलो मीटर दूर मिल्कीपुर में है। वह राम मंदिर की रेकी भी कर चुका था। ऐसे में यूपी एटीएस आईबी और एलआईयू भी एक्टिव हुए हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार को गुजरात एटीएस की टीम मिल्कीपुर पहुंची। अब्दुल के घर में 2 घंटे सर्च ऑपरेशन चलाया। 4 घंटे तक पिता अबू बकर से पूछताछ होती रही। मां ने कहा- अब्दुल मौलानाओं के संपर्क में था। दिल्ली की जमात में शामिल होने गया था। फरीदाबाद कैसे पहुंचा, नहीं पता है। गांव मंजनाई के चमनगंज रोड पर अबू बकर का 600 स्क्वायर फिट का घर है। अब्दुल रहमान उनका बेटा है। इस गांव में करीब 200 घर हैं। यह मुस्लिम बस्ती है, यहां 5 घर जायसवाल बिरादरी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी : आठ हजार किसानों से वापस लिया जायेगा सम्मान निधि का धन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के इटावा में आठ हजार किसानों को झटका लगा है। इन किसानों से अब किसान सम्मान निधि योजना का पैसा वापस लिया जाएगा। विभाग ने ऐसे किसानों पर कार्रवाई करने के लिए लिस्ट भी तैयार कर ली है। दरअसल ये वह किसान हैं जो आयकर के दायरे में आते हैं, इसके बाद भी इनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है।

**❍ जो आयकर के दायरे में आते हैं उनपर होगी कार्रवाई**

इनसे अब करीब 30 करोड़ रुपये की रकम वापस ली जाएगी। जिला उप कृषि निदेशक आरएन सिंह ने सोमवार को बताया कि इटावा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 279461 किसान लाभार्थी के रूप में शामिल है, इनमें से 7924 ऐसे किसान पाए गए है जिनके नाम इनकम टैक्स के दायरे में आए है और इन किसानों से प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के सभी 19 किस्तें वापस ली जाएंगी। उन्होने बताया कि इन लाभार्थी किसानों से धनराशि वापस लेने के लिए सत्यापन प्रकिया शुरू कर दी गई है, राजस्व विभाग और कृषि विभाग की संयुक्त टीम के माध्यम से सभी की गहन जांच की जा रही है। जांच का दायरा ऑन लाइन रखा गया है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत प्रति किसान खाते में एक साल में 6000 रुपये दिए जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार किसानों के खाते में 30 करोड़ 11 लाख 12 हजार रुपये पहुंचे हुए है। सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की शुरूआत 2019 के संसदीय चुनाव से पहले हुई थी। जब इस योजना की शुरूआत हुई थी तब लाभार्थी किसानों से शपथ पत्र के जरिए राजस्व विभाग के कर्मियों के माध्यम से डाटा एंट्री की गई थी लेकिन इनकम टैक्स लाभार्थी होने के बावजूद भी किसानों का डाटा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना में शामिल कर लिया गया, जब आधार कार्ड के माध्यम से जांच की गई तो पाया गया कि किसानों ने गलत ढंग से ना केवल शपथ पत्र दिया बल्कि इस तथ्य को छुपा लिया कि वो इनकम टैक्स पेयर नहीं है। अभी इन सभी लाभार्थी ...शेष पृष्ठ 14 पर


## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समझें पुलिसकर्मी

### कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की याचिका पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि संविधान लागू होने के 75 साल बाद तो कम से कम पुलिस को वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समझना चाहिए।

इस टिप्पणी के साथ ही न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें कथित तौर पर भड़काऊ गीत साझा करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को



संरक्षित करने के महत्व को रेखांकित किया। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, जब वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात आती है, तो इसे संरक्षित करना होगा। न्यायाधीश ने आगे कहा, प्राथमिकी दर्ज करने से पहले पुलिस को कुछ संवेदनशीलता दिखानी होगी। उन्हें (संविधान के अनुच्छेद को) पढ़ना और समझना चाहिए। संविधान लागू होने के 75 साल बाद, अब तो कम से कम पुलिस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समझना होगा।

न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि आखिरकार तो यह एक कविता थी और वास्तव में यह अहिंसा को बढ़ावा देने वाली थी। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, इसके अनुवाद में कुछ समस्या प्रतीत होती है। यह किसी धर्म के विरुद्ध नहीं है। यह कविता अप्रत्यक्ष रूप से कहती है कि भले ही कोई हिंसा में लिप्त हो लेकिन हम हिंसा में लिप्त नहीं होंगे। कविता यही संदेश देती है। यह किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध नहीं है। गुजरात के जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत के लिए प्रतापगढ़ी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईडी ने पेटीएम को दिया 611 करोड़ का नोटिस

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों के उल्लंघन के लिए पेटीएम की मूल कंपनी, उसके प्रबंध निदेशक और उससे जुड़ी इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

पेटीएम की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के संस्थापक विजय शेखर शर्मा, इसके चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। यह नोटिस न्यायिक कार्यवाही शुरू होने से पहले जांच एजेंसी के एक विशेष निदेशक ने जारी किया है। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कानून और नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुसार मामले के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड : नयी आबकारी नीति को मंजूरी

### मुख्यमंत्री धामी कैबिनेट की बैठक में 17 प्रस्तावों को स्वीकृति

एजेंसी



देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट की आज महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति सहित 17 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी है। नई आबकारी नीति से वर्ष 2025-26 में 5060 करोड़ के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य की नई आबकारी नीति 2025 में धार्मिक क्षेत्रों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए उनके निकटवर्ती मदिरा अनुज्ञापनों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। जनसंवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए शराब की बिक्री पर और अधिक नियंत्रण किया जायेगा। उप-दुकानों और मैट्रो मदिरा बिक्री व्यवस्था को समाप्त किया गया है। नई आबकारी नीति में किसी दुकान पर एमआरपी से अधिक कीमत ली जाती है तो लाइसेंस निरस्त करने का प्राविधान किया गया है। डिपार्टमेंटल स्टोर्स पर भी एमआरपी लागू होगी, जिससे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी। पिछले दो वर्षों में आबकारी राजस्व में राज्य में काफी वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5060 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य को निर्धारित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4000 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 4038.69 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4439 करोड़ रुपये का लक्ष्य के सापेक्ष अब तक लगभग 4000 करोड़ रुपये की प्राप्ति हो चुकी है। नई आबकारी नीति के तहत स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। थोक मदिरा अनुज्ञापन केवल उत्तराखंड निवासियों को जारी किये जायेंगे, जिससे राज्य में आर्थिक अवसर बढ़ेंगे। पर्वतीय क्षेत्रों में वाइनरी को प्रोत्साहित करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** सामूहिक प्रयासों के चलते एशियाई शेरों की आबादी में लगातार हो रही है वृद्धि

# प्रधानमंत्री मोदी ने गिर में सफारी का लिया आनंद

एजेंसी



सासण (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर सोमवार की सुबह गुजरात के जूनागढ़ जिले में गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों के कारण एशियाई शेरों की आबादी में लगातार वृद्धि देखी गई है। उन्होंने एशियाई शेरों के आवास को संरक्षित करने में आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों और महिलाओं के योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा आज सुबह विश्व वन्यजीव दिवस पर मैं गिर में सफारी पर गया। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि गिर, जंगल के राजा एशियाई शेरों का घर है। गिर आकर मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में हमारे द्वारा सामूहिक रूप से किए गए काम की कई यादें भी ताजा हो गईं। मोदी ने कहा पिछले कई वर्षों में सामूहिक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया कि एशियाई शेरों की आबादी लगातार बढ़े। एशियाई शेरों के आवास को संरक्षित करने में आदिवासी समुदायों और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं की भूमिका भी उतनी ही सराहनीय है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, पिछले दशक में बाघों, तेंदुओं, गैंडों की आबादी में भी वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि हम वन्यजीवों को कितना महत्व देते हैं और जानवरों के लिए स्थायी आवास बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सफारी के दौरान दिखे शेरों की तस्वीरें भी साझा कीं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, अन्य मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सफारी के दौरान मोदी के साथ थे। इसके बाद प्रधानमंत्री गिर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्यालय सासण गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी : सड़क हादसों ने ली 12 की जान, 18 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रायबरेली, जौनपुर, मैनपुरी और मुजफ्फरनगर जिले में हुए सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रायबरेली जिले की लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बरस गांव के पास सोमवार को डंपर और ऑटोरिक्शा के बीच टक्कर में चार लोगों की घटना स्थल की भी मौत हो गई और अन्य सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक की मौत हो गई। मृतकों में लालगंज के महेशखेड़ा निवासी ऑटोरिक्शा चालक रजनीश शर्मा और खीरों थाना क्षेत्र के एकौनी निवासी निगम (20) शामिल हैं, जबकि तीन अन्य मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है। वहीं, मैनपुरी जिले के घिरोर थाना क्षेत्र में कानपुर जा रहे लकड़ी से लदे ट्रक के अनियंत्रित होकर एक खड्ड में पलट जाने से उसके नरेंद्र पाल सिंह (48) और परिचालक ऋषि कुमार (25) की मौत हो गई। जबकि, जौनपुर जिले में सोमवार की सुबह एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक छात्र की मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नगर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि सिकरारा थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया वॉक आउट

## कुलपतियों की नियुक्ति में आरक्षण की व्यवस्था नहीं होती : उच्च शिक्षा मंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को विधानसभा में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने विश्वविद्यालयों में कार्यपरिषद के चुनाव न कराए जाने तथा कुलपतियों की नियुक्तियों में पीडीए वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व न दिए जाने के विरोध में सरकार के जवाब से अंसतुष्ट होकर सदन से वाकआउट किया। इससे पूर्व सपा की सदस्य डा. रागिनी सोनकर ने प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पर अपने सवाल का सही जवाब न देने पर पूरे प्रश्नकाल के लिए सदन से वाकआउट किया। जबकि सपा सदस्यों ने बजट पर चर्चा न कराए जाने के विरोध में वेल में आकर धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सपा सदस्यों का कहना था कि सरकार बिना चर्चा के विभागीय बजट पास कराकर मनमानी कर रही है। बाद में विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर सभी सदस्य अपने आसन पर जाने को राजी हुए। शून्यप्रहर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य संग्राम सिंह यादव ने विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों में पिछड़ो दलितों की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दस सालों से विश्वविद्यालयों में कार्यपरिषद के चुनाव नहीं कराए गए हैं। कुलपतियों की नियुक्ति में पीडीए वर्ग को प्रतिनिधित्व न मिलने से इस वर्ग के लोगों में खासी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीस विश्वविद्यालयों में 22 में एक ही वर्ग के लोगों को कुलपति नियुक्त किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नियुक्तियों में व्यापाक पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। योग्य उम्मीदवारों को मौका नहीं दिया जा रहा है। वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर मनमाने तौर पर लोगों को नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने एक विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके ऊपर सरकार की खास मेहरबानी है। सपा के दूसरे सदस्य डा. आरके वर्मा ने भी इसी मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय सहित 24 राज्यों में नियुक्तियों में अनदेखी की जा रही है। कुलाधिपति द्वारा जिस सहायक प्रोफेसर का पदानवत किए जाने का आदेश दिया गया उसे लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रोन्नति दे दे गयी। इसके अलावा भी लखनऊ विश्वविद्यालय में नियमों की अनदेखी की जा रही है। इसके

- **स्वास्थ्य संबंधी सवाल का सही जवाब न देने और सपा नेतृत्व पर अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में सपा का सदन से वाकआउट**



अलावा शिक्षकों के खिलाफ द्वेष भावना से कार्रवाई की जा रही है। जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे निराधार हैं। कुलपतियों की नियुक्तियों कुलाधिपति द्वारा की जाती है। उनकी नियुक्तियों में पीडीए का प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुलपतियों की नियुक्तियों में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। उच्चशिक्षा मंत्री ने कहा कि कार्यपरिषद का चुनाव कराने के लिए पूर्व में लिखा जा चुका है। उच्च शिक्षा मंत्री के जवाब से अंसतुष्ट होकर सरकार पर पीडीए विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट किया। इससे पूर्व प्रश्नप्रहर में सपा की सदस्य डा. रागिनी सोनकर ने प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पर स्वास्थ्य संबंधी सवाल का सही जवाब न देने और सपा नेतृत्व पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए पूरे प्रश्नकाल के लिए सदन से वाकआउट किया। आज ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सहित सपा के एक अन्य सदस्य द्वारा छुट्टा गोवंशों से फसलों के होने वाले नुकसान और निराश्रित गोवंशों का मामला उठाया। सपा सदस्यों ने कहा कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद गायों की स्थिति मरणासन्न हो रही है। जवाब में पशुधनमंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश छुटटा नहीं छोड़े गए है। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशो की देखभाल और उनके रखरखाव के लिए सरकार द्वारा दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके लिए प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। बजट में निराश्रित गोवंशों के लिए दो हजार करोड़ की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में कसाई को देखकर गाय कांपती थी अब समय बदला है गाय को देखकर कसाई कांप रहे है। आज ही विधानसभा में पूर्व सदस्य ब्रज कुंवरि के निधन पर श्रद्वाजलि दी गयी। इसी के साथ सपा के सदस्य इकबाल महमूद ने सदन के पूर्व सदस्य रिफाकत हुसैन के निधन की सूचना देते हुए उनके लिए श्रद्वांजलि देने का अनुरोध किया। लेकिन विधानसभा सचिवालय के पास पूर्व विधायक रिफाकत हुसैन की सूचना नहीं थी। रिफाकत हुसैन अमरोहा के हसनपुर सीट से निर्वाचित हुए थे। विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अपने सचिवालय को निर्देश दिया कि यह पता लगाया जाए कि संबधित निधन की सूचना अभी तक क्यों नहीं आई है इसके लिए जिम्मेदार कौन है। जो भी जिम्मेदार हैं उसके खिलाफ कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। आज ही सपा के सदस्य पंकज मलिक ने थाना भवन शुगर मिल द्वारा एक किसान के भुगतान न होने पर उसके आत्महत्या किए जाने का मामला उठाया। सपा सदस्य ने कहा कि थानाभवन चीनी मिल द्वारा बकाए का भुगतान न होने से किसान के बच्चें की फीस नहीं जमा हो पाई जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली। जवाब में गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि सदस्य द्वारा संबंधित जिस किसान के भुगतान न होने की बात कही जा रही है उसका शतप्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। जहां तक उसके आत्महत्या किए जाने की बात है तो उसके निजी कारण हो सकते हैं। गन्ना विकास मंत्री ने संबधित किसान को किए गए भुगतान का विवरण भी पेश किया। बावजूद इसके उन्होने आश्वासन दिया कि सदस्य द्वारा जो सूचना दी गयी उसे वे दिखवा लेंगें। इससे पूर्व प्रश्नकाल में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस एचएमपीवी को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सभी जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ हैं। प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक महबूब अली के प्रश्न का उत्तर देते हुए पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि एचएमपीवी वायरस को लेकर सदस्य की चिंता से पहले हमारी सरकार ने चिंता की हैए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक करके सारी व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली और दिशा निर्देश भी दिए हैं। हम प्रदेश में पैनिक नहीं होने देना चाहते थे।

# महाकुंभ से तीन गुना बढ़ी प्रयागराज की अर्थव्यवस्था

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 के दिव्य और भव्य आयोजन ने जहां एक ओर तीर्थराजए प्रयागराज का मान बढ़ाया है तो साथ ही ये आयोजन आने वाले दिनों में प्रयागराज शहर की अर्थव्यस्था में भी भारी बढ़ोत्तरी लाएगा। 45 दिनों तक चले महाकुम्भ के आयोजन से प्रयागराज शहर में सबसे ज्यादा लाभ होटल, रेस्टोरेंट इंडस्ट्री, टूर एंड ट्रैवेल तथा खुदरा व्यापारियों को हुआ।

लेकिन महाकुम्भ के बाद शहरवासियों की बढ़ी आय रियल स्टेट, आटोमोबाईल, इलेक्ट्रानिक्स और लक्जरी आइटम के व्यापार को बढ़ावा देगी। ऐसा अनुमान व्यक्त किया जा रहा है कि महाकुम्भ के आयोजन से बढ़ी आय फ्लो प्रयागराज की इकॉनमी में लगभग 200 से 300 फीसदी का बूस्ट ला सकता है। साथ ही सीएम योगी के विजन के मुताबिक प्रयागराज का आध्यात्मिक टूरिज्म महाकुम्भ के बाद सामान्य दिनों में भी बढ़ने की उम्मीद है। महाकुम्भ का आयोजन आस्था और आध्यात्मिक उत्थान के साथ प्रयागराजवासियों के लिए आर्थिक तौर पर भी वरदान साबित हो रहा है। 45 दिनों तक शहर में चले इस भव्य आयोजन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज आये। जिससे तात्कालिक रूप से शहर के होटल, रेस्टोरेंट, टूर एंड ट्रैवेल इंडस्ट्री समेत अनाज, सब्जी, गद्दे, बेड, फर्नीचर, टेंट के व्यवसायियों को 30 से 40 गुना मुनाफा हुआ। इसके साथ ही संगम क्षेत्र में नाव चालकों, आटो रिक्शा चालकों, टेला-खोमचा लगाने वाले और जनरल मर्चेंट के दुकानदारों की भी अच्छी आमदनी हुई है। प्रयागराज व्यापार मंडल के जनरल सेक्रेट्री शिव शंकर सिंह का कहना है कि शरहवासियों की आय में हुई ये वृद्धि आने वाले दिनों में शहर की इकॉनमी को 200 से 300 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी प्रदान कर सकती है। व्यापार मंडल के जनरल सेक्रेटरी ने बताया कि शहरवासियों की महाकुम्भ से बढ़ी हुई आय का फ्लो जब स्थानीय बाजार में होगा तो वो इकॉनमी को बूस्ट करेगा। इसके चलते आने वाले दिनों में प्रयागराज में रियल स्टेट बाजार, आटोमोबाईल, इलेक्ट्रानिक्स और लक्जरी गुड्स के बाजार में वृद्धि देखने को मिलेगी।

- **प्रयागराज की अर्थव्यवस्था के लिए महाकुम्भ का भव्य आयोजन बना वरदान**
- **महाकुम्भ के बाद प्रयागराज में रियल स्टेट, आटोमोबाईल, इलेक्ट्रानिक्स उद्योग में होगी बढ़ोत्तरी**
- **महाकुम्भ के आयोजन से बढ़ी प्रयागराजवासियों की आय मार्केट में लायेगी बूस्ट अप**

# महाकुंभ में इस्तेमाल ऑटोमैटिक मशीनों से पूरे यूपी को बनायेंगे इंसेक्ट फ्री

## सीएम के निर्देश पर प्रयागराज में किया गया मिस्ट ब्लोअर और मिनी फॉगिंग मशीनों का सफल संचालन

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ में इस्तेमाल की गई अत्याधुनिक मिस्ट ब्लोअर और मिनी फॉगिंग मशीनों का प्रयोग अब पूरे उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। महाकुम्भ में इन मशीनों का सफल इस्तेमाल किया गया था। जिससे संतों और श्रद्धालुओं को मच्छरों और मक्खियों से राहत मिली। अब इन्हीं मशीनों को विभिन्न जिलों में तैनात किया जाएगा। जिससे प्रदेश को इंसेक्ट.फ्री बनाया जा सके। इस तरह का प्रयोग उत्तर प्रदेश में पहली बार किया जाएगा।



ये आधुनिक टेक्नोलॉजी वाली मशीनें नगर निगमों और स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाएंगी। महाकुम्भ में संतों और श्रद्धालुओं को मच्छर-मक्खी से बचाने वाली अत्याधुनिक 107 ब्लोअर मिस्ट मशीनें नगर निगमों को सौंपे जाने की तैयारी है। वहींए 110 मिनी फॉगिंग मशीनें स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाएंगी। अखाड़ों को इंसेक्ट फ्री बनाने में कारगर ये मशीनें अब उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस्तेमाल की जाएंगी। डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया के नियंत्रण में यह मिनी फागिंग मशीन बेहद कारगर है। सबसे खास बात यह है कि कॉल करते ही ये ऑटोमैटिक मशीन 30 मिनट के भीतर लोगों तक पहुंचने में सक्षम है। महाकुम्भ के नोडल जॉइंट डायरेक्टर (वेक्टर कंट्रोल) डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि प्रदेश के नगर निगमों को 107 ब्लोअर मिस्ट मशीनें सौंपी जाएंगी। यह कूड़े और गंदगी पर छिड़काव में काफी मददगार साबित होंगी। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को 110 मिनी फॉगिंग मशीनें सौंपी जाएंगी। जो डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया पर प्रभावी रोक लगाने के सक्षम रहेंगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी इनका व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा सफाई और वेक्टर नियंत्रण में भी इनसे बड़ी मदद मिलेगी। मेले में वेक्टर कंट्रोल के असिस्टेंट नोडल और डीएमओ डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि महाकुम्भ में इस्तेमाल की गई ऑटोमैटिक ब्लोअर मिस्ट मशीनें इतनी प्रभावी रहीं कि कॉल करने के 30 मिनट के भीतर किसी भी स्थान पर पहुंच सकती हैं। इसी तर्ज पर अब मूविंग वेक्टर कंट्रोल यूनिट पूरे प्रदेश में संचालित की जाएगी। ताकि किसी भी इलाके में संक्रमण या मच्छरों की समस्या होने पर तुरंत फॉगिंग और मिस्ट ब्लोअर से छिड़काव किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर मच्छर-मक्खियों से बचाव के लिए व्यापक सेवा शुरू की जा रही है। अब आम जनता को भी तत्काल सुविधाएं मिल सकेंगी। इन मशीनों के जरिए प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव की सुविधा उपलब्ध रहेगी। महाकुम्भ में पेट्रोल से चलने वाली ब्लोअर मिस्ट मशीनों से बड़े पैमाने पर छिड़काव कार्य किया गया। अब यह मशीनें नगर निगमों को सौंपी जाएंगी। जिससे कूड़े और गंदगी पर कीटनाशक का छिड़काव किया जा सके। खासकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में यह तकनीक बेहद उपयोगी साबित होगी। क्योंकि बाढ़ के बाद गंदगी और मच्छरों के बढ़ने का खतरा ज्यादा रहता है।

# बसपा सुप्रीमो ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सोमवार को पार्टी से भी निष्कासित कर दिया। इससे पहले, मायावती ने रविवार को आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर और अपने उत्तराधिकारी समेत सभी पदों से हटा दिया था।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, कि बसपा की अखिल भारतीय स्तर की बैठक में कल आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि लेकिन, इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है। वह उसके पछतावे व राजनीतिक परिपक्वता का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-जिम्मेदाराना बयान है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ उन्हें दण्डित भी करती रही हूं। बसपा प्रमुख ने कहा, कि अतः परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान आंदोलन के हित में तथा मान्यवर श्री कांशीराम जी की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व आंदोलन के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। इससे पहले सोमवार सुबह आकाश आनंद ने एक बयान में कहा, कि मैं बहन कुमारी मायावती का कैडर हूं। इस मामले में आकाश आनंद ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबा पोस्ट लिखकर अपना पक्ष रखा था। आनंद ने कहा, कि मैं बहन कुमारी मायावती का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैंने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं, उस फैसले के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि बहन कु. मायावती द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। आकाश आनंद ने कहा, कि ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन एवं आंदोलन के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा, कि कुछ विरोधी दल के लोग यह सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया।

## भाजपा में भ्रष्टाचार चरम पर: अखिलेश

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर क्षेत्र, हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में इतना भ्रष्टाचार अभी तक कभी नहीं हुआ। अगर भाजपाई भ्रष्टाचार आधा ही कम हो जाए तो अर्थव्यवस्था अपने आप दोगुनी हो जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग एम्प्लॉयीज को 90 घंटे काम करने की सलाह दे रहे हैं, कहीं वह इंसान की जगह रोबोट की बात तो नहीं कर रहे हैं, क्योंकि इंसान तो जज्बात और परिवार के साथ जीना चाहता है। आम जनता का सवाल यह भी है कि जब अर्थव्यवस्था की प्रगति का फायदा कुछ गिने चुने लोगों को ही मिलना है तो ऐसी 30 ट्रिलियन की इकोनॉमी हो जाए या 100 ट्रिलियन की, जनता को उससे क्या। सच्चा आर्थिक न्याय तो यही कहता है कि समृद्धि का लाभ सबको बराबर से मिले, लेकिन भाजपा सरकार में तो यह संभव ही नहीं है। सलाह देने वाले भूल गये कि मनोरंजन और फिल्म उद्योग भी अरबों रुपए इकोनॉमी में जोड़ता है।

# राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर ने फिर मारी बाजी

## सीएम योगी की मॉनिटरिंग से प्रदेश में मामले के निस्तारण में आया खासा सुधार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते रहते हैं। योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू द्वारा फरवरी माह की जारी रिपोर्ट में एक बार फिर पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने मामलों के निस्तारण में बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर बलिया और तीसरे स्थान पर गाजीपुर है। वहीं टॉप टेन की बात करें तो कुशीनगर, झांसी और लखीमपुर खीरी ने अपनी जगह बनायी है। बता दें कि पिछले पांच माह से राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश है कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। जौनपुर डीएम दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की फरवरी माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 428 मामलों का निस्तारण किया है। इसका प्रतिशत 171.20 है। डीएम दिनेश सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 60 मामलों का निस्तारण कर 200 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने 50 के मानक के मुकाबले 110 मामलों का निस्तारण कर 220 प्रतिशत का प्रदर्शन किया। वहीं अपर जिलाधिकारी भू राजस्व न्यायालय ने निर्धारित 50 के मानक के सापेक्ष 168 मामलों का निस्तारण कर 336 प्रतिशत का प्रदर्शन किया। इसी के साथ जौनपुर पिछले पांच माह से राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

- **मामले के निस्तारण में बलिया दूसरे और गाजीपुर तीसरे पायदान पर**
- **पिछले पांच माह से राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर शीर्ष स्थान पर बना हुआ है**
- **बोर्ड ऑफ रेवन्यू की फरवरी माह की रिपोर्ट में टॉन टेन में कुशीनगर, झांसी और लखीमपुर खीरी ने बनायी जगह**



# आशा संगिनी को इलेक्ट्रानिक स्कूटी दी जाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को आशा और आशा संगिनी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सम्बोधित ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा विधायकगण सचिन यादव और हिमांशु यादव को सौंपकर अपनी दयनीय कार्यदशा की ओर ध्यान आकृष्ट किया। ज्ञापन में कहा गया है कि आशा और संगिनी बहनों की 2005-2006 से नियुक्तियां हुई थी जिनसे 24 घंटे काम लिया जाता है आज भी उन्हें इतना ही मानदेय मिलता है जितना पहले मिलता था। उनकी नियुक्ति मातृ-शिशुदर में कमी, परिवार नियोजन कार्य के लिए की गई थी लेकिन उनसे संस्थागत प्रसव कराने, आभा और आयुष्मान कार्ड बनाने, बच्चों के टीकाकरण, पोलियो की दवा पिलाने, मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान आदि में भी काम लिया जाता है।

- **आशा और आशा संगिनी के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा अपनी मांगों का सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सम्बोधित ज्ञापन**



आशा और आशा संगिनी की मांग है कि उन्हें मातृत्व वंदन योजना का पांच वर्षों से बकाया भुगतान हो, उन्हें परिवार सहित आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जाये। सीएचसी, पीएचसी पर आवास-शौचालय सुविधा मिले, योग्यता पर प्रमोशन हो, आशा संगिनी को इलेक्ट्रानिक स्कूटी दी जाए, कोविड महामारी के दौरान मृत आशाओं को बीमा का पैसा भी नहीं मिला। आशा और आशा संगिनी को राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगे सदन से सड़क तक उठायी जायेगी। सपा उनके साथ है उन्हें न्याय दिलाया जायेगा। आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष मनीषा यादव, प्रदेश महामंत्री संध्या सिंह, प्रदेश सचिव ऊषा पटेल, किरन और नीलम सिंह शामिल थी।

ज्ञापन में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष उर्मिला सिंह, राष्ट्रीय सचिव ऊषा सिंह के अतिरिक्त अनुराधा, रेनू राय, विनीता राय, कल्याणी सिंह, नीलम, सुशीला यादव, चंद्रा यादव, सुनीता वर्मा, कंचन दुबे, प्रमिला, सुनीता, चंद्रकला, शशिकला, सुमन यादव, सुमन सिंह, रामा सिंह, पूनम यादव, सरोज सिंह, पारूल, ममता, संगीता, अनीता देवी यादव, प्रेमलता यादव, ललिता यादव, सविता देवी यादव, श्रीदेवी यादव, माधुरी, बसंती देवी, रिंकीश्री, रेनू, रजिया, अनुराधा, स्नेहलता, सपना, निशा, गिरिजा, मेहरूननिशां, गीता बर्नवाल, जयंती देवी, माधुरी, विनीता देवी, मुन्नी देवी, सुनीता देवी, निर्मला चौबे, रेनू राय आदि के भी हस्ताक्षर रहे।

## मायावती नहीं चाहती हैं कि आकाश आनंद भाजपा पर सीधा हमला बोले : लोकदल

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी अहम पदों से हटाये जाने पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मायावती सत्ताधारी पाार्टी भाजपा के दबाव में काम कर रही हैं। आकाश आनंद एक नौजवान नेता है ऐसे में आकाश आनंद भाजपा पर हमला बोलते हैं तो मायावती असहज हो जाती हैं। मायावती ने एक तरह से खुद को सक्रिय राजनीति से बाहर कर लिया है। मायावती के समर्थकों को भी अहसास हो गया है कि वह अब खुलकर राजनीति नहीं करने वाली हैं। मायावती करीब 70 साल की हो गयी हैं और पार्टी को एक नौजवान नेता चाहिए। ऐसे में आकाश आनंद को भले अभी नेपथ्य में रख रही हैं लेकिन आखिरकार पार्टी की कमान परिवार के हाथों में ही आएगी। पार्टी अपना जनाधार वापस पाने के लिए क्या करेगी?



लोकसभा सदस्य जगदंबिका पाल ने यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से सोमवार एक शिष्टाचार भेंट के उपरांत विधानभवन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा के सदस्यों से भी संवाद किया। लोकसभा सदस्य ने विधानसभा में हुए सकारात्मक बदलावों की सराहना की।

संक्षेप

## शार्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी राख



प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के हनुमानपुर मादामई गांव में रविवार की रात शार्टसर्किट से एक घर में आग लग गयी। जिससे गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। शोरगुल सुनकर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हनुमानपुर मादामई गांव निवासी सजनलाल नापित पुत्र बंशी लाल नापित के घर में रविवार की रात अचानक शार्टसर्किट से आग लग गयी। आग की लपटें उठती देख चीखपुकार मचाते गांव के लोग बाहर भागे। शोरशराबा सुनकर गांव के ग्रामीणों ने मदद में भागकर पीड़ित के दरवाजे पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका लेकिन तब तक घर में रखे गृहस्थी के सामान, कपड़े, बिस्तर आदि जलकर राख हो गये।

## तीन के खिलाफ मारपीट का केस

प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे केवल गांव की विमला देवी पत्नी रामस्वरूप ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते दो मार्च को सुबह करीब सात बजे गांव के सनी सरोज पुत्र रामबकश सरोज तथा आशा देवी पत्नी रामबकश व शिवानी देवी पुत्री रामबकश एकराय होकर उसे गाली देने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने लाठी डण्डे से मारापीटा। बीचबचाव में पहुंचे पीड़िता के पुत्र नन्दलाल को चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, तीन पर केस

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट व धमकी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के वीरभद्रपुर वीरशाहपुर गांव निवासी नीरज कुमार मिश्र पुत्र घनश्याम मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर दो मार्च को सुबह करीब छः बजे गांव के ओमप्रकाश शुक्ल के पुत्र अनिल कुमार शुक्ल व सुशील कुमार शुक्ल तथा आदित्य कुमार शुक्ल पुत्र सुशील कुमार ने गालीगलौज करते हुए मारपीट किया व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## वांछित को भेजा जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक वांछित को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। उदयपुर थाना के दरोगा अजीत कुमार यादव सोमवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करके पूरे लोका के पास से गांव निवासी वांछित सचिन कुमार सिंह पुत्र राजू सिंह को धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपहरण के दर्ज मुकदमें में वांछित था। उसे जेल भेज दिया गया।

## दो बाइक की टक्कर में छात्र समेत तीन घायल, रेफर

प्रतापगढ़। बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्र समेत तीन लोग मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। जहां से सभी को रेफर कर दिया गया। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई गांव निवासी बृजेन्द्र 18 पुत्र रामलाल सरोज सोमवार सुबह बाइक से अपने भाई विनीत तथा गांव के ही रामसुमेर सरोज के पुत्र अनुज को लेकर बोर्ड परीक्षा दिलाने अगई जा रहा था। अगई मोड़ पर सुबह करीब साढ़े सात बजे अज्ञात बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गये। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां घायलों की गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ईसाई मिशनरी ने किया धर्मांतरण का प्रयास

## पुलिस, एलआईयू, लेखपाल, सचिव, प्रधान पर उठे सवालिया निशान

जिला संवाददाता (vol)



इकौना,श्रावस्ती। जनपद के इकौना थाना छेत्र में ईसाई मिशनरी द्वारा धमार्नांतरण के मामले को लेकर मचा घमासान मच गया है। जनपद के इकौना थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवान पुर बनकट में हरि सिंह पर लगा ईसाई मिशनरी के संरक्षण धमार्नांतरण चलाने का लगा आरोप है हरि सिंह पर इकौना थाने में एफआईआर. दर्ज हो गई है। आरोपी फरार हो गया है।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि उन्होंने जांच के लिए एसआईटी. गठित कर दिया है। जिसमे अपर पुलिस अधीछक के नेतृत्व में सी. ओ., एल. आई. यू., स्थानीय पुलिस जांच में शामिल है। इधर विश्व हिन्दू महासंघ के जिला संयोजक कन्हैया कसौधन नें एसडीएम. इकौना को कार्यवाही हेतु दिया प्रार्थना पत्र दिया। हरि सिंह मूल बंजारा जाति का है लेकिन अपने को राजपूत साबित करने का पूरा जतन करता है। हरि सिंह पहले पंजाब में ड्राइवर था। जो काफी पहले भगवान पुर आकर बस गया और मुर्गी फार्म खोल लिया कर व्यवसाय करने लगा था। सूत्रों के मुताबिक हरि सिंह 2-3 वर्षों से अपने घर के बगल निर्जन स्थान अहाते के छप्पर के बगले में ईसाई मिशनरी संचालित करता था असाध्य मरीजों को बाइबिल से झाड़ फूंक कर इलाज कर पूर्ण स्वथ्य करने का दावा करता था। हरि सिंह हर रविवार को अपना दरबार लगाता था. जिसमें दूर दराज के मरीजों का जमावड़ा लगता था. हरि सिंह लोगों को प्रभु ईसा मसीह और ईसाई धर्म के प्रति प्रेरित कर प्रार्थना सभा कराता था। बताया जाता है कि हरि सिंह अपने एक चूक के चक्कर में खुद फंस गया. हरि सिंह अपने ज्यादा प्रचार के चक्कर में एक यू ट्यूबर पर कुछ ज्यादा ही बोल गया जो उसके गले की फास बन गई. दो तीन वर्षों से हरि सिंह ईसाई प्रार्थना सभा चला रहा था, सैकड़ों लोग भाग ले रहे थे और जिले की स्थानीय अभि सूचना इकाई को भनक नहीं लगी. थाने की पुलिस, बीट का सिपाही, हल्के के दरोगा, ग्राम प्रधान, लेखपाल, सेकरेट्री, गांव का चौकीदार सब के सब सोते रहे जो एक यक्ष प्रश्न सारीखा है सीओ इकौना सतीश कुमार शर्मा ने कहा कि अभियोग दर्ज हो गया है सभी विन्दुओं पर जांच होगी।

# सीओ बांसी ने थाना खेसरहा का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। पुलिस उपाधीक्षक बांसी मयंक कुमार द्विवेदी ने थाना खेसरहा का अर्द्ध- वार्षिक निरीक्षण हाल जाना वहीं खेसरहा थानाध्यक्ष को अभिलेखों/रजिस्टरों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित करते हुए अपराध पर अंकुश लगाने पैदल गशत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गत 3 मार्च को मंयक द्विवेदी पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना खेसरहा का अर्द्ध- वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने सलामी लिया गया तत्पश्चात थाना प्रांगण/बैरक/ भोजनालय/ महिलाहेल्पडेस्ककक्ष/थानाकार्यालय /सीसीटीएनएस कक्ष/ मालखाना /असलहाजात आदि का निरीक्षण किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने थाना परिसर, बैरक की साफ-सफाई व थाने के विभिन्न अभिलेखों/ रजिस्टरों का गहनता से निरीक्षण किया गया एवम्-अपूर्ण अभिलेखों/ रजिस्टरों को पूर्ण करने हेतु सम्बंधित थानाध्यक्ष व पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक बांसी ने अपराधों पर नियंत्रण हेतु एवं रात्रि में पैदल गश्त व पिकेट ड्यूटी तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सम्बंधित थानाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# हर सप्ताह लगेगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर



मेरठ। सोमवार को वर्ल्ड हियरिंग डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेरठ सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आई एम ए के सचिव डॉ. सुमित उपाध्याय व लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ विनीत शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए सुनने की क्षमता को सुरक्षित रखने और ध्वनि प्रदूषण से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों को जानकारी देते हुए प्रो डॉ विनीत शर्मा ने बताया कि बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों में श्रवण क्षमता कमजोर होने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। आजकल शहरी क्षेत्रों में तेज हॉर्न, लाउडस्पीकर, मशीनों का शोर, ट्रैफिक और अन्य कारणों से ध्वनि प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच रहा है। इससे कानों की संवेदनशीलता प्रभावित हो रही है, जिससे सुनने की शक्ति धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इस समस्या से निपटने और जनमानस को जागरूक करने के लिए आई एम ए मेरठ ने एक विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की। इस अभियान के तहत हर सप्ताह निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे, जहां कानों की जांच की जाएगी और लोगों को आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि ये चिकित्सा शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए होंगे जो शुरूआती श्रवण समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं और बाद में गंभीर परेशानियों का सामना करते हैं। प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण को कम करने का सबसे प्राकृतिक और प्रभावी उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। पेड़ न केवल ध्वनि अवरोधक का काम करते हैं, बल्कि वे वातावरण को शुद्ध करने और स्वस्थ पर्यावरण बनाने में भी मदद करते हैं।

# लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मेरठ के व्यापारी संग की मुलाकात



मेरठ। सोमवार को लखनऊ में मुख्यमन्त्री निवास पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ( भव्य मन्दिर शिलान्यास के संयोजक ) साथ अग्रसेन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र अग्रवाल महामंत्री गिरीश बंसल उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता सह संयोजक जय प्रकाश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, सुधीर हलवासिया ने मुख्यमंत्री योगीआदित्य नाथ को मिलकर मन्दिर शिलान्यास समारोह में आने का निमन्त्रण दिया। मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए विस्तार से श्री लक्ष्मी नारायण अग्रसेन भगवान मन्दिर के विषय में बताया। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहाँ आपसभी लोग बहुत सराहनीय कार्य कर रहे है में इतने बड़े कार्य करने की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ साथ ही भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा ने मेरठ में टेक्सटाइल पार्क बनाने की माँग रखी मुख्यमंत्री को सुझाव दिया की टेक्सटाइल पार्क के लिए मेरठ में बंद पड़ी कताई मिल में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की जाये, मेरठ में हवाई अड्डे की भी माँग की मुख्यमंत्री .ने विस्तार से सभी बातो को सुनकर आश्वासन दिया। साथ ही विनीत शारदा ने प्रदेश के व्यापारी एवं लघुउधमियो की कुछ समस्या के विषय में मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए कहाँ आपके शासन में प्रदेश में चहुमुखी विकास हो रहा है व्यापारी के साथ साथ आम जनमानस खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है उत्तर प्रदेश के व्यापारी वर्ग की और से मुख्यमन्त्री को आभार देते हुए धन्यवाद दिया।

## जामा मस्जिद में हुआ रोजा इफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। मोहल्ला सराय खाम स्थित जामा मस्जिद में रमजान की पाक व बरकतों भरी घड़ियों में गुलामाने वारिस मुस्लिम वेलफेयर एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से शानदार रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों रोजदारों ने इफ्तार में शिरकत की और पूरे माहौल में भाईचारे, मोहब्बत और इबादत की खूबसूरत फिजा बनी रही।

वारसी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष फराज वारसी ने कहा, रमजान सिर्फ रोजे रखने और इबादत करने का ही नाम नहीं, बल्कि यह महीना रहमत, बरकत और इंसानियत की खिदमत का बेहतरीन अवसर भी है। वारसी फाउंडेशन के मो. जानिब सफवी ने इफ्तार के महत्व को बताते हुए कहा, लोगों को खाना खिलाना इस्लाम के सबसे पसंदीदा कामों में से एक है। खासकर रोजेदार को इफ्तार कराने पर अल्लाह की तरफ से बेपनाह नेकियां नसीब होती हैं और यह समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश भी देता है।

# आपस में मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए त्यौहार : डीएम

## पीस कमेटी का बैठक संपन्न



बलरामपुर। आगामी त्योहारों की सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी श्री विकास कुमार की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान डीएम द्वारा थानावार एवं सर्किलवार त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न थानों आए हुए संभ्रांत नागरिकगण से डीएम एवं एसपी द्वारा वार्ता की गई एवं त्यौहारों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए गए तथा उठाए गए समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि सभी एसडीएम, सीओ एवं विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, बीडीओ द्वारा संयुक्त रूप से होलिका दहन स्थल एवं मार्ग का कर ले निरीक्षण कर ले एवं सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगर निकाय एवं ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का विशेष अभियान चलाए जाने का निर्देश सभी अधिशासी अधिकारियों,जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि समस्त विभाग त्योहारों को लेकर अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें, त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया।

उन्होंने समस्त जनपद वासियों को आगामी त्यौहारों को हार्दिक शुभकामनाएं दिया एवं कहा कि सभी आपस में मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहां की आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। त्योहारों को सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं एवं पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्व के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, योगेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, समस्त थानों के थानाध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों मे हुई मारपीट, चौदह पर क्रास केस

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने नौ नामजद व पांच अज्ञात समेत चौदह लोगों के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के राजातारा मजरे अमावां गांव निवासी विद्याशंकर तिवारी पुत्र स्व. दयाशंकर तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि एक मार्च की शाम करीब साढ़े पांच बजे जमीनी विवाद को लेकर एकराय होकर गांव के श्रीधर शुक्ल व उनके पुत्र शरद शुक्ल उर्फ सुमित, ओमप्रकाश शुक्ल उर्फ भुवन पुत्र शशिधर शुक्ल तथा प्रभास शुक्ल उर्फ गज पुत्र विद्याधर शुक्ल ने मारपीट किया। शोर सुनकर बीचबचाव में पहुंचे पीड़ित के पुत्र को भी आरोपियों ने मारापीटा। शोर मचाने पर लोगों को आते देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष के सुमित शुक्ल पुत्र श्रीधर शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि पीड़ित के खुद की भूमिधरी पर बाउण्ड्री बनाने को लेकर गांव के विजयशंकर तिवारी, मारूतिनंदन, विद्याशंकर तिवारी, विनोद तिवारी, चंद्रहास पाण्डेय पांच अज्ञात लोगों ने मारपीट किया, बाउण्ड्री को गिरा दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निरीक्षण में चढ़ा एसडीएम का चढ़ा पारा



प्रतापगढ़। एसडीएम ने सोमवार को स्थानीय सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैंनसी सिंह ने साफ सफाई की स्थिति को सामान्य पाया। उन्होनें अधीक्षक को इसे और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिये। एक शौचालय क्रियाशील न पाये जाने पर एसडीएम ने नाराजगी जतायी। नगर पंचायत के द्वारा लगाये गये आरओ को भी चालू न देखकर एसडीएम का पारा चढ़ा दिखा। उन्होनें अधीक्षक को ईओ से समन्वय कर इसे अविलम्ब चालू कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होनें परिसर में गलियारों में कुछ वाहनों को देखकर असंतोष जताया। उन्होनें कहा कि भविष्य में चिकित्सकों के बैठने वाली गैलरी में वाहन कतई बेतरतीव नहीं मिलने चाहिए। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार सामान्य पाया गया। दवाओं की उपलब्धता एसडीएम को पर्याप्त मिली। उन्होनें कुछ दवाओं के एक माह बाद एक्सपायरी देख इन्हें चिन्हित कर एक्सपायर होने के तुरंत बाद डिस्पोज कराये जाने के निर्देश दिये। अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने विभिन्न कल्याणकारी अभियानों की प्रगति से भी उन्हें अवगत कराया।

# नई किरण महिला थाना के पहल से 2 टूटते हुए परिवारों को बिखरने से बचाया



सिद्धार्थनगर। परिवार परामर्श केंद्र जब/नई-किरण( टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम ) के तहत महिला थाना ने 02 परिवारों के मध्य सुलह समझौता कराकर परिवारों को बिखरने से बचाया गया। जो की महिला थानाध्यक्ष व महिला उप निरीक्षकों का बड़ा योगदान माना जा रहा है।, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के निर्देश के अनुपालन में 03.03.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण ( टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम ) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 05 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 02 पत्रावली का सफल निस्तारण करते हुए 02 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 03 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है तथा 02 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष शाइस्ता, उ0नि0 मीरा वर्मा, म0हे0का0 सविता सिंह, म0का0 नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा *निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न है 01.रेखा पत्नी महेंद्र साकिन नादेपार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर। 02.कांति पत्नी शैलेश साकिन हरनहिया थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रशासन ने किसानों की समस्याओं का कराया समाधान, फिर भी धरना दे रहे पदाधिकारी

प्रतापगढ़। चकमार्ग समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कल्याण एसोशिएसन का धरना सोमवार को भी जारी दिखा। वहीं प्रशासन का दावा है कि किसानों की पांच सूत्रीय मांग में चार का समाधान कराया जा चुका है। किसानों के धरने को लेकर सांगीपुर विकासखण्ड के दर्रा गांव में चकमार्ग समेत कई मामलों की जानकारी लेने एसडीएम नैंनसी सिंह पिछले सप्ताह स्वयं गांव पहुंची थी। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व व पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर एक चकमार्ग की नाप कराकर उसका निर्माण भी करवा दिया था। दूसरे चकमार्ग को लेकर भूमिधरी जमीन होने के कारण राजस्व टीम ने एसडीएम को आख्या भेजी है। वहीं सोमवार को प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार भी राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे। यहां बिजली तथा सुरक्षा आदि से जुडे बिंदुओं पर समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। एसडीएम नैंनसी सिंह ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के बाबत पत्र भी सोमवार को भेजवाया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने धरना दे रहे किसानों को रविवार को समाधान की कार्रवाई की मौखिक जानकारी भी दी। प्रशासनिक दावा है कि निस्तारण के बाबत हुई कार्रवाई व सम्बन्धित पत्रों की छायाप्रति भी संगठन के पदाधिकारियों को प्राप्त करायी गयी है। हालांकि किसान कल्याण एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाण्डेय व उपाध्यक्ष नंदलाल तिवारी का कहना है कि प्रशासन द्वारा किसी भी समस्या के समाधान की अभी तक संगठन को लिखित जानकारी नही दी गयी है। समाधान की कार्रवाई पुष्टि होने के बाद संगठन धरने को लेकर निर्णय पर विचार करेगा।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने शिव नगर डिढई का किया वार्षिक निरीक्षण

जिला संवाददाता (vol)



सिद्धार्थनगर। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने थाना शिवनगर डिड़ई का वार्षिक निरीक्षण किया गया व आगामी त्यौहार होली व ईद-उल-फितर ( ईद ) के दृष्टिगत थाना स्थानीय पर उपस्थित कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण ड्रिल कराकर थानाध्यक्ष शशांक सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। गत सोमवार 3 मार्च को सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई का वार्षिक निरीक्षण किया गया, दौरान निरीक्षण अपर पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम महोदय द्वारा मालखाना, शस्त्रागार, लाकअप, मेस, थाना कार्यालय, बैरक एवं शौचालय तथा स्नानागार का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु थानाध्यक्ष शशांक कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने के विभिन्न अभिलेखों सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा अपूर्ण अभिलेखों को तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया व थाना परिसर की साफ-सफाई का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। आईजीआरएस सन्दर्भो का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश भी दिये गये। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने वाहन चोरी, लूट, नकबजनी,चोरी, महिलाओं से होने वाली छेड़छाड़/अपराध की घटनाओं पर रोकथाम एवं सघन चेकिंग हेतु नियमित एवं रूटीन पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग, संदिग्ध आदि की चेकिंग प्रभावी तरीके से थानाक्षेत्र में कराने एवं समय-समय पर चेकिंग करते रहने हेतु निर्देशित किया। एएसपी ने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सम्बंधित सभी उप-निरीक्षको को अपने-अपने कुशल पर्यवेक्षण में पूर्णनिष्ठा एवं निष्पक्ष रूप से कार्यवाही कराते हुये बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण दौरान थानाध्यक्ष शशांक सिंह थाना शिवनगर डिड़ई व थाना पर नियुक्त सभी उ0नि0/कर्मचारीगणो सहित अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

## नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज। जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि बृजमनगंज थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। सिंह ने कहा कि आरोपी की पहचान संतोष गुप्ता (26) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह घटना 16 जनवरी की है। नाबालिग लड़की के पिता की शिकायत पर संतोष के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी ने बताया कि आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया।

## थानाध्यक्ष अमित कुमार ने ग्राम प्रहरियों चौकीदारों के साथ किया गोष्ठी का आयोजन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भवानीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा आगामी त्यौहार होली ,ईद उल फितर ( ईद ) तथा रमजान माह के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरीगण के साथ थाना परिसर पर गोष्ठी का आयोजन कर त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में सहयोग की अपेक्षा करते हुए शासनादेश व उच्चाधिकारियों के दिए गए निर्देश व गाईड लाईन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए गोष्ठी किया गया। डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में, अमित कुमार थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज के द्वारा आगामी त्यौहार होली ,ईद उल फितर ( ईद ) तथा रमजान माह के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरीगण के साथ थाना परिसर पर उक्त त्यौहार के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी व शासन तथा उच्चाधिकारीगणो द्वारा प्राप्त आदेशों-निर्देश से अवगत कराया गया।

संक्षेप

## जीएसटी विभाग ने पकड़े कूलर से भरे पिकअप

इटावा। बिलों मे मामूली गलतियों के चलते जीएसटी विभाग की सचल दल टीम नें इटावा से बिधूना जा रही कूलर से भरी दो पिकअप को पकड़ने की सूचना पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एंव उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज नें कार्यालय पहुंच कर जीएसटी विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। आलोक दीक्षित नें सभी थोक व्यापारीयों से अनुरोध किया है कि पचास हजार से ऊपर का सामान बिना ई वे बिल के न ले जायें,कुछ विक्रेता ई वे बिल जनरेट न करना पड़े इसलिए दो बिल बना देते हैं जिससे टैक्स देने के बाबजूद व्यापारीयों को समस्या का सामना करना पड़ता है। भारतेंद्र नाथ भारद्वाज नें व्यापारियों से अपील की है कि कोई सामान खरीदें तो बिल साफ साफ बनबायें,बिलों पर ओवर राइटिंग आदि न करें जिससे अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## गुदड़ी बाजार में कूड़े के ढ़ेर में लगी आग

इटावा। शहर के गुदड़ी बाजार में रविवार रात 9 बजे एक क्षतिग्रस्त दुकान में भरे कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। यह घटना थाना कोतवाली क्षेत्र में हुई।बाजार के व्यापारियों में इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग के दो वाहन मौके पर पहुंचे और टीम ने आग पर काबू पा लिया। जिस दुकान में आग लगी, वह बिना शटर की थी। इसके आसपास कई कपड़े की दुकानें हैं। व्यापारी सोनल अग्रवाल ने बताया कि इस दुकान में दुकानदार कूड़ा-कबाड़ भर देते हैं। उन्होंने कई बार सफाई कर्मियों से कूड़ा हटाने को कहा और पैसे देने की भी बात की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को पूरा गुदड़ी मार्केट बंद था। समय रहते आग की सूचना मिलने से कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। गुदड़ी बाजार शहर का सबसे भीड़भाड़ वाला बाजार है। व्यापारियों का आरोप है कि सफाई कर्मी नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठाते हैं।

## ई रिक्शा व बाइक की भिड़ंत में दो घायल

बकेवर, इटावा। महेवा से सब्जी लेकर अहेरीपुर जा रहे ई रिक्शा में वाइक चालक ने सोमवार की सुबह मुकुटपुर के पास टक्कर मार दी जिससे दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये आते जाते राहगीर ने सूचना पुलिस व एम्बुलेंस को दी दोनो घायलो को पुलिस ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल महेवा भिजवाया। थाना क्षेत्र के ग्राम मुकुटपुर निवासी संदेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र व प्यारे लाल पुत्र वृदावन सोमवार की सुबह महेवा से सब्जी लेकर ई रिक्सा से अहेरीपुर जा रहे थे जैसे ही उनका रिक्सा निवाड़ी कला मार्ग स्थित ग्राम मुकुटपुर के सामने पहुँचा कि तभी अहेरीपुर की ओर से तेज गति से आ रहे वाइक चालक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे रिक्सा में बैठे संदेश व प्यारे लाल गंभीर रूप से घायल हो गए जिसकी सूचना आते जाते राहगीरो ने पुलिस व एम्बुलेंस चालक को दी सूचना पर एम्बुलेंस चालक मौके पर पहुँचा और दोनो घायलो को उपचार के लिए सी एच सी महेवा लेकर पहुँचा जहाँ चिकित्सक ने इलाज किया। और वाइक सवार वाइक छोड़कर चला गया।

## हत्या में शामिल आरोपी गिरफ्तार

इकदिल, इटावा। घर बुलाकर युवक की पिटाई के बाद मौत हो जाने के मामले में बांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव नगला वर में रहने वाले पृथ्वीराज के बेटे विकास को गांव नगला पीते में 20 फरवरी की रात एक युवती ने फोन कर अपने घर बुलाया था, उसके बाद परिजनों ने युवक को घर के अंदर बंद कर लिया और उसे जमकर लाठी डंडों से मारपीट कर उसे घायल अधमरा कर दिया था जिसकी इलाज दौरान मौत हो गई। इसी मामले में युवक विकास के परिजनों ने नामजद नो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के पकड़ने के लिए दिन रात दबिश दे रही थी। तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर पहुंच पुलिस ने रविवार दोपहर दो बजे गांव भूलपुरा नहर पुल के पास से बांछित आरोपी अभियुक्त गांव नगला वर निवासी राम सिंह पुत्र रामनारायण को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चैहान ने बताया युवक की पीटने से मौत हो गई उसी में बांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# देश के विकास में महिलाओं व युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान : महामहिम

## निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर बचाओ टीकाकरण अभियान की शुरुआत




गोरखपुर। महामहिम राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती आउटरीच 2025 समारोह का आयोजन हुआ। महामहिम महोदया ने दीक्षा भवन सभागार में विश्वविद्यालय की प्रवाह पुस्तक का विमोचन किया तथा प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होने निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर बचाओ टीकाकरण अभियान की शुरूआत भी की।

साथ ही उन्होने साहित्य, सांस्कृतिक तथा क्रीडा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वालों को स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र द्वारा पुरस्कृत किया तथा 30 आंगनबाड़ियों कार्यकत्रियों को किट का भी वितरण किया। कार्यक्रम में महामहिम/कुलाधिपति महोदया ने मेडल प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना एवं बधाई देते हुए कहा कि आज यहां पर जिन छात्रों ने मंच पर परफॉर्मेंस किया है और हम सब यही चाहते हैं कि शिक्षा के माध्यम से समाज जागरूक हो और देश का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि मुझे 100 होनहार युवा दे दो मैं देश का कायाकल्प कर दूंगा। उन्होंने कहा कि जितनी भी योजनाएं आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर विश्वविद्यालय तक चलेगी भारत उतना ही मजबूत होगा। गांव से लेकर विश्वविद्यालय तक के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर गोल्ड मेडल प्राप्त करना और उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना अत्यंत सराहनीय कार्य है और इन सब को आगे बढ़ाने में अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इनके द्वारा समाज को जागरूक भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, खेलकूद, भाषण, लेखन कार्य तथा पेंटिंग तथा समाज जागरूकता से संबंधित प्रतियोगिताएं होनी चाहिए।

महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज करा रही महामहिम ने कहा कि आगामी 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व की महिलाओं को सम्मान के रूप में मनाया जाता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं, जबकि पहले ऐसा नहीं था महिलाओं को आगे बढ़ने से रोका जाता था परंतु आज जन जागरूकता व शिक्षा के कारण हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की महिलाएं किसान, उद्यमी, ब्यूरोक्रेट्स, शिक्षा तथा जमीन से लेकर आसमान तक दिखाई दे रही हैं। यह सब जन जागरूकता का ही परिणाम है और देश के विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। आज किसी भी क्षेत्र को ले लीजिए उसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक के छात्र-छात्राएं आने वाले 25 वर्षों में युवा होंगे और विकसित भारत बनाने में अपना सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की भाषण, वाद विवाद, गायन, पेटिंग आदि प्रतियोगिताओं की बुकलेट तैयार करवायें और अपने स्कूल व विश्वविद्यालयों में आलेख के रूप में रखें।

# अमरेन्द्र चतुर्वेदी का फूल मालाओं से हुआ जोरदार स्वागत



चौरीचौरा, गोरखपुर। विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा सौंपे गए जिला अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण करने के बाद पहली बार चौरीचौरा पहुंचने पर अमरेन्द्र चतुर्वेदी का सोमवार को पूराने बस स्टेशन स्थित राम जानकी मंदिर पर फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। तथा विहिप जिन्दाबाद, अमरेन्द्र चतुर्वेदी जिन्दाबाद के साथ साथ सनातन धर्म की जय जयकारा लगाया गया। स्वागत से अभिभूत विहिप के नये जिला अध्यक्ष श्री चतुर्वेदी ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा करना ही मेरा प्रमुख उद्देश्य होगा। बताते चलें कि विहिप के प्रांत योजना की बैठक में अमरेन्द्र चतुर्वेदी को चौरीचौरा के जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपे जाने के बाद सोमवार को जब संगठन के कार्यकर्ताओ के साथ श्री चतुर्वेदी सोमवार को चौरीचौरा स्थित पूराना बस स्टेशन पर पहुंचे तो पहले से खड़े भाजपा व विहिप के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। तथा नारे लगाए गए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व हिन्दू परिषद् की जो नीति और रीति है, उसको आगे बढाना हमारा मुख्य उद्देश्य होगा। उक्त अवसर पर मुख्य प्रांत के विशेष सम्पर्क प्रमुख डा डीके सिंह, जिला मंत्री पंडित बीडी पाण्डेय, चेयरमैन सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाश गुप्ता उर्फ जेपी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप जायसवाल, विहिप के नगर अध्यक्ष रजनी कांत, नगर मंत्री कमल किशोर, जेपी गोल्डी, डब्लू दुबे, पूर्व ग्राम प्रधान सुमंत निषाद, ग्राम प्रधान प्र्णोद पासवान, राम विश्वास, सोनू प्रजापति सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, एक की मौत,11 घायल



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के नीचे गोल चैराहा इटावा- कन्नौज हाईवे स्थित पक्का ताल के समीप भागवत कथा पूजा की सामग्री जवारे नहर में विसर्जन कर वापस लौट रहे सैकड़ों भक्तों से भरे तीन ट्रेक्टर ट्राली में से तेज रफ्तार एक ट्रेक्टर मय ट्राली के पलट गया। जिसमें एक भक्त की मौत हुई। जबकि 11 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर किया गया है। जबकि ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

इटावा-कन्नौज हाईवे पर स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के नीचे गोल चैराहा पक्का ताल के समीप भागवत कथा समापन के उपरांत पूजन सामग्री (जवारे) को बाहरपुरा नहर पुल के समीप पानी में विसर्जन कर तेज गती से लौट रहे ट्रेक्टर चालक की लापरवाही से ट्राली सहित पलटा। ट्रेक्टर में सवार औरैया जनपद थाना एरवाकटरा के ग्राम हमीरपुर,रुरु निवासी रनधीर उम्र 30 वर्ष,जय किशन उम्र 40 वर्ष,नीतेश उम्र 22 वर्ष,पहलवान उम्र 18 वर्ष,अभिराज उम्र 10 वर्ष,लल्ला उम्र 15 वर्ष, प्रियाशू उम्र 13 वर्ष,अंकित उम्र 14 वर्ष,सनी उम्र 9 वर्ष, अंकुश उम्र 13 वर्ष,सुमित और आयूष गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे चैकी प्रभारी राजेश कुमार ने 108 एम्बूलेंस सहित यूपीडा की तीन एम्बूलेंस को मौके पर बुलाकर सभी घायलों को उपचार के लिये भरथना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से सभी घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा। आंशिक घायल सुमित, गोपाल, आयूष ने बताया कि उनके ही ग्राम हमीरपुर रुरु ने रविंद्र सिंह सेंगर के घर पर भागवत बैठी थी। जिसके समापन के बाद पूजा सामग्री आदि जवारे, मंडप आदि को जल विसर्जन के लिये महिलाएं, बच्चों व पुरुषों सहित तीन ट्रेक्टरों में सवार होकर हमीरपुर रुरु से भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बाहरपुरा नहर पुल पर सोमवार दोपहर को सामग्री जल विसर्जन कर वापस जा रहे थे। दुर्घटना वाले ट्रेक्टर में डीजे बंधा हुआ था। इसके कारण इसमें महिलाएं नहीं बैठी थी। केवल पुरुष और बच्चों के अलावा युवा थे। बाकी दो अन्य ट्रेक्टर इस ट्रेक्टर के आगे निकल गये। यह ट्रेक्टर पीछे रह गया। तभी ट्रेक्टर चालक ने तेज गति में भगाना चालू कर दिया। जैसे ही ट्रेक्टर पक्के ताल बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के समीप गोल चैराहे पर पहुंचा तभी अचानक ट्रेक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेक्टर मय ट्राली के बीच सड़क पर पलट गया। जिससे सवार दो दर्जन से अधिक लोगों में से रनधीर उम्र 30 वर्ष,जय किशन उम्र 40 वर्ष,नीतेश उम्र 22 वर्ष, पहलवान उम्र 18 वर्ष, अभिराज उम्र 10 वर्ष, लल्ला उम्र 15 वर्ष,प्रियाशू उम्र 13 वर्ष, अंकित उम्र 14 वर्ष, सनी उम्र 9 वर्ष, अंकुश उम्र 13 वर्ष,सुमित और आयूष उसके नीचे दबकर गँभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलो को उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने रनधीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य सभी को जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिये जिला मुख्यालय अस्पताल भेजा गया। स्वास्थ्य केद्र तैनात डाक्टर ललित ने बताया कि सभी घायलों को जिला के लिये रैफर कर दिया गया। एक रनधीर की मृत्यु हो गयी। ट्रेक्टर की ट्राली पर बंधे डीजे पर तेज आवाज में गाने बज रहे थे। घायलों में भिंड-मुरैना के कुछ लोग शामिल है जो अपनी रिश्तेदारी में भागवत के भंडारे के लिये शामिल होने आये थे। रनधीर के शव को देख उसकी भाभी प्रियांशी बेहोश हुई। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# हीरक जयंती पर निकाली गयी साइकिल रैली




गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती पर साईकिल रैली निकाली गयी। जिसे महामहिम/कुलाधिपति महोदया आनंदी बेन पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महामहिम ने कहा कि आज साईकिल रैली रवाना की गयी जो गोरखपुर, कुशीनगर तथा देवरिया की 167 किमी0 की यात्रा पूरी करके 7 मार्च कों विश्वविद्यालय पहंचेगी। इस साईकिल यात्रा का उद्देश्य है कि हमारे विद्यार्थियों को समाज के साथ जोड़ने और उन्हें स्वास्थ्य, पर्यावरण और सतत विकास के प्रति जागरूक करना है। यह पहल शिक्षा और सामाजिक उत्तर दायित्व का एक अनूठा संगम है जिसमें हम समृद्धि और सतत भविष्य की ओर बढ़ सकते है। 167 की कुल दूरी जिसमें गोरखपुर, कुशीनगर तथा देवरिया के विभिन्न क्षेत्र सम्मिलित है इस साईकिल यात्रा में 10 महिला प्रतिभागी शामिल है। यह साईकिल यात्रा विद्यार्थियों को प्रेरित करने के साथ साथ स्थानीय समुदायों को सामाजिक बदलाव का भागीदार बनायेगी।

**अल्पकालीन निविदा सूचना (ई - निविदा) संख्या 17 / विजाखं (वि.)/ एल/ई-टेन्डर/2024-25** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्यों को सम्पादित कराने से देखे अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अलग-अलग निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेन्डर वेबसाईट http://etender.up.nic.in से देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है निविदा का प्रथम भाग में नियम व शर्ते संलग्न PQC में देखें। जिसके परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के वित्तीय भाग (भाग-द्वितीय) बाद में खोले जायेगें। इसके अतिरिक्त म.वि.वि.नि.लि. के निदेशक मंडल के दिनांक 28.03.18 के आदेशानुसार अव्यवहारिक दरों पर सेक्योरिटी /परफारमेंस गारेन्टी लिये जाने का प्राविधान है। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग-2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Lucknow के पंजाब नेशनल बैंक, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ के खाता संख्या 0294002100078232 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0586900 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सीधे जमा की जायेगी तथा धरोहर धनराशि e-BG के रूप में अधिशासी अभियन्ता विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) लखनऊ के नाम बन्धक होगी एवं अपलोड की जायेगी। निविदा का भाग-1 व 2 (प्राइस विड) केवल बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रस्ताव एक साथ ही जमा करना होगा, निविदा मूल्य की आर.टी.जी.एस. साक्ष्य (रसीद) को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रथम भाग के साथ जमा करना आवश्यक होगा एवं किसी भी प्रकार की हार्ड कापी स्वीकार नहीं होगी, निविदा के प्रथम भाग प्राप्त/ खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को खोला जायेगा। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना उपरोक्त अंकित बेवसाइटों पर उपलब्ध कराई जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करना अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। **(1) निविदा विशिष्ट सं0 130/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अमीनाबाद लखनऊ में एक अदद महिला शौचालय का निर्माण कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.032025 अपरान्ह 330 बजे IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(2) निविदा विशिष्ट सं0 131 / विजाखं (वि०) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र मेडिकल कॉलेज पर स्थापित बिल्डिंग के प्रथम तल कक्षों की मरम्मत के सम्बन्ध में। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(3) निविदा विशिष्ट सं0 132/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय लखनऊ सेन्ट्रल के अन्तर्गत जनसुविधा से सम्बन्धित आवश्यक जानपदीय कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(4) निविदा विशिष्ट सं0 133 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र लौलाई पर जनसुविधा के बैठने हेतु टीन शेड कक्ष का निर्माण। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(5) निविदा विशिष्ट सं. 134 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड निराला नगर पर जनुसविधा हेतु बोरिंग एवं पाईप लाइन से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(6) निविदा विशिष्ट सं. 135 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र लखनऊ मध्य क्षेत्र पर जनसुविधा हेतु आवश्यक जानपदीय कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(7) निविदा विशिष्ट सं. 136/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय अमीनाबाद में कमरा नं. 05/07/08 कमरों की मरम्मत सम्बन्धी कार्य एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथि:-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(8) निविदा विशिष्ट सं. 137/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- सहायक अभियन्ता मीटर विद्युत नगरीय परीक्षण शाला - रहीमनगर कार्यालय में जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(9) निविदा विशिष्ट सं. 138/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 1912 कस्टमर केयर सेन्टर म.वि.वि.नि.लि. में अर्थिंग सिस्टम को ठीक कराने एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(10) निविदा विशिष्ट सं. 139/विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2024-25 I** कार्य का नामः- कार्यालय मुख्य अभियन्ता (जानपद) के कक्ष में वॉल पैनलिंग एवं अन्य विविध जानपदीय कार्य एवं प्रबन्ध निदेशक, म.वि.वि.नि.लि. के कार्यालय एल्यूमिनियम पार्टीशन से सम्बन्धित जानपदीय कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(11) निविदा विशिष्ट सं. 140/ विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2024-25 I** कार्य का नाम :- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, चौक अमीनाबाद के कार्यालय की रंगाई-पुताई एवं अन्य आवश्यक जानपदीय कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(12) निविदा विशिष्ट सं. 141/विजाखं (वि.) /एल/टेन्डर/ 2024-25 I** कार्य का नामः- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अमीनाबाद लखनऊ में एक अदद महिला शौचालय का निर्माण कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(13) निविदा विशिष्ट सं. 142/ विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. आर.डी.एस.ओ. व तालकटोरा पर शौचालय सम्बन्धी एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(14) निविदा विशिष्ट सं. 143/ विजाखं (वि.)/एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- मध्यांचल मुख्यालय पर न्यू बिल्डिंग व लेसा बिल्डिंग के मध्य कॉरिडोर सीलन रोधी सम्बन्धी जानपदीय कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(15) निविदा विशिष्ट सं0 144/ विजाखं (वि०) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- उपखण्ड अधिकारी, विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड निरालानगर पर चौक सीवर लाइन को जोड़ने का कार्य एवं अन्य जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(16) निविदा विशिष्ट सं. 145/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र भीखमपुर पर जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(17) निविदा विशिष्ट सं. 146 / विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- विद्युत नगरीय वितरण खण्ड न्यू जी.आईएस. स्टेशन पर कन्ट्रोल रूम पर लोहे का गेट स्थापित करने एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(18) निविदा विशिष्ट सं. 147/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र नूरबाड़ी न्यू के स्विचयार्ड में इण्टरलॉकिंग एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(19) निविदा विशिष्ट सं. 148/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र स्काडा भवन पर पार्किंग हेतु शेड, इण्टरलॉकिंग टाइल्स एवं उपकेन्द्र का गेट लगाने का कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(20) निविदा विशिष्ट सं. 149/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. स्विचिंग स्टेशन पर बाउन्ड्रीवॉल एवं मेन गेट लगाने का कार्य एंव जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(21) निविदा विशिष्ट सं. 150/ विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2024-25 I** कार्य का नामः- सी.जी.आर.एफ. म.वि.वि.नि.लि. कार्यालय के प्रयोगार्थ हेतु एक शौचालय का निर्माण कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(22) निविदा विशिष्ट सं. 151/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नामः- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्टर - आई पर उपखण्ड कार्यालय के शौचालय की मरम्मत एवं जनसुविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(23) निविदा विशिष्ट सं. 152/ विजाखं (वि.) / एल / टेन्डर / 2024-25 I** कार्य का नाम :- 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र विकास नगर पर उपखण्ड कार्यालय के शौचालय की मरम्मत एवं जनुसविधा से सम्बन्धित कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः-18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः- 19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :- एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित) **(24) निविदा विशिष्ट सं. 153/विजाखं (वि.)/एल/टेन्डर/2024-25 I** कार्य का नामः- विद्युत वितरण खण्ड-जानकीपुरम कार्यालय पर जनसुविधा हेतु टीन शेड का निर्माण कार्य। II निविदा अपलोड करने की तिथिः- 18.03.2025 सांय 5:00 बजे तक III निविदा खुलने की तिथिः-19.03.2025 अपरान्ह 3:30 बजे तक IV धरोहर धनराशिः- रु. 4,000.00 (रु. चार हजार मात्र) V समयावधि :-एक माह। VI निविदा प्रपत्र का मूल्यः- रू. 590.00 (जी.एस.टी. सहित)

**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण), 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र,(प्रथम तल) सेक्टर-5, गोमतीनगर (विस्तार), लखनऊ।**

**हेल्पलाईन नम्बर - 18001800440**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''**

**(पत्रांक 221 / दि. 03.03.2025)**

संक्षेप

## अधेड़ ने पत्नी को घर से निकाला

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के एक गांव में अधेड़ ने अपनी पत्नी की पिटाई कर सुहाग के जेवर छीनकर घर से निकाल देने पर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। गांव शंकरपुर मजरा फरीद पुर निवासी संदीप कौर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसका पति दलबीर सिंह लंबे समय से मारपीट कर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देता था जिसके चलते उसने सुहाग के गहने और कपड़े छीन कर धक्का देकर घर से निकाल दिया है पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## अभिभावकों ने अध्यापकों को किया सम्मानित

मोहम्मदी खीरी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा वर्ष 2025 / 26 में प्राथमिक विद्यालय सहिजना के 7 छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने पर अभिभावकों ने अध्यापको को सम्मानित किया है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक अरुण कुमार के अनुसार उनके विद्यालय के उदित शेखर, शालू, कौशिकी, बादल, कपिल, ओम शुक्ला और तनु के परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय से 28 बच्चों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। अभिभावकों ने गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन को लेकर उन्हें सम्मानित किया है।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति की बाइक गायब

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात कार की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया था। जिसके पुत्र ने अज्ञात कार चालक व बाइक लापता होने का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बेंहटा निवासी आकाश कुमार पुत्र कैलाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 27 फरवरी को उसके पिता बाइक से अलीगंज जा रहे थे। इसी दौरान अलीगंज रोड पर कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जब वह सूचना पर मौके पर पहुंचा तो उसके पिता बेहोशी की हालत में मिले और बाइक भी गायब थी। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## श्री मां शारदा श्रृंगार महोत्सव आज

जौनपुर। नगर शास्त्री नगर (परमानतपुर) स्थित माँ शारदा शक्तिपीठ, मैहर मंदिर में 32वाँ श्री माँ शारदा श्रृंगार महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के पहले दिन, सोमवार 3 मार्च को प्रातः समय में माता के श्रृंगार और मंगला आरती के पश्चात, राम दरबार में गौरी, गणेश पूजन और कलश स्थापना की गई। इसके बाद श्रीराम चरित मानस के अखंड पाठ का शुभारंभ हुआ। प्रसाद वितरण किया गया मंगलवार 4 मार्च को प्रातः काल में पुनः माता के श्रृंगार और पूजन के पश्चात अखंड पाठ की समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जो माता की इच्छा तक चलता रहेगा। इस महोत्सव में मंदिर को सजावट फूल-मालाओं और बिजली के झालरों से की गई है, जो सबकी भव्यता को और बढ़ाती है। शक्तिपीठ के प्रबंधन और ट्रस्टी रविकांत जायसवाल ने श्री माँ शारदा श्रृंगार महोत्सव के विशाल भंडारे में शामिल होने और प्रसाद ग्रहण करने के लिए सभी श्रद्धालुओं से अपील की है। इस महोत्सव में देवी-देवताओं की दिव्य जीवन्त झांकी और सनातन संस्कृति का प्रवाह करने के लिए पूर्वांचल के श्रेष्ठ कलाकारों द्वारा भजन गीत की प्रस्तुति भी की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के मन को आध्यात्मिक अमृत प्रदान करेगी।

# एक पखवाड़ा बंद रहने के बाद कॉरिडोर निर्माण शुरू



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) लगभग एक पखवाड़ा से बंद चल रहे पौराणिक शिव मंदिर कारिडोर के निर्माण ने फिर तेजी पकड़ी है। रविवार को ध्वस्त किए गए शौचालय और प्रशासनिक कक्ष के पास रिटेनिंग वाल और गोकर्ण तीर्थ के दक्षिण जेसीबी के द्वारा नीव खोदने का काम चलता हुआ दिखाई दिया। कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों का शिव मंदिर कारिडोर निर्माण में सबसे पहले रिटेनिंग और बाउंड्री वाल निर्माण का कार्य पूरा किया जाएगा।

> 27 दुकानों और बिंदु शाह के भवन सहित 11 भवनों की सूची मुख्यमंत्री को विधायक अमन गिरि के द्वारा सौंपी गई है। आदेश निर्गत होने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> विनोद कुमार गुप्ता
> उपजिलाधिकारी
> गोला गोकर्णनाथ

ध्वस्त किए गए शौचालय , प्रशासनिक कक्ष और पार्वती सत्संग भवन के पास जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 फरवरी को भूमि पूजन किया था, वहां कारिडोर का बरामदा बनना और गोकर्ण तीर्थ के पश्चिम यात्री प्रतीक्षालय बनाना प्रस्तावित है। कारिडोर निर्माण के समय पौराणिक शिव मंदिर पहुंचने का प्रमुख रास्ता ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से बनना प्रस्तावित है। जो बूढ़े बाबा मंदिर तक सीधा जाएगा, उसके बाद शिव मंदिर प्रवेश द्वार की तरफ मार्ग को कारिडोर से जोड़ा जाएगा। पूरा कारिडोर का ढांचा 108 कंक्रीट के पिलरों पर खड़ा किया जाएगा।कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों ने बताया की ड्राइंग मिलते ही कारिडोर के मुख्य द्वार और यात्री प्रतीक्षालय का कार्य जल्द शुरू किया जा सकता है।

## ध्वस्त की गई दुकान और भवन की सूची विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपी

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) ध्वस्तीकरण को लेकर अधिकारियों की मनमानी अभी भी पेच फंसा हुआ है। क्योंकि प्रशासनिक अधिकारियों ने कारिडोर निर्माण के समय मनमाने तरीके से ध्वस्तीकरण किया। जिसको लेकर कुछ भवन स्वामी उच्च न्यायालय की शरण में चले गए।

प्रशासनिक अधिकारियों को मनमाने तरीके से चल रहे ध्वस्तीकरण को रोकना पड़ा। जिसके कारण कारिडोर की जद में आ बिंदु शाह के भवन प्रशासनिक अधिकारी कई नोटिस और पक्ष सुनने के बाद भी ध्वस्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। जबकि लगभग ढाई दर्जन दुकान और एक दर्जन से अधिक आवासीय भवन प्रशासनिक अधिकारियों ने बगैर नोटिस जारी किए ही ध्वस्त करने का आरोप प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाया है। जिसको लेकर दुकान और भवन स्वामियों में उबाल है। हालांकि पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर के शिलान्यास में शामिल होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दुकानें और आवासीय भूमि आवंटित किए जाने वाले बयान के बाद ध्वस्त किए गए भवन और दुकानों के स्वामियों में आस जागी है। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी भी दुकानदारों और भवन स्वामियों को बसाने के लिए खाका तैयार कर रहे हैं।

## धूमधाम से शहर में निकली निशान यात्रा



गोला गोकर्णनाथ,खीरी ।( वीओएल ) श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा श्री खाटू श्याम जी महाराज की भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें तमाम भक्तों ने भाग लिया। सोमवार को निकाली गई निशान यात्रा की शुरूआत नीलकंठ मैदान से की गई। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत ने बाबा खाटू श्याम जी का पूजन अर्चन कर यात्रा शुरू कराई। बाबा के सभी भक्त अपने हाथों में बाबा के निशान लिए हुए नाचते गाते यात्रा में शामिल हुए ।यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई मोहम्मदी रोड स्थित ग्राम कंजा कंजा बरम बाबा हनुमान मंदिर परिसर में खाटू श्याम मन्दिर पर सम्पन्न हुई। बाबा के भक्तों ने अपने अपने निशान बाबा को अर्पण कर सुख समृद्धि की कामना की ।यात्रा के बाद समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया ।यात्रा में समिति के सभी सेवादार उपस्थित रहे ।समिति ने प्रशासन के सहयोग का आभार जताया ।यात्रा में पुलिस के वालेंटियर का अतुलनीय सहयोग मिला ।समिति ने वालेंटियर के प्रमुख विवेक की प्रशंसा की।

## जेब कतरे ने बुजुर्ग व्यक्ति की काटी जेब

पुवायां शाहजहांपुर/ सोमवार की दोपहर समय अज्ञात जेब कतरे ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की जेब काटी और 15 हजार रुपए किए गायब हो गया अज्ञात व्यक्ति ने पुवायां के राजीव चौक तक लिफ्ट मांगी थी और 15 हजार रु. की नकदी को उड़ा लिया ।पीड़ित व्यक्ति तेजराम संग्रह अमीन है जो पुवायां के बड़ागांव के निवासी है ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। बुजुर्ग ने बताया कि वह पुवायां के खुटार रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीम पर वह अपनी स्कूटी से गए। जहां तेजराम ने अपने खाते से 15 हजार रुपए नकदी निकाले और वहां से चल दिए तभी रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति ने पुवायां के राजीव चौक तक लिफ्ट मांगी बुजुर्ग व्यक्ति ने उस अज्ञात व्यक्ति को अपनी स्कूटी पर बैठा लिया। वह अज्ञात व्यक्ति दलजीत पेट्रोल पंप के पास उतर गया और तेजराम भी चले आए। तभी पुवायां शाहजहांपुर रोड स्थित प्रेम हार्डवेयर की दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए जेब में हाथ डाला तो उन्हें अपनी जेब कटी मिली और 15 हजार रुपए भी गायब मिले तब उन्हें इस बात का पता चला कि उसी अज्ञात व्यक्ति जेब कतरे ने उनकी जेब काटली है इस बात की जानकारी थाना प्रभारी हरिपाल सिंह बालियान को मिली तो उन्होंने पुलिस कर्मियों को घटना स्थल पर जांच करने के लिए भेजा। पुलिस भी सी सी टीवी फुटेज की देखने में जुटी है ।

## खीरी जनपद के पालिका अध्यक्षों ने मांगों को लेकर की बैठक

लखीमपुर खीरी। स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उत्तर प्रदेश की बैठक लखीमपुर शहर के एक होटल में आयोजित की गई। स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होटल आशीर्वाद में संपन्न हुआ ।इस बैठक में जनपद खीरी के विभिन्न नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने भाग लिया ।इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू, मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, पलिया नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, धौरहरा नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस खान, खीरी नगर पंचायत अध्यक्ष फहीम सहित अन्य कई महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नगर पालिका अध्यक्षों की कार्यक्षमता और उनके अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा जी से मिलकर 15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित बोर्ड फंड में अब से जिला प्रशासन का हस्तक्षेप बंद किया जाए। यह निर्णय इस उद्देश्य से लिया गया कि नगर पालिका परिषद अपने फंड का सही तरीके से उपयोग कर सके और बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कर सके। नगर पालिका अध्यक्षों की पावर और अधिकारों की समीक्षा बैठक में स्थानीय निकायों के अधिकारों को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई। विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्षों के अधिकारों और उनकी कार्यक्षमता में सुधार पर जोर दिया गया, ताकि वे अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को प्रभावी रूप से चला सकें।15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित बोर्ड फंड में जिला प्रशासन का हस्तक्षेप बंद करना इस मुद्दे पर परिषद ने विशेष ध्यान दिया और सभी सदस्यों ने एक स्वर से सहमति व्यक्त की कि 15वें वित्त आयोग द्वारा मिलने वाले बोर्ड फंड में जिला प्रशासन का हस्तक्षेप अब बंद किया जाए। इसका उद्देश्य यह है कि नगर पालिका अध्यक्ष अपने क्षेत्र के विकास के लिए स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और उनके द्वारा तय किए गए कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो।

## बारात में दूल्हे के भाई की मौत पर परिजनों में मचा कोहराम

लालगंज मीरजापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के बहुती गांव में बीती रात गाजे बाजे के साथ आई बारात में दूल्हे के भाई की आकस्मिक मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया हालांकि घरातियों एवं बारातियों के सूझ-बूझ से वर-कन्या की शादी संपन्न हुई। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत बहुती गांव निवासी अम्बर मौर्य के यहां हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा गांव के ऊंटी गांव निवासी विजय मौर्य अपने लड़के की शादी सम्पन्न कराने के लिए रविवार की शाम गांजे बाजे के साथ बारात लेकर आये। गीत गानें के बीच शादी की रश्मि पूरी हो रही थी कि देर रात दूल्हे के छोटे भाई कृष्णा उम्र 19वर्ष के पेट में अचानक दर्द हो गया। परिजनों ने कृष्णा को लेकर उपचार के लिए मण्डलीय अस्पताल लेकर गए। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने कृष्णा को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम बच गया इस दौरान घरातियों बारातियों की सूझबूझ से दूल्हे दुल्हन की शादी उदासी के बीच संपन्न कराई गई।

## 118 दोपहिया वाहनों का चालान 60 राजकीय कर्मचारी भी शामिल



शाहजहांपुर/जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और परिवहन विभाग का सख्त रुख देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार, जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक के पर्यवेक्षण में विकास भवन के सामने बड़ा चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान 118 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया, जिसमें सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 60 राजकीय कर्मचारी भी शामिल हैं जिनका चालान काटा गया है सीओ ट्रैफिक संजय सिंह ने लोगों से अपील की कि सड़क पर अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट पहनना सुनिश्चित करें। चेकिंग अभियान के दौरान पीटीओ आरिफ खान और प्रभारी यातायात विनय कुमार पांडेय के नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया।

## सीएचसी में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस




गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) सीएचसी में राष्ट्रीय बधिरता बचाव और रोकथाम (एनपीपीसीडी) कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया।

तीन मार्च को विश्व श्रवण दिवस पर सीएचसी पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार, डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ यामिनी बादल, डॉ सुशील कुमार, डॉ आकांक्षा वर्मा, डॉ देवराज वर्मा द्वारा दर्जनों मरीजों को कान में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव के बारे में बताया गया। अपने कान को कैसे बचा के रखना है इसके बारे में बताया गया। जैसे कान में पानी न जाने दे, किसी प्रकार का तरल पदार्थ कान में ना डालें, कान में कभी भी नुकीली वस्तु को ना डालें , कान को तेज आवाज से बचाए, गंदे पानी में तैरने से बचें , एयर फोन का प्रयोग ना करें, अगर कान से मवाद आ रहा है कान में दर्द हो रहा है या कान में चोट लगी हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाएं और प्रशिक्षित चिकित्सक की सलाह से अपना इलाज करायें। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के एनपीएनसीडी प्रोग्राम के माध्यम से राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कान की समस्याओं से ग्रस्त मरीजों का निशुल्क इलाज स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है। शिविर का संचालन एनसीडी काउंसलर मंजीत सिंह एनसीडी स्टाफ नर्स जावित्री देवी ने किया।

## होम्योपैथिक चिकित्सकों को मिला आरोग्य सेवा सम्मान




गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) आरोग्य रिसर्च फाउंडेशन और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियंस लखनऊ एससीआर के संयुक्त तत्वावधान में डॉ ओपी श्रीवास्तव ने होम्योपैथिक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र पर एक दिवसीय संगोष्ठी कर होम्योपैथी के क्षेत्र में मेधावियों को सम्मानित किया।

शहर के होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी रहे गोल्ड मेडलिस्ट डॉ ओपी श्रीवास्तव द्वारा लखनऊ में सम्मान समारोह किया गया। जिसमें देश भर के होम्योपैथिक महाविद्यालयों के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों एवं प्रदेश के प्रांतीय होम्योपैथिक चिकित्सा के सर्वाधिक रोगियो की सेवा करने वाले 3 होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरज बोरा, अध्यक्ष आईआईएचपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ अरविंद वर्मा, निदेशक होम्योपैथी और हरीश श्रीवास्तव प्रवक्ता भाजपा उपस्थित रहे। आईआईएचपी लखनऊ के अध्यक्ष एवं समारोह के सूत्रधार डॉ ओपी श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत करते हुए होम्योपैथी को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने एवं आईआईएचपी के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, प्रतिमा पुष्पांजलि एवं अतिथियों के माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ पंकज श्रीवास्तव और डॉ रचना श्रीवास्तव ने किया।

वैज्ञानिक संगोष्ठी की शुरूआत हैनीमैन कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, लंदन के प्राचार्य डॉ शशि मोहन शर्मा द्वारा की गई, उन्होंने होम्योपैथी उपचार से संबंधित अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। आईआईएचपी लखनऊ के सलाहकार डॉ पीसी श्रीवास्तव, संरक्षक डॉ मधु रंजन, उपाध्यक्ष डॉ बृजेश गुप्ता, संयुक्त सचिव डॉ एसपी मौर्य, डॉ अविनाश चंद्र, डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ आदर्श सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य डॉ स्वर्णलता श्रीवास्तव, डॉ सुनील कुमार,डॉ यूआर मौर्य, डॉ अर्चना श्रीवास्तव, डॉ रचना श्रीवास्तव एवं डॉ सुगंधा श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं मेधावियों को शुभकामनाएं दीं।

## ग्राम प्रधान के नेतृत्व में तहसील प्रशासन मुरादाबाद के लगाये नारे



लखीमपुर खीरी। तहसील लखीमपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत घड़ी मिदानियां नवीन परती एवं कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने के खिलाफ ग्राम प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील लखीमपुर पहुंचकर लगाएं एसडीम लखीमपुर एवं तहसील प्रशासन मुदार्बाद के नारे।

ग्राम प्रधान अनु जायसवाल ने बताया कि वह लखीमपुर तहसील की ग्राम पंचायत मिदानियां से ग्राम प्रधान है। ग्राम पंचायत में नवीन परती एवं कब्रिस्तान की जमीन पर एक मार्बल व्यापारी द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया। कई बार तहसील प्रशासन एवं एसडीएम से कब्जा मुक्त किए जाने की मांग की गई। एसडीएम एवं लेखपाल की मिली भगत से कब्रिस्तान की जमीन पर मार्बल व्यापारी को कब्जा कर दिया गया। उनके निर्माण को गिरा दिया गया। पैसा लेकर कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा कराया गया है। सारे आदेश उनके पक्ष में हुए हैं। बावजूद उसके एसडीएम एवं लेखपाल अपनी मनमानी कर रहे हैं। कई बार शिकायती पत्र दिए कोई सुनवाई नहीं हुई। लेखपाल ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर मार्बल व्यापारी को कब्जा कर दिया। दर्जनों ग्रामीणों के साथ एसडीएम एवं लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

## दुधवा में मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश



पलियाकलां-खीरी। उत्तर खीरी वन प्रभाग / दुधवा टाइगर रिजर्व बफर जोन खीरी की पलिया रेंज के अंतर्गत पलिया बीट के ग्रामीण क्षेत्र ग्राम फुलवरिया ग्राम मुजहा में बाधिन द्वारा दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर देने की उपरांत ग्रामीणों द्वारा बाधिन को भी घेर कर घायल कर दिया गया था।

उक्त बाधिन अभिरक्षा में लेने के उपरांत चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान मृत मिली। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी की मैलानी रेंज क्षेत्र के अंतर्गत बीट संख्या 37 कक्ष संख्या 6 मैलानी पीडब्लूडी मार्ग पर प्रातः लगभग 11 बजे एक वाहन द्वारा 01 नर बाघ को टक्कर मार दी गई। उक्त बाघ बीट संख्या 39 कक्ष संख्या-01 में मृत अवस्था में मिला। उपरोक्त दोनों प्रकरणों की समीक्षा, मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम, विभिन्न मीडिया माध्यम यथा प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया के प्रबंधन पर विचार विमर्श कर अग्रिम रणनीति संबंधी दिशा निर्देश देने के प्रयोजन से 01 मार्च 2025 को प्रातः दुधवा पर्यटन परिसर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी एवं दुधवा टाइगर रिजर्व बफर जोन लखीमपुर खीरी के समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी, उप प्रभागीय वन अधिकारी एवं वन्य जीव प्रतिपालकों के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में उत्तर प्रदेश वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं को रोके जाने की संबंध में विचार विमर्श के उपरांत दिशा निर्देश दिए गए। उपरोक्त समीक्षा क्रम में ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दक्षिण सुनारीपुर रेंज के अंतर्गत मानव वन्य जीव संघर्ष जैसी घटनाओं की रोकथाम की दृष्टि से गुलरा क्षेत्र में पूर्व में लगाई गई चेन लिंक फेंसिंग एवं वर्तमान में लगाई जा रही चेन लिंक फेंसिंग के कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली गई तथा इस कार्य को समयांतर्गत पूर्ण कराए जाने के दिशा निर्देश दिए।

## सीएचसी पलिया में शिविर का आयोजन




पलियाकलां-खीरी। विश्व श्रवण दिवस 3-मार्च दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में अधीक्षक डा० भरत सिंह की अध्यक्षता में विश्व श्रवण दिवस पर एक गोष्ठी व शिविर का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन काउंसलर अंकित दीक्षित ने किया। गोष्ठी में कान की बीमारियों और उसके बचाव के वारे में गंभीरता से बताया गया। गोष्ठी में चिकित्सा अधिकारी सुभाष राणा, डॉक्टर अजीत सिंह , टी रहमान ,परशुराम सिंह ,अंकित दीक्षित ,अमन कुमार मुकेश, अभिषेक शुक्ला आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

श्रवण शक्ति एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हमारा दुनिया से संपर्क होता है। इसका बचाव करना चाहिए अगर कान बहता है कान में पानी न जाने दे किसी प्रकार का तरल पदार्थ ना डालें। यदि मवाद निकलता है तो नरम में साफ कपड़े से साफ करें यदि कान बहने में मवाद में खून आता है बदबू भी आती है तो गंभीर रोग है इसे तुरंत चिकित्सा अधिकारी को दिखाएं। कान के बचाव के लिए गंदे पानी से नहाने से बचें अस्वच्छ वातावरण में ना रहे चिकित्सा अधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत करायें? वही समस्या का हल कर सकेगे।

## छुट्टा जानवरों से किसान आजिज , दिया ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर छुट्टा जानवरों से निजात और बिजली सप्लाई में सुधार कराए जाने की मांग की है ।सोमवार को भाकियू के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के दिशा निर्देशों पर तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा की अगुआई में तमाम किसान तहसील पहुंचे जहां एसडीएम विनोद गुप्ता की गैर मौजूदगी उनके कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि दिन-रात की रखवाली के बावजूद छुट्टा पशु फसलों को चर रहे हैं। इससे उन्हें फसल को लेकर काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए इन छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला में छोड़ा जाए। तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने कहा कि छुट्टा पशुओं के चलते अब किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम बहेरा में विद्युत बिजली की सप्लाई गोला -मोहम्मदी फीडर से संचालित है जिससे आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती है ।मांग की गई है कि बहेरा की बिजली सप्लाई गोला फीडर से जोड़ी जाए। जिससे आये दिन हो रही बिजली समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर किसान अनिल वर्मा, राजेश शुक्ला देवेश कुमार, बृज बिहारी, एहैतशाम मौजूद रहे।

## समाजसेवी ने देश के महान सपूत का किया सम्मान

मोहम्मदी खीरी। नगर में महाराणा प्रताप स्मारक शुक्लापुर मोहमदी में, समाजसेवी ने देश के महान सपूत जिनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम, और दृढ़ प्रण के लिए अमर है, ऐसे महान सपूत को महाकुंभ प्रयागराज से लाये गए पवित्र जल से जलाभिषेक करके माल्यार्पण किया गया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक रामबाबू सैनी, प्रशांत मिश्रा, बबलू मिश्रा, जिला संयोजक लोक भारती अतुल रस्तोगी, सिंगर दीपक सिंह, पूर्व वार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रद्युम्न मिश्रा एड0, वॉर एसोसिएशन अध्यक्ष कुलदीप सिंह एड0, महामंत्री अमित मिश्रा एड0, विजय पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग

आजमगढ़। सरायमीर कस्बा के थाना मोड़ से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क जर्जर की हालत काफी खस्ताहाल है। जिससे आने जाने वाले राहगीरो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर क्षेत्र वासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय कस्बा के थाना मोड़ से रेलवे स्टेशन की सड़क की लंबाई लगभग चार सौ मीटर है। सड़क की मरम्मत न होने से पूरी तरह सड़क जर्जर हो गई। सड़क गिट्टियां उखड़ कर गायब हो गई है। सड़क पर जगह जगह गड्ढा गया है। सड़क पर आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है। इतना नही बरसात के मौसम में ज्यादा लोगों की बढ़ जाती है। सड़क के अगल बगल के दुकानदार व राहमीरों को काफी मुसीबत झेलने को विवश होते है। इस सम्पर्क पर रेलवे स्टेशन, बैंक व अस्पताल आदि स्थित है। देर रात तक लोगों को आना जाना होता है। स्थानीय लोगों ने जर्जर सड़क की मरम्मत कराने के लिए उच्चाधिकारियों से मांग किया है।

## बच्चों को शिक्षकों ने सम्मानित कर बढ़ाया मनोबल

आजमगढ़। ठेकमा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय भवतर में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विद्यालय के छह बच्चों द्वारा सफलता हासिल करने पर शिक्षकों ने पेन, कापी देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक दुर्गा पांडेय ने कहा कि सफल छात्र छात्राओं को कक्षा नौ से 12 तक प्रति माह एक हजार या प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए पढ़ाई के लिए मिलेंगे। बच्चों की सफलता में शिक्षकों के साथ अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा है। सफलता हासिल करने वालों में धीरज सरोज, खुशी भारती, शालिनी, सहवाग कुमार, अंकुश यादव है। सम्मान समारोह में शैलेश उपाध्याय एआरपी, उपेंद्र यादव, दीपक शर्मा, सतीश कश्यप, नीता मौर्या, रवि कुमार, शिवानी उपाध्याय आदि शिक्षक शामिल रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटी तीन लोग घायल

हलिया, मीरजापुर। सोमवार को शाम स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित गुलाब चौराहे से कुछ दूर पर एक ट्रैक्टर ट्राली पर सरिया लेकर जा रहे थे अनियंत्रित होकर ट्राली पलट गया ट्रैक्टर पर बैठे तीन श्रमिक गिरकर घायल हो गए ग्रामीणों की सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। हलिया थाना क्षेत्र के बड़ौही गांव निवासी श्रमिक अर्जुन 50 सुरजू 45 तथा नरेश 40 भटवारी गांव से एक ट्रैक्टर ट्राली पर सरिया लाद कर रतेह चौराहा गिराने जा रहे थे जैसे ही हथेड़ा चौराहा पर पहुंचे कि अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया जिसमें ट्रैक्टर पर बैठे तीन सवार गिरकर सरिया से दब गए ग्रामीणों तथा पुलिस के सहयोग से बाहर निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद अर्जुन तथा सूरजू की हालत ठीक न होने पर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। वहीं चालक बाल बाल बच गया।

## तीन दिवसीय सालाना गुरूमत समागम 21 से

आजमगढ़। श्री गुरूनानक देव, गुरू तेग बहादुर साहिब, बाबा श्री चन्द्र की तपोस्थली ऐतिहासिक गुरूद्वारा चरण पादुका साहिब निजामाबाद में 21 मार्च से तीन दिवसीय सालाना गुरूमत समागम होना सुनिश्चित है। उक्त आशय की संयुक्त जानकारी देते हुए बाबा सतनाम सिंह व जगदीश सिंह ने देते हुए आगे बताया कि यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। बताया कि 21 मार्च की सुबह आठ बजे से श्री अखंड पाठ साहिब कार्यक्रम से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद 22 मार्च को दोपहर डेढ बजे से नगर कीर्तन तथा शस्त्र कला प्रदर्शन होगा। इसी दिन संत सिपाही रनजीत अखाड़ा गतका, गुरूद्वारा दुःख निवारण साहिब, गुरू का ताल, आगरा द्वारा गुरूद्वारा चरण पादुका साहिब से प्रारंभ होकर गुरूनानक घाट व नगर भ्रमाण करता हुआ गुरूद्वारा चरण पादुका साहिब में समाप्ति होगी। इसके बाद रात्रि 9 बजे से रैन सभाई एवं कीर्तन का आयोजन किया। अंतिम दिन 23 मार्च की सुबह 8 बजे से 9 बजे तक सम्पूर्णता श्री अखंड पाठ साहिब जी सम्पन्न होगा वहीं दूसरी तरफ सुबह 9 बजे से 3 बजे दोपहर तक कीर्तन दरबार, कथा व प्रवचन कार्य सम्पन्न होगा। साथ ही गुरू का लंगर अटूट बरतेगा। सतनाम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी को जिम्मेदारियां दे दी गई है।

# मण्डलायुक्त ने किया सलखन फासिल्स पार्क का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। आयुक्त विंध्याचल मण्डल मीरजापुर बाल कृष्ण त्रिपाठी द्वारा सोमवार को फासिल्स पार्क सलखन का औचक निरीक्षण किया गया। अमूल्य धरोहर के रूप में फासिल्स पार्क को संरक्षित करने, पर्यटन के दृष्टि से पर्यटको के लिए बेहतर ढंग से विकसित करके पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। फासिल्स पार्क को विकसित करने के लिए बेहतर तरीके से कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया।

जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने बताया की फासिल्स पार्क के सौन्दर्यीकरण हेतु पर्यटन विभाग द्वारा दो करोड़ की धनराशि की मांग की गयी है। जिसके माध्यम से पर्यटकों के बैठने हेतु दो ग्लोवर, नेचर ट्रेलर, प्रकृति चित्रण केन्द्र, सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक प्रबन्ध, गेट का निर्माण आदि कार्य कराये जाने की कार्ययोजना तैयार की गयी है। फासिल्स पार्क के प्रचार-प्रसार करने हेतु छोटे-छोटे वीडियो क्लीप बनाकर उसे प्रकृति चित्रण केन्द्र में चलाये जायेगा, जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में लोग फासिल्स पार्क के ईतिहास को जान सकेगें और उसे देखने हेतु जनपद में आयेगें। इस मौके पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे) रोहित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अब फ्लोराइड प्रभावित सभी गांवो में टैंकर से होगी शुद्ध पेयजल आपूर्ति



- फ्लोराइड प्रभावित गांव मनबसा पहुंचे मंडलायुक्त व डीएम
- हर घर जल नल योजना के तहत बिना जांचे परखे रिहांद जलाशय का पानी नही की जाएगी आपूर्ति

दुद्धी। स्थानीय ब्लॉक के फ्लोराइड प्रभावित गांव मनबसा में सोमवार को मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी और जिलाधिकारी बीएन सिंह ने जीवन शाला विद्यालय परिसर में जन चौपाल लगाकर समस्या सुनी और फ्लोराइड की अधिकता वाले जल स्त्रोतों से पानी पीने से मना करते हुए फ्लोराइड प्रभावित सभी गांवों में टैंकर से पानी आपूर्ति का आदेश दिया।

बातचीत में जिलाधिकारी ने कहा है कि टैंकर का पानी शुद्ध पेय जल का स्थाई हल नहीं है। इसके लिए जल जीवन मिशन बेहतर विकल्प होगा।लेकिन रिंहद में अगर मरकरी है तो बिना जांचे परखे पानी की आपूर्ति नहीं होगी। कहा कि शुद्ध पानी देना शासन की जिम्मेदारी है।फ्लोराइड से होने वाली बीमारी और उत्पन्न समस्या का भी उन्होंने जिक्र किया।इसके पूर्व ग्रामीणों की समस्या सुनी और कोटेदार को राशन वितरण में शिकायत को समझा कर हल किया।सेकेट्री को विकास कार्यों को लेकर फटकार लगाई ,तहसीलदार से भी सवाल पूछा ,मंडलायुक्त ने वहां लगे आरओ प्लांट का निरीक्षण किया और पानी आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों से बात की। उन्होंने 20 वर्षों से खराब पड़े सड़क के निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया। मौके पर सीडीओ जागृति अवस्थी,डीपीआरओ नमिता शरण, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी,राजेश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी अश्वनी कुमार, तहसीलदार दुद्धी मृत्युंजय कुमार, विशाल चौरसिया, एडीओ पंचायत म्योरपुर अजय कुमार सिंह प्रधान मंजू देवी, दिवाकर शर्मा,हृदय नारायण, सुरेंद्र कुमार,आदि रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के सिपाह पुलिस चौकी के पास ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। बताया गया है कि सिकरारा थाना क्षेत्र के हाशिमपुर ग्राम निवासी प्रदीप मिश्रा का 23 वर्षीय पुत्र सत्यम मिश्रा सोमवार सुबह अपाची बाइक से कोतवाली थाना क्षेत्र के सिपाह चौकी से 100 मीटर आगे जा रहा था कि ट्रक की चपेट में आगया जहां उसकी मौके पर मौत हो गई, ।सत्यम मिश्रा इयटर का पेपर देने के लिए गाजीपुर अपने परीक्षा केन्द्र पी.आर.पी इंटर कॉलेज भीखमपुर में उसका 12वीं का बोर्ड का सेंटर गया था। जिसकी आज बायोलॉजी की परीक्षा निरस्त हो गई और वह अपने घर को लौट रहा था कि जैसे ही वह सिपाह रेलवे क्रॉसिंग से 100 मीटर आगे गया सामने आराही ट्रक की चपेट में आगया ट्रक का पिछला चक्का उसके ऊपर चढ़ गया जहां उसकी मौके पर मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया सिपाह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## दिव्यांगजनों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

आजमगढ़। विकास खण्ड ठेकमा, आजमगढ़ के प्रांगण में पूर्व से चिन्हित कुल 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राई साइकिल का वितरण विशिष्ठ अतिथि भूपेन्द्र सिंह मुन्ना पूर्व ब्लाक प्रमुख ठेकमा के कर कमलों द्वारा किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख भूपेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि जो भी दिव्यांगजन विभाग द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत पात्र है, उनके आवेदन पत्रों को पूर्ण कराकर लाभान्वित किया जायेगा। दिव्यांगजनों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं पीएम के योगदान से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी दिव्यांगजन कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणो एवं अन्य चलाई जा रही योजनाओं से वंचित न रहें। दिव्यांगजन सशक्तीकरण आधिकारी शशांक सिंह द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी, तथा उनके द्वारा बताया गया कि पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का संचालन किया जाता है। इस योजना के आवेदन, पंजीकरण हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर विकसित किया गया है। ऐसे पात्र दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम अंगों/सहायक उपकरणों की आवश्यकता है, वे पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें, जिससे कि उन्हे नियमानुसार लाभान्वित किया जा सके। वितरण कैम्प में खण्ड विकास अधिकारी ठेकमा शशिकान्त पाण्डेय, विरेन्द्र कुमार यादव, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कार्यालय सहायक सुरेन्द्र लाल गौतम, अभिषेक कुमार, जितेन्द्र प्रजापति, बचपन डे-केयर सेन्टर आजमगढ़ के ब्रजभूषण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## 25 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

जौनपुर। नेवढ़िया थाने की पुलिस ने 25 हजार के दो इनामी को किया गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नेवढ़िया बताया कि थाने स्थानीय पर पंजीकृत धारा 363,366/120बी भादवि व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्तगण मुस्लिम मण्डल पुत्र नाम कबीरूद्दीन उर्फ तमींरूद्दीन उर्फ बोगला मण्डल व . मीना बीबी पत्नी मुस्लिम मण्डल निवासी गण काटाकोल, जी०पी० मोहना थाना कुमारगंज जिला दक्षिणी दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था, इनके लिए गठित टीम द्वारा दोनों को मुखबिर की सूचना पर जलालपुर हाईवे चैराहे से 200 मीटर आगे जौनपुर की तरफ जाने वाली हाईवे पर गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

# टीबी मरीजों को बांटी आहार किट



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी द्वारा प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत पौष्टिक आहार किट गोद लिए टी.बी. मरीजों को वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला टी.बी. समन्वयक सलिल कुमार यादव ने कहा कि संस्था लंबे समय से निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत है । टी.बी. मरीजों को इलाज के दौरान किसी भी दिन दवाई का गैप नहीं होना चाहिए। ऐसा न हो कि दवा भूल गए ,कल दवा भूल गए बीच में छोड़- छोड़ कर दवा खाएंगे तो यह रोग और गंभीर हो जाएगा दवा नहीं छोड़ना है यदि दवा करने के दौरान किसी भी तरह की तकलीफ महसूस हो रही है या दवा रिएक्शन कर रहा है तो तुरंत आकर अपने डॉक्टर साहब से मिलना पड़ेगा । इसका दो महीने पर पहली जांच होती है एक हम लोग फॉलोअप करके देखते हैं की दवा फायदा कर रही है कि नहीं ।और अगले दो साल तक जब तक इलाज खत्म नहीं हो जाता तो उसके बाद भी हम लोग जांच करते हैं और यह पता लगते हैं कि आप कंप्लीट ठीक हो गए कि नहीं । 6 महीने तक और फॉलो अप किया जाता है ताकि आने वाले समय में फिर से टी.बी.जैसी बीमारी आपको न हो आपको मेटा सुपरविजन में रहना है ।और पोषण को अच्छा रखना है क्योंकि अच्छे पोषण सामग्री सेवन से टी.बी. मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा टीवी मरीजों का सबसे अच्छा फॉलो अप किया जा रहा है जो अत्यंत सराहनीय संचालन प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति ने किया। प्रधान अध्यापक सुभाष सरोज ठाकुर प्रसाद राय सागर श्रीवास्तव अमन श्रीवास्तव धर्मेंद्र श्रीवास्तव अनिल कुमार गुप्ता नवीन सिंह डॉक्टर सुशील अग्रहरी जय देवी पांडेय सावित्री गौतम दीपा रमाशंकर चिंता देवी आशीष श्रीवास्तव गिरीश चंद्र मोनू अखिलेश इत्यादि लोग उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल कॉलेज में चल रही दवाओं में कमीशनखोरी

जौनपुर। उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज में खुलेआम दवाओं में कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। अस्पताल में 70 फीसदी दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद डॉक्टर धड़ल्ले से बाहर की महंगी दवाएं लिख रहे हैं। इससे गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

मरीजों को अस्पताल के स्टॉक से दवा देने के बजाय एक खास कंपनी की महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। स्थानीय मेडिकल स्टोरों से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ डॉक्टर खास दुकानों से दवाएं लिखते हैं और बदले में कमीशन वसूलते हैं। मरीज अगर गलती से किसी दूसरी कंपनी की दवा खरीदकर लाता है तो डॉक्टर उसे अनुपयोगी बताकर वापस करवा देते हैं और दोबारा महंगी दवा खरीदने पर मजबूर करते हैं। मुबारकपुर निवासी शिवप्रसाद मौर्य ने बताया कि ऑर्थोपेडिक विभाग के डॉक्टर ने उन्हें कुछ दवाएं अस्पताल से दीं लेकिन चार महंगी दवाएं बाहर से खरीदने को कहा। गरीबों की जेब पर सीधे डाका डाला जा रहा। शकरमंडी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि डॉक्टर ने सरकारी पर्ची पर दवाएं लिखीं लेकिन साथ में एक अलग से पर्ची भी थमा दी। अस्पताल से दवा मांगी गई, तो बताया गया कि यह दवाएं बाहर से ही मिलेंगी। मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने आने वाले मरीजों की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर होती है।

अस्पताल में मात्र एक रुपये में परामर्श उपलब्ध है लेकिन डॉक्टरों की मिलीभगत से मरीजों को 500 से 1000 रुपये तक की दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। सामान्य बीमारियों जैसे एलर्जी, पेट दर्द व हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं में भी बाहर की महंगी दवाएं लिखी जा रही हैं।, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. रुचिरा शेट्टी के अनुसार बाहर की दवा लिखने की सख्त मनाही है। जो दवा और साल्ट अस्पताल में उपलब्ध हैं वहीं दवाएं पर्ची पर लिखी जा रही हैं। कोई डॉक्टर बाहर की दवा लिख रहे हैं तो इसकी जांच कराएंगे। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सार्वजनिक रास्ते पर दबंग का कब्जा

मीरजापुर। एक जहां उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तालाब भीटा सहित सार्वजनिक भूमि को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराने की कवायद में जुटी हुई है वही दूसरी ओर एक सभासद ऐसे भी हैं जिन्हें मोहल्ले के सार्वजनिक आम रास्ते को दबंगों से कब्जा मुक्त कराने के लिए न केवल अधिकारियों के चौखट पर दौड़ लगानी पड़ रही है बल्कि उन्हें धमकियां भी मिल रही है। बावजूद इसके अभी तक इस मामले में न तो स्थानीय प्रशासन की सक्रियता दिखाई दे रही है ना ही नगर पालिका परिषद की जिसका परिणाम यह है कि सभासद सहित मुहल्ले के लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए दबंगों के कब्जे से आम रास्ते, तालाब को मुक्त कराते हुए आवागमन सुचारू रूप से चालूं करायें जाने की मांग की है। मिर्जापुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नम्बर 09 शिवाला महंत में आराजी नंबर 470 में पुराना तालाब एवं आम रास्ता है जो मुसहर बस्ती से होते हुए बिंद बस्ती सबरी नैपुरवा मुख्य मार्ग को जाता है। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक यह रास्ता सैकड़ों साल पुराना है जिस पर कुछ दबंग और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों ने अवैध तरीके से तार व खंभा खड़ा कर अवैध कब्जा कर लिया है जो आगे भी जारी है। मुहल्ले के सभासद रतन कुमार बिंद बताते हैं कि कब्जा करने वाले लोग दबंग और गोलबंद हैं जिनमें से कुछ मिर्जापुर सदर तहसील में आउटसाइडर तथा लेखपाल के सहायक के रुप में कार्य करते हैं। ऐसी आशंका जताई गई है कि यह लोग अवैध तरीके से सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करते हुए फाइलों से मोहल्ले के कागजातों में हेराफेरी करते हुए कुछ भी कर करा सकते हैं। गौरतलब हो कि पूर्व में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक आदेश में साफ निर्देश दिया था कि किसी भी सरकारी खासकर तहसील, ब्लाकों में कोई भी बाहरी व्यक्ति न दिखाई देने चाहिए, लेकिन इसका साफ उलंघन होता दिखाई दे रहा है। सभासद रतन कुमार बिंद ने जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में बताया है कि दबंगों द्वारा आम रास्ता कब्जा कर लिए जाने से नगर पालिका अन्तर्गत मोहल्ले में होने वाले रास्ता, नाली सीवर का काम नहीं हो पा रहा है। सभासद के मुताबिक कब्जा करने वाले लोगों के आतंक से कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है। जिनके खिलाफ तमाम शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिससे इनके हौसले बुलंद बनें हुए हैं। सभासद ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए दबंगों के कब्जे से आम रास्ता, तालाब को मुक्त कराने की मांग की है, ताकि मार्ग निर्माण कार्य के साथ तालाब के सुंदरीकरण इत्यादि का कार्य नगर पालिका के नियमानुसार हो सकें।

## नहर में डूबने से बालक की हुई मौत

मीरजापुर। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के देवरी उत्तर ग्राम सभा के सामने खैरहिया स्थित बाणसागर नहर में शौच के लिए गए किशोर की पानी में डूबने से सोमवार को मौत हो गई।

जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचकर किशोर को ढूंढने में लगे गुलालपुर फाटक के पास किशोर को पानी में से निकाल कर अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सक ने किशोर को देखते ही मृत घोषित कर दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत देवरी ग्राम सभा के खैरहिया स्थित बाणसागर नहर में डूबने से दिलीप सरोज का 6 वर्षीय पुत्र विकास की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो उठा है। बताया गया कि विकास अपने साथियों के साथ घर से 50 मीटर दूर स्थित बाणसागर नहर में शौच के लिए गया था। जहां पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया किशोर बहते देख मौके पर मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना परिजनों को दिया।

परिजन मौके पर पहुंचकर किशोर को ढूंढते हुए एक किलोमीटर दूर पहुंचे तो गुलालपुर फाटक के पास किशोर के मिलने पर किशोर को पानी से निकालकर ग्राम प्रधान सुनील मौर्या अपने बाइक से लेकर आनन-फानन उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर गए। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने किशोर को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुराहाल हो गया है। वहीं ग्राम प्रधान सुनील मौर्या के साथ ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि बाणसागर नहर में जहां-जहां बस्ती है वहां पर रेलिंग लगवाई जाए जिससे आए दिन दुर्घटना ना घटे। मृतक दो भाई थे जिसमें विकास बड़ा था।

# संस्था के विकास के लिए होना चाहिए समर्पण



जौनपुर। जेसीआई क्लासिक के तत्वाधान में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ । प्रदीप सेठ ने नौवें अध्यक्ष के रूप में शपथ लिया।

शपथ निवर्तमान अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने दिलाया। मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अधिशासी उपाध्यक्ष रवि प्रकाश ने नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप सेठ ने कहा संस्था आज के विकसित समाज का आईना है क्योंकि इस संस्था में सभी महिला एवं पुरुषों का एक समान सम्मान एवं कार्यशैली है । विशिष्ट अतिथि अभिनव चौरसिया ने कहा जिस प्रकार से मूर्तिकार पत्थरों को तराश कर मूर्ति बनाता है उसी प्रकार संस्था समाज के लोगों को निखारने का प्रयास कर रहा है। इंस्टालिंग ऑफिसर सोनम चतुवेर्दी ने कहा संस्था के विकास के लिए समर्पण का भाव होना चाहिए। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप सेठ ने कहा इस वर्ष संस्था आप सभी के सहयोग से नए आयाम स्थापित करेगी। नई कार्यकारिणी सदस्य ने भी शपथ लिया। अमित सेठ, मनीष सेठ ,रिशु कुमार सिंह ने नवीन सदस्य के रूप में शपथ लिया। निवर्तमान अध्यक्ष ऋचा गुप्ता द्वारा सभी को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ जेसी का पुरस्कार विनय साहू को सर्वश्रेष्ठ लेडी जेसी का अवार्ड ज्योत्सना साहू को सर्वश्रेष्ठ नए जेसी का पुरस्कार डॉ प्रतीक मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ नई जेसी साधना सिंह को वह सर्वश्रेष्ठ जेसीरेट का पुरस्कार पूर्णिमा उपाध्याय को दिया गया। संस्थापक अध्यक्ष विशाल गुप्ता, श्याम जी सेठ, सुजीत अग्रहरि, शिवम सिंह राजीव साहू, सतपाल सिंह, नितिन सिंह, कार्तिक सेठी, हर्षित अग्रहरि, अनुज वर्मा शुभम जावा, प्रदीप उपाध्याय दुर्गेश सिंह, अविनाश गोयल, अमित पांडे रितेश गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण के माखन चोरी की लीला देख भाव विभोर हुए भक्त

सोनभद्र। नगर के रामलीला मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का गोपियों संग रासलीला, श्री श्याम राधा जी की सगाई की रस्म व इसके बाद माखनचोरी का भावपूर्ण मंचन वृन्दावन के कलाकारों द्वारा किया गया। श्री विशाखा रमन बिहारी रासलीला मंडल के संचालक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय के निर्देशन में चल रही श्रीकृष्ण रासलीला में रविवार की रात भगवान श्री कृष्ण की बचपन की माखन चोरी की अलग-अलग लीलाओं में श्री कृष्ण कैसे गोपियों के घर जाकर माखन चुराया करते थे, दिखाया गया। इस दौरान कान्हा के माखन चुराने की शिकायत लेकन पहुंची गोपियों का मंचन सबसे आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान एक गोपी कान्हा जी को पकड़कर यशोदा मैया के पास लेकर पहुंचती है, लेकिन भगवान उस गोपी के बेटे का रूप धारण कर लेते हैं। पंडाल में



मौजूद दर्शकों ने इस मंचन को देखकर खूब तालियां बजाई। इस दौरान नंद गांव में पहुंची राधा जी की सगाई का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, पवन जैन, अशोक श्रीवास्तव, रामप्रसाद यादव, राकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येंद्र, चंद्रभूषण देव पांडे, डॉक्टर अनिल पाण्डे अजीत जायसवाल, उमेश केशरी, हर्ष केशरी, विजयकांत मिश्र, धर्मेश कुमार, प्रशांत जैन प्रदीप केशरी, अमित केशरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# पुस्तक लाल परिंदे का हुआ विमोचन



मीरजापुर। ग्राम पूरेबदल, पोस्ट साण्डा (सुरियावां), जनपद भदोही में डॉ संदीप कुमार बालाजी द्वारा लिखित लाल परिंदे (बाल कहानियाँ) का 'श्री तेरसनाथ मनभावती देवी आवास' पर भव्य विमोचन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कर्मराज यादव 'किसलय' जी ने हार्दिक बधाई और आशीर्वाद दिया तो मुख्य अतिथि रहे हिंदी श्री प्रकाशन के संस्थापक श्री आनंद 'अमित' जी ने कहानियों की भूरि भूरि प्रशंसा किया और कहा कि बालाजी की कविताएं और कहानियां दोनों ही अत्यंत प्रेरक और साहित्य की कसौटी पर उम्दा हैं आपकी कविताओं की भांति ही कहानियां भी बिंबो, प्रतीकों में गति पाती हैं। हिंदी श्री पब्लिकेशन ने उक्त अवसर पर श्री संदीप कुमार 'बालाजी' को बाल साहित्य के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए हिंदी श्री बाल साहित्य सम्मान प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्रम देकर विभूषित किया।और विमोचन कर्ता श्री भोलानाथ कुशवाहा जी ने कहा कि संदीप कुमार ₹बालाजी₹ की कहानियाँ कथा साहित्य की कसौटी पर अत्यंत खरी उतरती हैं। उद्देश्य परक होने के साथ-साथ रोचक और भारतीय संस्कृति को समेटे हुए होती हैं। आयोजक विनोद कुमार सरोज (सीनियर ऑडिटर) ने कहा कि कहानी और कविताएं केवल मनोरंजन का साधन नहीं होती अपितु देश और समाज के लिए दिशा निर्देश का कार्य करती हैं। पूर्व प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य रमेश चंद्र दुबे ने बालाजी को आशीर्वाद एवं बधाई दिया साथ ही उनकी कहानी और कविताओं पर प्रकाश डाला।

संयोजक योगेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने बालाजी को बधाई दिया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र बहादुर सिंह पंकज का जन्मदिन भी मनाया गया। संलग्न काव्य-पाठ कार्यक्रम में नरेंद्र बहादुर सिंह 'पंकज', अजय विश्वकर्मा 'शान', अरुण यादव 'आदित्य', श्रीमती सुमति श्रीवास्तव, श्री गंगाधर मिश्र बेखबर सत्येंद्र शुक्ला सजग, डॉ विनोद स्वामी, श्री राम सागर सरस, श्री इंद्रजीत सिंह वियोगी, आनंद गुप्ता गांधी, शेख सलीम सचिन सरोज, वंदना मौर्य, जैसे रचनाकारों ने सुंदर काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त किया। अतिबल सरोज, गुलाबचंद सरोज, पंडित रामचंद्र दुबे, समरजीत सरोज, प्रोफेसर रविशंकर गौतम, श्री लालचंद दुबे, चंद्रमा प्रसाद उपाध्याय, भोलानाथ सरोज, दिनेश यादव, सुनील तिवारी, हंसराज राम शिरोमणि सरोज शिवप्रसाद सरोज, दिनेश सरोज, सूर्यमणि सरोज जैसे लोगों की गरिमा में उपस्थित बनी रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजक श्री विनोद कुमार सरोज सीनियर ऑडिटर ने सबका आभार व्यक्त किया और योगेंद्र प्रताप श्रीवास्तव एवं रमेश चंद्र दुबे ने रचनाकारों को विनोद लक्ष्मी साहित्य सम्मान से विभूषित किया।

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं व मातृ शक्तियों की भूमिका अहम



जौनपुर। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में युवाओं एवं मातृ शक्तिओं की अहम भूमिका होती है, इसके बगैर कोई समाज या देश विकास की कल्पना भी नहीं कर सकता है। उक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी ने नगर के ईशापुर स्थित रमानाथ महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया।

विशिष्ट अतिथि डा. पवन कुमार मौर्य, प्राचार्य डा. शोभित श्रीवास्तव, प्रबंधक नरेंद्र नाथ मौर्या, सर्वेश मौर्या, शंकर बख्श सिंह, डा. धनंजय सिंह, अजय कुमार मौर्या द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया । एनएसएस की कार्यक्रम रेनू गुप्ता ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रुप रेखा को रेखांकित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया । राज यादव, रवि प्रकाश पाण्डेय, शगुन पाठक, ज्योति त्रिपाठी, दीक्षा मौर्या, श्वेता मौर्या, साजिदा बेगम आदि की उपस्थिति रही । स्वागत गीत वंदना यादव व मनीषा अग्रहरि द्वारा प्रस्तुत किया, संचालन डाली मौर्या एवं साक्षी मौर्या ने किया ।

## मदिरालय रहेगा बंद

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 (यथा संशोधित) की धारा-59 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह चहल ने जनपद-आजमगढ़ में शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया है कि होली के पर्व पर 14 मार्च 2025 (रंग के दिन) को सायं 5 बजे तक जनपद आजमगढ की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग, ताड़ी की फुटकर दुकाने एवं बार व मॉडलशाप तथा समस्त थोक अनुज्ञापन बन्द रखे जायें। इस बन्दी के लिए सम्बन्धित अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

संक्षेप

## दुर्घटना में पत्रकार के भतीजे का निधन

सोहावल-अयोध्या।पत्रकार लालजी तिवारी के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी।बड़ागांव के घर में मृतक के चचेरे भाई संदीप तिवारी की 1 मार्च को शादी थी। शादी संपन्न होने के बाद 2 तारीख को गोंडा से वापस बारात लौटी थी।उसी दिन रविवार को दोपहर 3 बजे महिला रिश्तेदारों को ई-रिक्शा से सत्तीचैरा हाईवे स्थित पुलिस चैकी के पास छोड़ने जा रहा था।थाना रौनाही के बरसेंडी मोड़ पर ई-रिक्शा पलटा गया।जिसके पलटने से पत्रकार का भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।चार महिलाएं भी घायल हो गई थी।सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुँचाया गया।

वहां पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। दर्शन नगर मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने निशांत को लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था।मेडिकल कालेज पहुंचने से पहले रास्ते में ही निशांत का निधन हो गया था।

# महात्मा बुद्ध कृषि विश्व विद्यालय व जिला जेल के निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में ईपीसी मोड पर कराए जाने वाले भवन कार्यों से संबंधित तकनीकी प्रकोष्ठ समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई।

समीक्षा बैठक दौरान महात्मा बुद्ध कृषि विश्व विद्यालय के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने उपरांत संबंधित द्वारा कार्यों का प्रोग्रेस मात्र 3 प्रतिशत बताया गया, तथा अभी तक पायलिंग का कार्य हो जाना चाहिए था परंतु अभी हुआ नहीं, इसके अतिरिक्त एकेडमिक ब्लॉक, बाउंड्री वाल का पायलिंग कार्य, सहित सभी कार्यों का टीपीटी के माध्यम से अवलोकन करते हुए टीपीटी में पुराने /नए कार्यों का फोटोग्राफ्स, सहित समस्त विवरण का उल्लेख किए जाने का निर्देश दिए गए। जिला जेल के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान संबंधित द्वारा बताया गया कि अब तक 31 प्रतिशत कार्य हो जाना चाहिए था परंतु 20 प्रतिशत ही कार्य हो पाए हैं। समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा मेल बैरक कैपेसिटी ब्लॉक, मल्टी परपज हाल,कम्युनिटी सेंटर, बाउंड्रीवाल, आदि की जानकारी ली गई एवं कार्यों में गति लाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा मैटेरियल की जांच कब कैसे और कहां से कराई जा रही है आदि की जानकारी लेने पर संबंधित द्वारा अभी तक कोई सैंपल फेल न होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्ट्रक्चर का कार्य माह जून से पूर्व ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा वर्षात के चलते कार्यों में विलंब होने की संभावना रहेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने बजट की उपलब्धता के सापेक्ष व्यय का भी आकलन किया तथा मैंनपावर बढ़ाए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर कार्यदाई संस्था के सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## होली पर सुरक्षा का रंग, जिले में 2866 होलिका दहन स्थल

**बरेली।** होली का रंग हर गली-मोहल्ले में बिखरने को तैयार है। लेकिन त्योहार के उल्लास के बीच कानून-व्यवस्था बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है।इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिलेभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।इस बार जिले में 2866 होलिका दहन स्थलों को चिह्नित किया गया है। जिनमें से 78 स्थलों को संवेदनशील घोषित किया गया है।इन संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस ने पूरे जिले को 26 जोन और 86 सेक्टरों में बांटा है। ताकि हर क्षेत्र में शांति बनी रहे।साथ ही 106 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) भी गठित की गई हैं।जो जिलेभर में गश्त करेंगी और किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत कार्रवाई करेंगी।एसएसपी अनुराग आर्य के अनुसार जिले को 26 जोन और 86 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा का ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है। 106 क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया टीम) गठित की गई हैं।

## डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं



**देवरिया** । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनता दर्शन के दौरान फरियादी कैलाशी देवी, निवासी ग्राम कोयरपट्टी, थाना बाघौचघाट, की घरेलू उत्पीड़न संबंधी शिकायत को गंभीरता से सुना। डीएम ने उन्हें सम्मानपूर्वक बैठाया और उनकी समस्या को गहनता से समझते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। फरियादी कैलाशी देवी ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके परिवारजन उनके साथ मारपीट करते हैं, गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। संपूर्ण संपत्ति का उपयोग परिजन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे अत्यधिक वृद्ध हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद परिवारजन न केवल उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं बल्कि भोजन तक उपलब्ध नहीं कराते जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कैलाशी देवी को पहले गनर के साथ अपनी स्कॉर्ट गाड़ी से थाना भिजवाया, ताकि वे वहां अपनी शिकायत दर्ज करा सकें और उचित कानूनी प्रक्रिया पूरी हो सकेसाथ ही, संबंधित थाना प्रभारी (एसओ) को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे कि मामले का शीघ्र निस्तारण हो सके।इसके बाद, डीएम ने उन्हें उसी गाड़ी से सुरक्षित उनके घर भी भिजवाने की व्यवस्था की। डीएम की इस संवेदनशील पहल से पीड़िता को तत्काल राहत मिली, जिससे उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त की।

## मारपीट के मामले में आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भरौली मे तिलक समारोह मे हुई मारपीट की घटना मे एक पक्ष के तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगो विरुद्ध भटनी थाने मे मुकदमा दर्ज हुआ है ।इस सम्बन्ध मे सुबेनु गोड पुत्र स्व मोतीलाल गोड द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि भरौली तिलक समारोह मे गये थे जिसमे रंजीत राजभर निवास राजभर किटटू राजमर ( अजय )मोहित राजभर धीरज राजभर द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली व लाठी से मारपीट कर घायल कर दिये ।आरोपियों मे चार भार्गव कोडरा व दो भरौली थाना भटनी के निवासी है तहरीर के आधार पर 191(2)115(2)352बी एन एस व 3(2)5क एस सी एस टी एक्ट (147-323-504) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों कि तलाश कर रही है ।

## चार लोगो पर मारने व गर्म दूध शरीर पर फेंकने का आरोप लगाते हुए दी तहरीर

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भरौली मे तिलक समारोह मे हुई मारपीट के मामले मे दुसरा पक्ष भी अपने ही गाँव के चार लोगो पर मारने पीटने के बाद शरीर फर गर्म दुध फेंकने व पाकेट से रुपया निकालने का आरोप लगाते हुए भटनी थाने मे तहरीर दिया है ।इस सम्बन्ध मे रंजीत राजभर पुत्र राधेश्याम राजभर ग्राम कोडरा दिर्घह थाना कोतवाली सलेमपुर द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि मेरे गाँव से पहली मार्च को तिलक गया है ।मेरे गाँव के चार लोग और गये थे ।मुझसे शराब पीने के लिए रुपये की माँग किये ।न देने पर झगडा करने लगे व मारने लगे ।बगल मे काफी बन रहा था ।गर्म दुध मेरे शरीर पर फेंक दिये और उसमे से एक मेरे पाकेट से आठ सौ रुपया निकाल लिया ।एक मोबाईल भी लेकर चले गये ।वहां का माहौल बिगड गया बेटियां पक्ष के लोग आकर बीच बचाव किये व हमको अपनी गाडी से घर पहुचाये ।पुलिस मामले की जाँच कर रही है ।

## संदिग्धावस्था मे पेड से लटकता शव बरामद ,तहकीकात में जुटी पुलिस

**देवरिया।** नूरीगंज बाजार -बनकटा सडक मार्ग के परसौनी के पुल से 100मीटर पूर्व एक व्यक्ति का पेड से लटकता शव पुलिस ने बरामद किया ।आधार कार्ड के आधार पर शव की पहचान 35 वर्षीय विपिन पुत्र स्व लालू प्रसाद ग्राम सल्लहपुर थाना भटनी निवासी के रुप मे हुई ।बताया गया है कि विपिन एक तिलक समारोह मे इसी थाना क्षेत्र के ग्राम साहोपार टोला भीसादेई मे हृदयानन्द प्रसाद के घर गया था ।वहां के लोगो ने बताया कि विपिन साढे दस बजे रात्रि को भोजन कर लिया था ।वहां से कब चला किसके साथ चला ।पता नही चल पाया ।ऊधर घर न पहुंचने पर परिजन परेशानरहे ।बनकटाशिव -नूरीगंज बाजार सडक मार्ग से दूध लेकर आने वालो ने पेड से फन्दे मे लटकता शव देखक अगल -बगल के लोगो को जानकारी दी ।घटना जंगल की आग के तरह से पुरे क्षेत्र मे फैल गयी ।घटना स्थल पर भारी भीड जूट गयी ।घटना को लेकर जितनी मुँह उतनी मुँह बाते हो रही थी ।घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान उप निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ,फूलचन्द्र यादव कमलेश गुप्त के अलावे आरक्षी घटना स्थल पर पहुंच कर शव को चीचे उतरवा कर अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा बनवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल देवरिया भेज कर घटना की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दिये ।सूचना के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवप्रताप सिंह घटना स्थल का अवलोकन किया ।साथ ही मृतक के ससुर सहित परिजनों से घटना के सम्बन्ध जानकारी ली ।

पेड से लटका शव अपने पीछे अनेकों सवाल छोड गया ।मृतक की बाईक घटना स्थल से 100मीटर की दूरी पर सडक के किनारे खडी मिली ।पता चला है कि मृतक के पैर मे लोहे का राड पडा है ।सम्भावना व्यक्त किया जा रहा है कि अकेल पेड पर चढ कर ऐसा आत्मघाती निर्णय कैसे लिया ।दुसरी तरफ जिस पेड पर शव लटका था ।

वहां अकेले कही से शव को लाकर लटकाया नही जा सकता ।पेड के पास जो झुरमुट है वहां किसी के पग चिन्ह नही दिखाई दे रहा है ।पुलिस सभी पहलूओं पर पैनी निगाहें लगाकर छानबीन कर रही है ।इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान ने बताया कि इस घटना के बारे मे पोस्मार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणों का पता चल पायेंगा ।मृतक अपने पीछे एक दुधमुंहे एक माह का और एक डेढ वर्ष का बच्चा सहित पत्नी को अपने पीछे छोड गया है ।बच्चे घटना से अंजाम केवल माँ के तरफ देख रहे है ।वही पत्नी व सगे सम्बन्धियों का रो रोकर बुरा हाल है

## महापौर ने बड़ा भक्तमाल मंदिर में की संतों संग बैठक



**अयोध्या।** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बड़ा भक्तमाल मंदिर परिसर में आयोजित संतों की बैठक में उनकी समस्याएं सुनी और समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिरों का गृह कार्य एवं जलकर माफ कर रखा कर दिया है।इस कारण मंदिर परिसर में चलने वाली अन्य गतिविधियों से संबंधित टैक्स लिया जाएगा। उन्होंने संतों को बताया कि मंदिरों से प्रतीकात्मक धनराशि ही ली जाएगी।मंदिर के जगमोहन, गौशाला, धर्मशाला, पाठशाला, यज्ञशाला, पाकशाला, परिक्रमा पथ, महंत का आवासीय परिसर आदि का टैक्स निर्धारित नहीं किया जाएगा। केवल गेस्ट हाउस, बारात घर अथवा दुकानों से संबंधित टैक्स लिया जाएगा।

संतों ने बिजली बिल अधिक आने का मसला भी उठाया।इस पर महापौर ने मुख्य अभियंता विद्युत से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने संतों की समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।इस मौके पर माघ मेले में हनुमानगढ़ी, अमावा मंदिर, रामकचहरी, रामनिवास मंदिर आदि इलाके में सीवर की सफाई का भी मुद्दा सामने आया, जिसे जल्द से जल्द समाधान का वादा महापौर ने किया। इस मौके पर महंत अवधेश दास, महंत संजय दास, महंत अभिषेक दास, महंत शशिकांत दास, नागा रामलखन दास सहित कई संत मौजूद थे।

## महाबोधि महाविहार को मुक्त करने की मांग को लेकर बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क और बहुजन मुक्ति पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**मथुरा।** महाबोधि महाविहार को मुक्त करने की मांग को लेकर बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क द्वारा देश के 567 जिलों, सहित मथुरा से भी राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा है।ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया को अवगत कराया गया है कि जिस पवित्र स्थल पर भगवान बुद्ध को संबोधि प्राप्त हुई, उस स्थान पर ब्राह्मणों द्वारा कब्जा किया जाना अत्यंत पीड़ादायक है। ज्ञापन में निम्नलिखित मुख्य मांगें रखी गई 1. महाबोधि टेंपल एक्ट 1949 बौद्ध समाज द्वारा नहीं बनाया गया, बल्कि यह ब्राह्मणवादी वर्चस्व बनाए रखने के लिए एक षड्यंत्रकारी कानून है। अतः इस एक्ट को तत्काल रद्द कर एक नया अधिनियम बनाया जाए, जिसके सभी सदस्य बौद्ध समुदाय से हों। महाबोधि महाविहार में अवैध रूप से शिवलिंग की स्थापना और दीवारों पर पांडवों का उल्लेख करना विश्व धरोहर का अपमान है।

इसे तत्काल हटाया जाए। महाबोधि महाविहार बौद्धों की विश्व धरोहर है, जिसकी पुष्टि फाह्यान, ह्वेनसांग के विवरणों और महाबोधि उत्खनन रिपोर्ट से होती है। अतः इस पवित्र स्थल को बौद्ध समुदाय के सुपुर्द किया जाए।महंत की कोठी में सैकड़ों बौद्ध मूर्तियां, शिलालेख एवं अभिलेख रखे हैं।इन्हें तुरंत प्रभाव से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) को सौंपकर बोधगया संग्रहालय में संरक्षित किया जाए। महाबोधि महाविहार परिसर के पास ही सम्राट अशोक का महल था, जिसे फ्रांसिस बुकानन ने देखा था।इस स्थल को पुनः खोजकर बोधगया का वास्तविक इतिहास उजागर किया जाए। महाबोधि महाविहार परिसर के आसपास कुछ असामाजिक तत्व बड़े पैमाने पर लाउडस्पीकर लगाकर माहौल खराब कर रहे हैं। प्रशासन को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।ईवीएम मशीन के कारण न केवल बौद्ध समुदाय, बल्कि संपूर्ण भारतीय नागरिकों के मताधिकार पर प्रभाव पड़ा है। अतः ईवीएम प्रणाली समाप्त कर सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं।

इस अवसर पर क्षेत्रपाल सिंह निषाद (प्रभारी, बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क, मथुरा), मैराज अली (जिलाध्यक्ष, बहुजन मुक्ति पार्टी, मथुरा), मोहन सिंह (जिला संयोजक, बहुजन क्रांति मोर्चा, मथुरा), गिर्राज प्रसाद, अजय कुमार, तौफीक आढ़ती (जिलाध्यक्ष, ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश, मथुरा), जावेद, गिर्राज, राजाराम, बबलू कुरैशी, फरीद पहलवान, सुनील बौद्ध, अब्दुल रशीद कुरैशी, हाशिम कुरैशी, शास्त्री छैल बिहारी विकल, डॉ. परषोत्तम सिंह निषाद, महताब सिंह, वीरेंद्र बौद्ध, कासिम, सोहेल सहित कई अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

**देवरिया।** राजा देवी महिला पी जी कालेज सल्लहपुर मे चल रहे एन एस एस के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह प्राचार्य डाँ अमित कुमार राय की अध्यक्षता मे सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच हुआ ।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन मे प्राचार्य डाँ अमित कुमार राय ने कहा कि सप्त दिवसीय शिविर मे शिविरार्थियों को अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए देशहित समाजहित मे अपने दायित्वों का निर्वहन करनी होगी ।कर्म ही पूजा है ।कभी भी अपने कर्म से विमुख नही होना चाहिए ।ऐसा करने से लक्ष्य नही प्राप्त होगा ।इसलिए जीवन मे कुछ करने के लिए निरन्तर अपने कर्मपथ पर अनुशासित होकर आगे बढने की आवश्यकता है ।विशिष्ट अतिथि डाँ नन्दकिशोर ने कहा कि इस शिविर मे दैनिक जीवन समाजिक जीवन के सभी पहलुओं पर जो चीजे सिखने को मिला है ।उसे दैनिक व समाजिक जीवन उसे उतारने का पुरा प्रयास करना ।समाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाकर जातिगत भेदभाव को मिटाने के लिए सदैव तत्पर रहने की जरूरत है ।जिससे समाज को लाभ मिल सके ।सरस्वती वंदनाप्रियंका व रिंकी स्वागत गीतरितिका व नीतू लक्ष्य गीत निधि व सालू ने प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कालेज के सभी शिक्षक कार्यालय अधीक्षक सत्यप्रकाश उपाध्याय उपस्थित रहे ।उधर बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज एन एस एस शिविर का समापन रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश्वर विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार सिंह व भाजपा नेता अजय कुमार गुप्त ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ ।सरस्वती वंदना कुमारी नूर शब्बा. स्वागत गीत कुमारी मधु ने प्रस्तुत किया ।समापन के अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमे सफल प्रतिभागियों प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वालो को प्रमाण पत्र व मेंडल देकर पुरस्कृत किया गया ।

कालेज के प्रबन्धक कैप्टन जयराम यादव व प्राचार्य डाँ विनोद कुमार यादव द्वारा मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि को माल्यार्पण स्मृति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डाँ त्रिपुरेश कुशवाहा डाँ अन्जर अंसारी कंचन शर्मा अर्चना शाही अपूर्वा मिश्रा प्रभुनाम यादव रतन गुप्ता देवेन्द्र यादव राजाराम यादव अजीत तिवारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

## आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**अयोध्या।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकताओं ने सदर तहसील स्थित हेमू कल्याणी पार्क पर प्रदर्शन कर चार सूत्रिये ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित जिला अधिकारी के माध्यम से मजिस्ट्रेट को सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मथुरा की घटना में सांसद चन्द्रशेखर आजाद के काफिले पर हमले के विरोध को लेकर ज्ञापन सौपा। घटना स्थल थाना सुरीर के पास पहुँचने से पहले ही सांसद के साथ चल रही कार्यकताओं की काफिले की गाडि ?ें पर विरोधियों ने सुनियोजित तरीके से पुलिस की मौजूदगी में हमला बोल दिया। पुलिस के अधिकारी कुछ सुरक्षा व्यवस्था नहीं कर पाये, इतना ही नहीं पीड़ितों से मिलने के बाद लौटते समय भी पुनः हमलावरों ने पुलिस की मौजूदगी में ही हमला बोला। इन हमलों से हमारे साथ चल रही गाडि ?ें को तोड़ा गया हमारे कई कार्यकर्ता गम्भीर रूप से घायल भी हुए। मांग किया कि उप्र में राष्ट्रपति शासन लगाया जाये तथा कमजोर लोगों की सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाते हुए। दूसरे चरण में आगामी 10 मार्च को लखनऊ में विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन किया जायेगा ।प्रदर्शन करने वालों में विनय कुमार वर्मा सूरज चैधरी सुनील निषाद संजय रावत अमरनाथ फैजाबादी संदीप चैधरी राघव राम विवेक शर्मा हरिश्चंद्र राजा राम रावत अरुण दुर्गेश कुमार संदीप रावत पंकज राहुल कुमार हनुमान प्रसाद सुरजीत कुमार नरेश कुमार विनोद कुमार पासवान जयंत भारती सुखराम राम तीरथ बौद्ध आनंद कुमार नीरज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले को पचाने का खेल शुरू

बृजबिहारी त्रिपाठी

- अशोक विद्यापीठ इंटर कॉलेज मे रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला
- शिक्षा विभाग के गलियारों में मचा हड़कंप

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर विकास खण्ड के नकटहा स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला जहा तूल पकडते जा रहा है वही यहा के शिक्षा विभाग के जिम्मेदार और विद्यालय प्रशासन के लोग मामले को पचाने के लिए इस जघन्य प्रकरण को अफवाह बताकर नया खेल शुरू कर दिया गया है। इस खेल को अमलीजामा पहनाने के लिए मीडिया मैनेज का चल रहा है खेला। बतादे कि फाजिलनगर ब्लाक क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में रिजर्व में रखे गये अतिरिक्त प्रश्नपत्रो से परीक्षा कराये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश मे आया इसको लेकर जिले से लगायत प्रदेश के शिक्षा विभाग के गलियारों मे बमचिक मचा हुआ है। इसके बाद जिले के शिक्षा विभाग के हुक्मरान अपने विभागीय कारीदें के साथ विद्यालय प्रशासन से मिलकर मामले को अफवाह का रुप देने के लिए नया खेल शुरू कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि जब अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में रिजर्व (अतिरिक्त) प्रश्नपत्रो से कराये गये परीक्षा अफवाह है तो जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर रविवार को अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र के केन्द्र व्यवस्थापक को हटाया क्यो गया..? अगर यह अफवाह है तो फिर शनिवार की रात जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता केन्द्र पर पहुंच कर स्ट्रांग रुम खुलवाकर क्या कर रहे थे.? क्या जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता शनिवार की रात उड रहे अफवाह से जिलाधिकारी को अवगत कराये थे.? क्या डीआईओएस ने रात मे स्ट्रांग रूम खुलवाने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति लिए थे.? जबकि जिलाधिकारी परीक्षा संचालन के अध्यक्ष होते है।

### हो जायेगा दूध का दूध पानी का पानी अलग

जैसा कि जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता दावा कर रहे है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे रिजर्व में रखे गये पेपर से परीक्षा कराने का मामला अफवाह है। ऐसे में शिक्षा बोर्ड से जुडे जानकारों का कहना है कि सॉच को आंच क्या। जिलाधिकारी व परीक्षा सचिव अपने मौजूदगी में संकलन केन्द्र पर जमा किये गये अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे शनिवार एक मार्च को कराये गये परीक्षा की बण्डल व उसी दिन का किसी अन्य विद्यालय का बण्डल खुलवाकर दोनों विद्यालयों के बण्डल मे रखे गये पांच-पांच पेपर व कापियों का जांच करा दे तो दुध का दुध पानी का पानी साफ हो जायेगा। जानकारो का कहना है कि कापियो को जांच करने के लिए प्रत्येक परीक्षा के बण्डलों में पांच पेपर रखे जाते है।

### सच्चाई की पोल खोलेगी तीसरी आंख

विश्वस्त सूत्रों की माने तो शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक जिलाधिकारी से अनुमति लेकर प्रयागराज जा रहे थे। रास्ते में थे तभी उन्हें अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के कारगुजारियों की जानकारी हुई तो वह बीच राते से वापस कुशीनगर लौट आये और रात मे ही विभागीय कर्मचारी के साथ विद्यालय पर पहुंचकर स्ट्रांग रूम का जांच - पडताल किया। जबकि रात में जिलाधिकारी व परीक्षा सचिव के निर्देश के बिना स्ट्रांग रुम खुलवाने का अधिकार डीआईओएस को नही है। इस गंभीर प्रकरण को अफवाह का रुप देने वाले डीआईओएस स्ट्रांग रूम खुलवाने से पहले क्या अफवाह से जिलाधिकारी को अवगत कराना व स्ट्रांग रूम खुलवाने के लिए अनुमति लेना मुनासिब नही समझे.? सूत्रों के दावे को संवाददाता द्वारा प्रमाणित नही किया जा रहा है लेकिन सूत्रो के दावे की सत्यता जानने के लिए यह जरूरी है कि केन्द्र के स्ट्रांग रूम मे लगे तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जाये और शनिवार की रात्रि दस बजे से तीन बजे तक का डीआईओएस के मोबाइल का लोकेशन की जांच करायी जाये तो सच्चाई परत-दर-परत खुलकर सामने आ जायेगी।

### मीडिया मैनेज का खेल

कहना ना होगा कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे अतिरिक्त पेपर से परीक्षा कराने के मामले को अफवाह करार कर मीडिया मैनेज का खेल शुरू हो गया है। सूत्रो का कहना है कि कुछ तथाकथित पत्रकार भी डीआईओएस व विद्यालय प्रशासन की भाषा मे तर्क दे रहे है। इतना ही नही कुछ कथित पत्रकारो ने इस प्रकरण को अफवाह से जोड़कर खबर भी प्रकाशित किये है।

### प्रबंधक के भाई को केन्द्र व्यवस्थापक बनाने की चर्चा

सूत्र बताते है कि अफवाह का दावा करने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक कश्यप कुमार को हटाकर उसी विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता गिरजेश कुमार त्रिपाठी को केन्द्र व्यवस्थापक बनाया गया है जो उस विद्यालय के प्रबंधक के भाई है। इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

### वांछित को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा गैर इरादतन हत्या में वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा थाना पर पंजीकृत गैर इरादतन मुकदमे में वाँछित अभियुक्त हेमन्त उर्फ हिमान्शू पुत्र लाल सिंह निवासी नगला फौजी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को थाना सिरसागंज क्षेत्र के कौरारा रोड से नगला फौजी रोड सिरसागंज से गिरफ्तार किया गया।

## विद्युत बकायेदारों से बिजली बिल वसूली के लिए चलाया अभियान

**कुशीनगर।** जनपद में विद्युत विभाग ने बड़े विद्युत बकायेदारों से बिजली बिल वसूली के लिए अभियान चलाया है। जिसके क्रम में विभाग ने बकायदे विद्युत विक्छेदन करने के टीम का गठन किया है। बिजली विभाग की इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।अधिशासी अभियंता कुशीनगर संजय सागर ने बताया कि जनपद में विद्युत विभाग की टीम द्वारा पडरौना डिविजन के अन्तर्गत रविन्द्रनगर, कुबेरस्थान व पडरौना उपकेन्द्र के क्षेत्र में बड़े विद्युत बकायेदारों के संयोजन विच्छेदन का अभियान चलाया गया है। जिसमे 64 बड़े विद्युत बकायेदारो का संयोजन विच्छेदन किया गया। इसके विच्छेदित संयोजन की धनराशि 72.50 लाख जो ऐसे उपभोक्ता पूर्व से बकाया बिल नहीं जमा किए है। कटे कनेक्शन की जांच के लिए भी जेई स्तर की टीम बनाई गई है। टीम के सदस्य रात्रि में कटे कनेक्शन की जांच करेंगे। जांच के दौरान कटे कनेक्शन अगर जोड़े पाये जाते है तो उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 138 ब के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। लाइन स्टाफ में धनंजय मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, विजय दीक्षित, संजय दुबे, त्रिपुरेश्वर दीक्षित, दीपक आदि को शामिल किया गया है।

## गैंगस्टर एक्ट में वाँछित अभियुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना मक्खनपुर पर गैगस्टर एक्ट में वाँछित अभियुक्त को एक अवैध असलाह व एक अवैध कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त प्रशांत पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम इमलिया पाडम थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को रेलवे नहर पुल शिकोहाबाद के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने थाना शिकोहाबाद पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

संक्षेप

## निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

सीतापुर।सीतापुर आँख अस्पताल द्वारा मंगलवार चार मार्च को सिधौली मार्ग स्थित विधायक आशा मौर्या के आवास पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होगा।क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या के बेटे आकाश मौर्य ने बताया कि नेत्र शिविर में आखों की सभी बीमारी की जांचे निशुल्क होगी। मोतियाबिंदु की बीमारी के चिन्हित मरीजों को निशुल्क आपरेशन सीतापुर ऑख अस्पताल में होगा। शिविर में सीतापुर आँख अस्पताल के डा. कर्नल मधु भदौरिया व डा. कर्नल रणवीर सिंह के द्वारा आँखों की अन्य बीमारियों की जाँच के साथ बच्चों की आखों का तिरछापन, पलक गिरना, अनुवांशिक मोतियाबिंदु की जांचों के पश्चात उचित इलाज होगा।

## 20 वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। कोतवाली देहात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस टीम ने देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उलजापुर निवासी कल्लू सिंह पुत्र डिप्टी सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि कल्लू सिंह पर वर्ष 2000 में मारपीट एससी एसटी एक्ट आदि धाराओं में केस दर्ज हुआ था।इस मामले में कल्लू सिंह फरार चल रहा था न्यायालय एससीएसटी कोर्ट ने वारंट जारी कर रखा था।फरार होने के चलते कुर्की की कार्रवाई भी हो चुकी है। अब 20 वर्ष बाद कल्लू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## सड़क हादसे में तीन घायल

सीतापुर। थाना सकरन इलाके के उमराकलां गांव के पास मतुआ सकरन मार्ग पर रविवार की रात दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में सकरन सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम दुघरिया निवासी मोहित उम्र 17 वर्ष, फिरोज उम्र 20 वर्ष व हरगांव थाना कस्बा निवासी रमाकांत की पत्नी संगीता उम्र 30 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सांडा में भर्ती कराया।जहां हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टरों ने मोहित को लखीमपुर रेफर कर दिया। बाकी दो लोगों का इलाज सीएचसी सांडा में चल रहा है। पुलिस ने दोनो बाइकों को कब्जे में ले लिया है।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

लहरपुर/सीतापुर।एक अज्ञात चार पहिया कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार संगम सैनी पुत्र गौतम सैनी निवासी ग्राम अकबरपुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके चाचा सच्चिदानंद वर्मा पुत्र पारब्रह्म वर्मा 52 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से विगत 25 फरवरी को सीतापुर से वापस घर आ रहे थे तभी रास्ते में ग्राम गणेशपुर स्थित आइकॉन अस्पताल के निकट एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला, टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर मौजूद लोगों ने उसे नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एक निजी अस्पताल सीतापुर में भर्ती कराया गया, हालत खराब होने पर उसका इलाज लखनऊ में एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर, टक्कर मारने वाले वाहन के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसे में टेंट कारोबारी की मौत

सीतापुर।तालगांव थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक टेंट कारोबारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान शंकरपुर त्यौला निवासी श्री चंद्र के रूप में हुई है। घटना तालगांव की बड़ी नहर के पुल के पास परसेंडीपुरवा के निकट हुई। श्री चंद्र टेंट का काम निपटाकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एक साइकिल सीख रहा बच्चा अचानक उनकी बाइक के सामने आ गया। बच्चे को बचाने की कोशिश में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसे में श्री चंद्र और साइकिल सवार बच्चा दोनों घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस के जरिए घायलों को पहले सीएससी ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से श्री चंद्र को लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# नहर की पटरी फटने से फसल व घरों को नुकसान



जिला संवाददाता(vol)

लहरपुर/सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम नेवादा में लहरपुर माइनर नहर की पटरी फट जाने से किसानों की खड़ी फसल पानी में डूबी और ग्रामीणों के घरों में नहर का पानी घुस जाने से उठानी पड़ रही है भारी परेशानी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम नेवादा से होकर गुजरी लहरपुर माइनर नहर की दाहिनी पटरी गांव की तरफ फट जाने से नहर के किनारे बने सुहेल व मुकीम के घरों में नहर का पानी भर गया और घर में नीचे मंजिल में रखा हुआ घरेलू समान भीग जाने से नष्ट हो गया, नीचे मंजिल में पानी भर जाने से उक्त दोनों परिवार घर की छत पर गुजर बसर कर रहे हैं। नहर पटरी फट जाने से क्षेत्र के किसान मुजम्मिल का चार बीघा गेहूं, गुड्डू का चार बीघा गेहूं, नूर मोहम्मद की दो बीघा लाही, अमीन का एक बीघा गेहूं, रफीक का चार बीघे गेहूं की फसल में नहर का पानी भर जाने से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। नहर फटने से गांव में स्थित मैलू के तालाब में पाली गई मछलियां पानी में बह जाने से मछली पालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ज्ञातव्य है कि इसी स्थान पर पूर्व में भी कई बार नहर फटने की घटना हो चुकी है।इस संबंध में अवर अभियंता लहरपुर माइनर शिव प्रताप यादव ने बताया कि किसानों द्वारा नहर में बांध लगाकर सिंचाई के लिए पानी को रोके जाने के कारण नहर पटरी पानी के दवाब से फट गई है नहर के पानी को बंद करा दिया गया है, पानी सूख जाने पर नहर पटरी की मरम्मत कराकर पानी सिंचाई के लिए किसानों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## संवेदनशील गांवों को चिह्नित करें: एसडीएम



महोली/सीतापुर।रमजान व होली त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं।शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।पुलिस की सभी पर नजर रहेगी अफवाह फैलाने और अराजकता करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

यह बात आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को उप जिलाधिकारी शशी बिंदु द्विवेदी ने शांत कमेटी की बैठक में कहीं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शशी बिंदु ने करते हुए कहा कि इस बार होली का त्यौहार व रमजान एक साथ संपन्न हो रहे हैं। दोनों त्योहारों को सभी लोग आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ निभाए। संवेदनशील गांवों और चिन्हित स्थानों के बारे में स्थानीय लोगों से सुझाव भी लिए। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है।सोशल मीडिया पर अनर्गल बातें न लिखें। अगर कोई समस्या आती है तो पुलिस को सूचना करें। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने धर्म गुरुओं व प्रधानों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना है।डीजे संचालकों को विशेष रूप से नियमों का पालन करना है। इस अवसर पर उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह, अशोक सिंह, भावना भारद्वाज, आरक्षी अश्विनी ढाका, अभिषेक चंदेल,मोहम्मद वसीम, मनोज मिश्रा, शाकिर रजा, मोहम्मद इरफान, हफीज खान, मोहम्मद मेराज, फिरोज आलम, प्रधान मुन्नालाल, वीरेंद्र मौर्य,सोनेलाल, नूर हसन, रामगोपाल वर्मा, उमेश अवस्थी, डीपी सिंह, सभासद राजू ,कपिल मिश्रा, मनोज सिंह, रामकिशुन, प्रवीन शुक्ला, अरविंद वाजपेई ,काशी नितिन गुप्ता सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आईसीआईसीआई बैंक की नवीन चौक शाखा का डीएम ने किया शुभारंभ



सीतापुर। सोमवार को आईसीआईसीआई बैंक ने नवीन चौक में नई शाखा की शुरूआत की है।मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बैंक जोनल हेड विशाल सक्सेना, रीजनल हेड शैलेश मिश्रा, शाखा प्रमुख आशीष श्रीवास्तव की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ किया।

बैंक की उपशाखा प्रबंधक दीक्षा अवस्थी ने बैंक के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी को बुके, स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन, स्वागत किया।जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बैंक अधिकारियों को नई शाखा के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए ग्राहकों को सुगम बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने की बात कही।केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों में पात्र हितग्राहियों को चयनित करते हुए लोन (ऋण) प्रदान करते हुए लाभान्वित कराए। जिलाधिकारी ने पूछने पर आईसीआईसीआई बैंक अधिकारियों के बताया कि बैंक का सी0डी0 रेशियों 95.04 फीसदी है और जिले का सीडी रेशियो 59.29 फीसदी है।जिलाधिकारी ने सी0डी0 रेशियो को बढ़ानें के लिए सुझाव एवं सहयोग के बारे में चर्चा की। बैंक की शहर में 02 और जिले में 05 शाखाएं है।आईसीआईसीआई बैंक के जोनल हेड विशाल सक्सेना ने बताया कि बैंक द्वारा ग्राहकों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का प्रयास की जा रही है। इस शाखा से क्षेत्रीय जनता को काफी राहत मिलेगी।

यह बैंक शाखा कार्ड सेवाओं के साथ बचत और चालू खातों, सावधि और आवर्ती जमा, ऑटो ऋण, स्वर्ण ऋण और व्यक्तिगत ऋण सहित खातों, जमा और ऋण की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेंगी। बताते चलें कि आईसीआईसीआई बैंक ने नवीन चौक में नई शाखा की शुरूआत की है।जो शहर में बैंक की यह पांचवीं शाखा है। बैंक ग्राहकों को नकद जमा और निकासी सेवाएं प्रदान करने के लिए शाखा में एक एटीएम मशीन लगाई है। आईसीआईसीआई की सेवाओं से व्यापारियों को भी सहूलियत होगी।इस अवसर पर गणमान्य लोग, सीतापुर व्यापार संघ के अध्यक्ष विजय बंसल, सिंघानिया ग्रुप के चेयरमैन ओपी सिंघानिया, दिनेश अग्रवाल मौजूद रहे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न



सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन जिले के विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत सुमरावा चांदुलपुरवा मे हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि उनका यह उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी वर्ग सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित न रहने पाए। इसके साथ ही शासनध्प्रशासन का कोई भी अधिकारी उनके हितों में सेंधमारी न कर सके।उनके द्वारा क्षेत्र के लोगों से यह भी अपील की गई कि प्रशासन का कोई भी अधिकारी यदि उनके अधिकारों की बात नहीं सुन रहा है, तो वे उसके लिए उन्हें अथवा संबंधित पदाधिकारियों सूचित कर समस्या का निदान पा सकते है।दरअसल पूरा मामला ब्लॉक सकरन का है, जहां इन दिनों प्रदेश सरकार की तरफ से चलाई जा रही कई योजनाओं जैसे- आवास सर्वेक्षण, वृद्धा पेंशन, शौचालय निर्माण आदि में व्यापक झोल-झाल तथा प्रशासनिक अधिकारियों की मर्जी से परेशान ग्रामीणों ने अपनी बात उनके समक्ष रखी थी।क्षेत्र के लोगों तथा कार्यकताओं की बात सुनते हुए प्रवीण सिंह के द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वे उनकी हर संभव मदद करेंगे तथा उनकी बात उच्च स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के इस कार्यकर्ता सम्मेलन में जहां एक ओर क्षेत्र के लोगों का जमावड़ा देखने को मिला, वहीं दूसरी तरफ पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एनसीपी जिलाध्यक्ष ललित सिंह , अरोज गिरी, विनोद कुमार शुक्ल, संतोष शुक्ला, हरिश्चंद्र , दीपक, गुड्डू भार्गव, मनोज राजपूत, अनूप गिरी आदि मौजूद रहे।

## रोजगार सेवकों को नहीं मिल रहा मानदेय, सांसद को बतायी समस्याएं



पाटन, उन्नाव। मानदेय न मिलने को लेकर परेशान व हताश ग्राम रोजगार सेवकों ने सांसद को ज्ञापन दिया। लोकसभा सांसद डॉ साक्षी महाराज को ग्राम रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय दिलाए जाने को लेकर ज्ञापन दिया। सांसद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर समस्या का निदान कराने का आश्वासन दिया। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया है कि 8 माह से मानदेय नही मिला है व दीपावली को भी मानदेय नही मिला व अब होली भी नजदीक है इसलिए समय से मानदेय का भुगतान किया जाये, इस दौरान रामजी यादव, नरेन्द्र कुमार, प्रदीप यादव, अभिषेक, शिवनरेश, रामसुंदर, योगेंद्र आदि ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

## यूपीएस भवानीगंज में धूमधाम से वार्षिकोत्सव संपन्न



पुरवा, उन्नाव।यूपीएस भवानीगंज में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक व शैक्षणिक प्रस्तुतियों की उपस्थित जनसमूह ने सराहना की। उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया।

सोमवार को हिलौली विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीगंज कम्पोजिट में वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना पर माल्यार्पण करके प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने किया तथा छात्रों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद सांस्कृतिक व शैक्षणिक प्रस्तुतियों द्वारा छात्रों ने मन मोह लिया।हाल ही में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल हुए दो छात्रों ओमप्रकाश शर्मा व सानवी यादव को विद्यालय के शिक्षक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया ने प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया और उनका मनोबल बढ़ाया। इसके अलावा विद्यालय के शिक्षक सतीश कुमार व विद्यालय परिवार ने छात्रों में कक्षा 8 के ओमप्रकाश शर्मा, सानवी यादव, नैंसी, शिफा फातिमा, आकांक्षा, कक्षा 7 के प्रतिमा, अनुराग, दिव्या, अर्पिता, कक्षा 6 के नीशू, जावेद, तथा प्राथमिक स्तर के जेसिका, दुर्गेश, श्रेयांश, रुद्र, लक्ष्मी, श्रेया, मो० अल्ताफ, आद्या, अंकुश, अंशिका व जैम को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनवर, प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, वंदना शर्मा, पल्लवी मिश्रा, सतीश कुमार, शिवम चौरसिया, प्रदीप कुमार, माया देवी, रचना दीक्षित, संगीता, अर्चना, पुनीत गुप्ता समेत सभी स्टाफ व छात्र छात्राएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय डिंगरिया में भी शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जहां प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

## मासिक काव्य गोष्ठी में कवियों ने मचाई धूम



सीतापुर।अन्नपूर्णा साहित्य संगम की मासिक काव्य गोष्ठी अन्नपूर्णा सेवा संस्थान कार्यालय अनिल निवास पर आयोजित हुई।

संस्था अध्यक्ष नवीन द्विवेदी के संरक्षण तथा डॉक्टर सतीश चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन यासीन इब्ने उमर के द्वारा किया गया, तथा राम किशोर श्रीवास्तव ने वाणी वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कवियों व शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अनेक विषयों पर अपने शब्दों का रसपान कराया। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर सतीश चंद्र वर्मा ने अपनी रचना के माध्यम से साहित्य की दशा और दिशा पर प्रकाश डाला, वहीं वरिष्ठ शायर मंजर यासीन ने श्रृंगार रस पर आधारित रचना बेहतरीन सुर में प्रस्तुत की। रामकिशोर श्रीवास्तव ने श्री कृष्णा और सुदामा के मिलन का मार्मिक चित्रण अपने शब्दों में प्रस्तुत किया। यासीन इब्ने उमर ने बिखरते हुए सामाजिक ताने-बाने को समेटते हुए एकता व सद्भाव का संदेश दिया। एपी गौतम ने भारत को विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने के लिए युवाओं को प्रेरित करने वाली रचना प्रस्तुत की।सुमन मिश्रा ने श्रृंगार रस में डूबी हुई रचना सुनाई, तो सलमान सीतापुरी ने बेहतरीन सुर में युवाओं की बात की।गीता किशोर श्रीवास्तव ने महिलाओं की मनोदशा का चित्रण किया, और गुड्डू चक्रवर्ती ने अपने मन की बात रखी, और सुधांशु त्रिवेदी ने होली तथा पवित्र रमजान का चित्रण अपनी रचना के माध्यम से किया। अंत में संस्था अध्यक्ष नवीन द्विवेदी ने आए हुए सभी कवियों व शायरों का आभार प्रकट करते हुए संस्था संस्थापक अनिल द्विवेदी के इस कारवाँ को इसी तरह आगे बढ़ाने का आह्वान किया।राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया।

## दमकल दस्ते ने वितरित किया संगम का जल



सीतापुर।सीतापुर के दमकल दस्ते ने लोगों को संगम का जल वितरित किया।सीतापुर दमकल विभाग पहले प्रयागराज पहुंचा। फिर प्रयागराज से संगम का जल वहां में भरकर सीतापुर रवाना हुआ। सोमवार को पवित्र गंगा जल से भरा वाहन कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा। यहां पर दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आमजन मानस को गंगाजल वितरित किया। दमकल विभाग के अधिकारी बोले कि इस जल को लोग अपने घर ले जाकर स्नान कर सकते हैं और उन्हें संगम स्नान जैसा ही पुण्य मिलेगा।एक आधिकारिक बयान के मुताबिक महाकुंभ में अब तक 67 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान पूजन किया है। फिर भी जो लोग वंचित रह गए, उन लोगों को दमकल विभाग गंगाजल उपलब्ध करा रहा है। दमकल विभाग जिस दौरान गंगाजल का वितरण कर रहा था, उसे दौरान गंगाजल लेने के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। हर कोई गंगाजल पानी के लिए बेताब नजर आ रहा था। दमकल दस्तों के द्वारा गंगाजल वितरण चर्चा का विषय बना हुआ है।

## राष्ट्रीय आय व योग्यता परीक्षा में सफल छात्र हुए पुरस्कृत



पुरवा-उन्नाव।विकास खण्ड हिलौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय पंसरिया कम्पोजिट में 'राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025-26' में पास हुए छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें श्वेता मिश्रा रैंक 8, खुशी रैंक 16, दीपांशी रैंक 19 और सलोनी रैंक 33 को शामिल हैं। जबकि स्पेल बी व श्रुतलेख प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर विजेता श्वेता मिश्रा को भी पुरस्कृत किया गया। सुलेख प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर विजेता खुशी को भी विद्यालय परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह में एआरपी डीके मिश्र, शिक्षक संकुल सौरभ गुप्ता, प्रधानाध्यापक उदयभानु यादव, विज्ञान शिक्षक राजेश त्रिवेदी, गणित शिक्षक पंकज चौरसिया तथा अन्य शिक्षकों में सुधीर द्विवेदी, कुलदीप, असलम, सीता कैथवार, अर्चना सिंह, दिलीप आदि उपस्थित रहे। एआरपी डी.के.मिश्र ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन व मार्गदर्शन करते हुए शुभकामनाएं दीं। वहीं दूसरी प्राथमिक विद्यालय लालपुर अमरीखेड़ा में भी स्पेल बी व श्रुतलेख विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला किया दर्ज , जांच शुरू

पाटन उन्नाव।पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पारिवारिक जनों के साथ एक राय होकर हमला बोल दिया और मारा पीटा घटना की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है।बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम परसंडा के धर्मेंद्र लोध जय गोविंद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को सुमन लोधी अपने पति रज्जन लोधी व पारिवारिक जनों के साथ एक राय होकर पीड़ित पर लाठी डंडों से जान लेवा हमला कर दिया मारपीट की इस घटना में धर्मेंद्र लोधी को शारीरिक चोटे आई पीड़ित द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने नाम जद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्न पूछे जाने से परीक्षार्थी परेशान

सीतापुर।इंटरमीडिएट की गणित में चार सवाल पाठ्यक्रम से बाहर पूछे तथा एक सवाल गलत होने से परीक्षार्थी चकराते रहे। वहीं जीव विज्ञान में एक प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर पूछे जाने से परीक्षार्थी काफी परेशान रहे।सोमवार को प्रथम पाली में इंटरमीडिएट का गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई।गणित में एक नंबर में प्रश्न संख्या एक का (ङ), दो (घ), दो नंबर में प्रश्न संख्या तीन (ख), पांच नंबर में पांच (क) सहित चार प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर पूछे जाने से परीक्षार्थी काफी परेशान हुए। आठ नंबर का प्रश्न संख्या नौ (क) का पहला सवाल गलत बताया जा रहा है, जिसके चलते परीक्षार्थी खूब चकराए।गणित के शिक्षक आयुष वर्मा ने बताया कि समाकलन के प्रश्न में मान एक सिद्ध करना था जबकि उस प्रश्न का सही उत्तर शून्य होगा।जीव विज्ञान के शिक्षक अंब्रीश वर्मा ने बताया कि जीव विज्ञान में तीन नंबर का प्रश्न संख्या छह (ग) पाठ्यक्रम से बाहर पूछा गया।

## ईदुल फितर और होली को लेकर पीस कमेटी की बैठक



सीतापुर। हरगांव थाना प्रांगण मे सोमवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे ईदुल फितर और होली को लेकर नगर एव ग्रामीण अंचल के संभ्रांत नागरिको से आने वाले त्योहार शान्तिपूर्ण मनाने के लिए प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने अनुरोध किया साथ ही यदि कही कोई समस्या है तो खुलकर बताये ताकि समय रहते निराकरण किया जाए थाना प्रभारी.निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने सभी से हर्षोल्लास पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की, इस अवसर पर नगर पंचायत हरगांव अध्यक्ष गफ्फार खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल सभासद, प्रधान, अमित सिंह, अनुपम सिंह, सरदार हरदेव सिंह, गन्ना समित के डायरेक्टर समरू सिंह,उपनिरीक्षक लल्ला गोस्वामी, अमरजीत सिंह सहित बीडीसी सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मंदिर में लगे पांच घंटे चोरी

लहरपुर/सीतापुर।स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के ग्राम मानपुर स्थित प्रसिद्ध भुइयां माता मंदिर से चोरों ने मंदिर में लगे पांच घंटों को किया चोरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर स्थित भुइयाँ माता मंदिर के पुजारी भारत दास ने बताया की प्रातः काल मंदिर में पूजा अर्चना करने आने पर उन्हें मंदिर में भक्तों द्वारा लगाये गए 5 घंटो के चोरी किये जाने की जानकारी मिली, चोरी की सूचना पर भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में जमा हो गए और मन्दिर से घंटे की चोरी किए जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची तालगांव पुलिस ने स्थित का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी दीपक कुमार राय ने बताया कि सूचना मिली है सीसीटीवी कैमरों की सहायता से शीघ्र ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ने की भ्रष्टाचार की जांच की मांग


सीतापुर।राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच जिला अध्यक्ष एसके तूफानी के नेतृत्व में रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत बांसुड़ा, गौरा, चंदौली में किए गए भ्रष्टाचार को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेखा वर्मा को पत्र सौपा गया।पत्र में मांग की गई की ग्राम पंचायत बांसुड़ा में प्रधान पुत्र व भांजे सहित कई अन्य सगे संबंधियों पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है ।ग्राम पंचायत गौरा में नल रिबोर मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है।लेकिन वहाँ पर काम नहीं हुआ है ।वही सोकपिट निर्माण कार्य में भी बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा किया गया। ग्राम पंचायत चंदौली में आईडी किसी और कार्य की भुगतान किसी और कार्य का निकालकर जमकर फजीर्वाडा किया गया है स जिसकी जांच कर कार्यवाही की जाय। यदि जांच कर कार्यवाही नहीं की जाती है तो संगठन के पदाधिकारी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौपने वालों में एडवोकेट राजेश खन्ना, देवेंद्र सिंह, अखिलेश गौतम, मोतीलाल आदि शामिल हैं।

## कांग्रेस सांसद की वॉयस सैंपलिंग आज,एफएसएल लैब लखनऊ होगी जांच

सीतापुर।यौन उत्पीड़न के आरोप में जिला कारागार में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की वॉयस सैंपलिंग मंगलवार को होगी। पुलिस उन्हें जिला कारागार से लखनऊ स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला ले जाएगी।एक महिला नेता ने 17 जनवरी को सांसद के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। महिला ने सांसद से हुई बातचीत के ऑडियो रिकॉर्डिंग को साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंपा था। हालांकि, सांसद ने पहले ही इन ऑडियो में अपनी आवाज होने की बात स्वीकार कर ली थी।सांसद राठौर 30 जनवरी से कोतवाली नगर इलाके की जिला कारागार में बंद हैं।न्यायालय के आदेश के बाद अब उनकी वॉयस सैंपलिंग का रास्ता साफ हो गया है।प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला के अनुसार, लैब से अनुमति मिल चुकी है।वॉयस सैंपलिंग रिपोर्ट के बाद जांच को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# प्रगति में पाक खुद बाधक

भारत से अलग होकर पाकिस्तान को बने हुए आठ दशक होने वाले हैं। विभाजन के समय पाकिस्तान को पंजाब और सिन्धु जैसे क्षेत्र मिले जो प्रगति के मामले भारत से कहीं आगे थे। सिंध कारोबार का प्रमुख केन्द्र था तो पंजाब की धरती उपजाऊ थी। ब्लूचिस्तान की धरती के गर्भ में तो इतने खनिज भंडार हैं, जिसका अगर सही से उपयोग किया जाये तो पाकिस्तान की प्रगति में चार चांद लग सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रगति की राह पर आगे बढ़ाने के बजाय कट्टरपंथ, आतंकवाद व भारत से परस्पर दुश्मनी की जिस राह पर चला उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान दुनिया में एक विफल राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान दिनोंदिन पुख्ता कर रहा है। भारत से सैन्य प्रतिस्पर्धा में पाकिस्तान की सेना इतनी ताकतवर हो गयी कि निर्वाचित सरकार के पास बस उतना ही अधिकार होता है, जितना सेना उसे देती है। यहां तक कि चुनाव भी सिर्फ दिखावे के लिए होता है ताकि पश्चिमी देशों और कर्ज देने वाले अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की लिस्ट में सैन्य तानाशाही वाला देश होने से बच जाये। सच तो यह है कि पाकिस्तानी सेना जिसे चाहती है उसे प्रधानमंत्री बनाती है और जब चाहती है तब उतार कर जेल में डाल देती है। ऐसे में अगर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ यह दावा कर रहे हैं कि



पाकिस्तान कुछ दिनों में भारत से आगे निकल जायेगा और ऐसा न होने पर नाम बदल देने की जो शर्त लगा रहे हैं, वह दरअसल इस बात की स्वीकारोक्ति है कि पाकिस्तान अब भारत से बहुत पिछड़ चुका है। अब भारत और पाकिस्तान के बीच कोई तुलना बचती ही नहीं है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, भारत दुनिया में शांति, समृद्धि के लिए काम कर रहा है। कोरोना काल में पूरी दुनिया में वैक्सीन की आपूर्ति की, वैश्विक आईटी उद्योग में भारतीय युवाओं का दबदबा है। जबकि पाकिस्तान दुनिया भर में दो चीजों के लिए कुख्यात है। एक कर्ज लेने के लिए और दूसरा आतंकवादी तैयार करने में पाकिस्तानी का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। भारत अतुलनीय, ताकतवर और विकसित होता राष्ट्र है, जबकि पाकिस्तान को दुनिया के कई देश 'नाकाम देश' करार दे चुके हैं। फिर भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने छाती ठोंकते और कुछ हद तक उछलते हुए दावा किया है, मुल्क को भरोसा देने की कोशिश की है कि अगर रब ने चाहा, तो एक दिन पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे होगा ! हम खूब मेहनत करेंगे, तो इंशाल्लाह हिंदुस्तान से आगे जरूर जाएंगे। शहबाज शरीफ की यह गालबजाई हास्यास्पद है। भारत और पाकिस्तान एक साथ स्वतंत्र और संप्रभु देश बने थे, लेकिन आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और पाकिस्तान 45वें स्थान पर है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) फिलहाल 336 लाख करोड़ रुपये है जबकि पाकिस्तान की कुल अर्थव्यवस्था मात्र 32 लाख करोड़ की है। भारत की अर्थव्यवस्था 10 गुना अधिक है। पाकिस्तान कर्ज, भीख और दान पर चल रहा। पाकिस्तान कभी चीन, कभी सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात, तो कभी कतर आदि देशों से भीख मांगता रहा है। बदले में उसे मुल्क की जमीन-जायदाद पैसा देने वाले देशों को सौंपनी पड़ती है। वहां वे देश अपनी परियोजनाओं को विस्तार देते हैं। भारत और पाकिस्तान की तुलना किस आधार पर की जा सकती है ? भारत की आर्थिक विकास दर बीते साल आठ फीसद से भी ज्यादा रही है। बुरे दौर में भी छह फीसदी से अधिक आंकी गई है, जबकि पाकिस्तान की विकास दर मात्र 2.38 फीसदी है। इसमें भी बहुत झोल है। कुल मिलाकर अब भारत और पाकिस्तान के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था है और आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर विकसित देश बनने के लिए संघर्ष कर रहा है। जबकि पाकिस्तान जैसे-तैसे कर्ज जुटाकर पुराने की कर्ज की किश्तों के भुगतान के लिए जूझ रहा है ताकि दिवालिया होने बचा रहे है। ऐसे में भारत से आगे निकलने का दावा सिर्फ 'शेखी बघारना' भर है।

# यूक्रेनः एक तरफ कुआं, दूसरी तरफ खाई



अरविन्द जयतिलक

उपनिषदों में कहा गया है कि आप वैसे ही हैं, जैसे आपके फैसले हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने ह्वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ तू-तू, मैं-मैं करके इसे साबित कर दिया है। कहा जाता है कि सफलता फैसला करने से मिलती है न कि मौके से, लेकिन यह छोटी-सी बात यूक्रेनी राष्ट्रपति के समझ में नहीं आई और उसने बेहतरीन फैसला लेने का मौका हाथ से निकल जाने दिया। कूटनीति की दुनिया में एक अद्भुत कहावत है कि अगर आपकी गर्दन किसी के पैर के नीचे दबी हो तो उसे सहलाना ही श्रेयस्कर है। लेकिन मद में चूर जेलेंस्की पैर सहलाना तो दूर उस पर कटार चलाना ही चालाकी समझे। नतीजा सामने है। उन्हें बेआबरु होकर अमेरिका का भरोसा गंवाना पड़ा। वे चाहते तो अमेरिका के साथ दुर्लभ खनिजों पर डील करके अपनी स्थिति को मजबूत कर सकते थे, लेकिन जिस तरह उन्होंने अमेरिका को सुरक्षा गारंटियों की कसमें कबूलवाने की जिद पकड़ी उससे उनका दांव उल्टा पड़ गया।

> अमेरिका का साथ छूटने के बाद यूक्रेन को रूस के आगे घुटने टेकना होगा। यूक्रेन जिस डील को अमेरिका के साथ अंजाम देने से बच रहा है उस खनिज संपदा पर रूस हमेशा के लिए अपना आधिपत्य जमा कर बैठ सकता है।

अब मौका था डोनाल्ड ट्रंप के भड़कने की। इसका उन्होंने जबरदस्त फायदा उठाया। उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अमेरिकी मदद के बगैर आप दो सप्ताह भी युद्ध नहीं लड़ सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि हमने आपको एक मूर्ख राष्ट्रपति ( जो बाइडन ) के जरिए 350 अरब डॉलर की मदद की। सैनिकों के लिए साजोसामान दिए लेकिन आप कृतघ्न निकले। गौर करें तो यह सच्चाई भी है कि अमेरिका ने तीन साल से जारी युद्ध में रूस के खिलाफ यूक्रेन की सहायता के लिए अपने करदाताओं का बहुत अधिक धन खर्च किया। सच्चाई है कि अब अमेरिका पैसा देते-देते थक चुका है। देश के अंदर सवाल उठने लगा है। खुद अमेरिका भी रूस-यूक्रेन युद्ध की व्यवहारिक हकीकत को समझ चुका है। वह जानता है कि मौजूदा परिस्थितियों में जेलेंस्की की हार सुनिश्चित है। इसीलिए ट्रंप शांति स्थापित करने का बीड़ा उठाकर अपनी पोजिशनिंग मजबूत करना चाहते हैं। इसीलिए वे बातचीत में जेलेंस्की पर गरजते नजर आए। मौके को भांपते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने भी जेलेंस्की को खूब



खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि आपने इस मदद के लिए अमेरिका का आभार जताना तो दूर अमेरिकी चुनाव में डेमोक्रेट्स के लिए कैंपेनिंग तक की। दोनों नेताओं के बीच तल्खी के उपरांत समझना कठिन नहीं रह जाता है कि जेलेंस्की को लेकर ट्रंप के मन में क्या चल रहा है और यूक्रेन का भविष्य क्या है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इस नतीजे पर हैं कि जेलेंस्की शांति नहीं चाहते हैं और वे यूरोपीय देशों के उकसावे पर हैं। उन्होंने कहा भी कि 'आप लाखों लोगों की जिंदगी से खेल रहे हैं। आप तीसरे विश्व युद्ध की संभावना के साथ जुआ खेल रहे हैं। आप अमेरिका का अपमान कर रहे हैं।' विचार करें तो जेलेंस्की का रुख कुछ वैसा ही दिख रहा है। वह परिस्थितियों को समझने को तैयार नहीं हैं। वह रोशनी में बार-बार कपड़े बदलते दिख रहे हैं। उन्होंने ट्रंप को चेताते हुए कहा कि इस युद्ध का असर अमेरिका पर भी होगा। यानि हम तो भुगत ही रहे हैं तो आप भी भुगतेगें। अर्थात आप हमें युद्ध में अकेला छोड़कर सुरक्षित नहीं रह सकते हैं। उन्होंने संकेतों के जरिए यह भी संदेश दिया कि अगर अमेरिका साथ नहीं देता है तो भी यूरोपीय देश उनके साथ हैं।

**चिंतन**

व्हाइट हाउस में ट्रंप से तीखी बहस के बाद तकरीबन ढाई दर्जन देशों ने तत्क्षण ही यूक्रेन का समर्थन किया। इनमें कनाडा के अलावा यूरोप के कई देश हैं। मसलन फ्रांस, बेल्जियम, आयरलैंड, जर्मनी, नार्वे, आस्ट्रिया, रोमानिया, स्वीडन, पुर्तगाल, नीदरलैंड, चेक रिपब्लिक और फिनलैंड इत्यादि। लेकिन मजेदार बात यह कि कि इनमें से कोई भी देश अमेरिका के बगैर रूस के खिलाफ युद्ध में खुलकर सामने आने को तैयार नहीं हैं। दरअसल सभी देश अपनी हैसियत को अच्छी तरह जानते हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि द्वितीय विश्व युद्ध में उन्हें सफलता तभी मिली जब अमेरिका उनके साथ खड़ा हुआ। गौर करें तो ट्रंप-जेलेंस्की के बीच तकरार के लिए मुख्य रूप से जेलेंस्की का अव्यवहारिक रुख ही जिम्मेदार है। जब यह पहले से सुनिश्चित था कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वाशिंगटन आकर मिनिरल डील पर हस्ताक्षर करेंगे तो इस पर उन्हें कायम रहना चाहिए था। इसलिए कि यह डील उनके लिए रुस के साथ युद्ध में अमेरिकी समर्थन को बनाए रखने के लिए आवश्यक था।

हालांकि इसमें सच्चाई यह भी है कि मिनिरल डील ट्रंप की प्रेशर पॉलिटिक्स का हिस्सा है। राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन से पहले ही अनुरोध कर चुके थे कि वह अपने दुर्लभ अर्थ मिनिरल का 50 फीसदी हिस्सा अमेरिका के नाम कर दें ताकि जो बाइडेन के कार्यकाल के दौरान दिए गए अरबों डॉलर के वॉरटाइम सपोर्ट के लिए मुआवजा हासिल कर सकें। यूक्रेन के लिए अमेरिका के साथ अपने खनिज संसाधनों जैसे तेल और गैस का संयुक्त विकास करने के लिए तैयार होना मजबूरी थी। दरअसल इस समझौते का मकसद रूस के साथ संघर्ष में अमेरिका का साथ बनाए रखना था। लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि यूक्रेन के लोग इस डील के पक्ष में नहीं हैं और वे जेलेंस्की पर डील न करने का दबाव बना रहे हैं। यूक्रेन के नागरिकों का मानना है कि अगर यह डील हुई तो यूक्रेन दशकों तक अमेरिका का गुलाम हो जाएगा।

अब जेलेंस्की के आगे कुंआ और पीछे खाई है। कहा जाता है कि कुएं और खाई के चयन में किनारा कहीं नहीं होता। अगर जेलेंस्की अमेरिका के साथ डील करते हैं तो अपने नागरिकों का कोपभाजन बनना होगा और अगर डील नहीं करते हैं तो रूस के हाथों सर्वस्व लुट जाने के लिए तैयार रहना होगा। यह सच्चाई है कि 20 फरवरी, 2022 को प्रारंभ हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब तक यूक्रेन के तकरीबन 11 फीसदी हिस्से पर रूस का कब्जा हो चुका है। रूस के रक्षा मंत्रालय की मानें तो रूसी सेना ने यूक्रेन और रूस के कुर्स्क ओब्लास्ट दोनों में अनुमानित 1600 वर्ग मील से अधिक भूमि पर कब्जा कर लिया है।

विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार रूस के हमले से यूक्रेन को सीधे तौर पर 152 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर यह युद्ध थम जाता है तब भी यूक्रेन को खड़ा होने में कई साल लग जाएंगे। इसके लिए उसे 486 अरब डॉलर अर्थात 41 लाख करोड़ रुपये की जरुरत होगी। जाहिर है कि यूक्रेन के लिए इस नुकसान की भरपाई आसान नहीं है। इसलिए और भी कि यहां महंगाई अपने उच्चतम स्तर 10 फीसदी के आंकड़े को पार कर चुकी है। यूक्रेन संसद की बजट कमेटी के मुताबिक युद्ध के दौरान उनके देश को रोजाना 14 करोड़ डॉलर अर्थात 1200 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। गौर करें तो इस युद्ध से सिर्फ यूक्रेन और रुस को ही नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी तगड़ा झटका लगा है। दोनों देशों के बीच युद्ध से पहले 2021 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का ग्लोबल इकोनामी का अनुमान 6.6 फीसदी था जो आज आधे से भी कम रह गई है। आज की तारीख में अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के सभी देश महंगाई की चपेट में हैं। बेरोजगारी शिखर पर है। लाजिमी है कि इन परिस्थितियों के बीच रूस से युद्ध लड़ रहे यूक्रेन को अगर अमेरिका का साथ नहीं मिला तो उसका भविष्य क्या होगा। अमेरिका का साथ छूटने के बाद यूक्रेन को रूस के आगे घुटने टेकना होगा। यूक्रेन जिस डील को अमेरिका के साथ अंजाम देने से बच रहा है उस खनिज संपदा पर रूस हमेशा के लिए आधिपत्य जमा सकता है।

## सोशल मीडिया

महाकुंभ ने सांस्कृतिक व प्राकृतिक धरोहर के रूप में विश्व को भारत के प्रति एक नई दृष्टि प्रदान की है, लखनऊ में आज कुंभ के सफल आयोजन विषय पर संवाद किया। सीएम योगी.



भाजपाराज में अस्पताल का ढांचा तो है, लेकिन चिकित्सा का वो ढांचा नहीं है जिसमें डॉक्टर, नर्स और उनका पूरा स्टाफ होता है। दवाई, मशीन, जांच की व्यवस्था होती है। अखिलेश यादव



देश व दुनिया में रहने वाले भारतीयों में भी खासकर मुस्लिम समाज के सभी भाई बहनों और उनके परिवार वालों को कल से शुरू हुए रमजान के मुबारक महीने की दिली मुकारकबाद। मायावती.



# फुलेरा दूज से शुरू हो जाती है ब्रज की होली



पर्व/त्योहार

यूं तो होली का त्योहार पूरे भारत में ही नहीं बल्कि जहां जहां भारतीय लोग बसे हैं, पूरी दुनिया में मनाया जाता है। मगर होली का जो महत्व राधा और कृष्ण की लीलाभूमि ब्रज क्षेत्र में है, होली का वैसा उल्लास, वैसा सांस्कृतिक महत्व कहीं और देखने को नहीं मिलता। ब्रज में सिर्फ रंगों से ही होली नहीं खेली जाती, यहां फूलों, लड्डू और लट्ठ से भी होली खेली जाती है। वैसे तो ब्रज में होली की शुरूआत बसंत पंचमी से ही हो जाती है, लेकिन होली खेलने की शुरूआत फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से होती है, जिसे आम भाषा में फुलेरा दूज कहते हैं। यह दिन वास्तविक अर्थों में भगवान कृष्ण और राधा रानी को समर्पित है। माना जाता है कि इसी दिन भगवान कृष्ण ने राधा रानी को अपना प्रेम जताने के लिए फूल अर्पित किये थे और बदले में राधा रानी ने भी भगवान कृष्ण पर फूलों की वर्षा की थी।

इसलिए समूचे ब्रज क्षेत्र के लिए फुलेरा दूज का बहुत ही धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसी दिन से पूरे ब्रज क्षेत्र में फाग उत्सव की शुरूआत होती है। वृंदावन से फाग गाने वालों की टोली बरसाना आती है और फिर बरसाना की टोली और वृंदावन से आये फगहरियों की टोली के बीच खूब फाग गाये जाते हैं। इस दिन फूल, रंग, गुलाल सब कुछ का धमाल होता है और पूरे वेग से ब्रज क्षेत्र में होली का उत्सव शुरू हो जाता है। लेकिन फुलेरा दूज का महत्व सिर्फ होली के उल्लास तक ही नहीं सीमित, धार्मिक मान्यता के मुताबिक यह इतना मंगलकारी दिन होता है कि कोई भी शुभ कार्य जिसका मुहूर्त न निकला हो, वो सब इस दिन किये जा सकते हैं। मसलन बिना मुहूर्त के इस दिन विवाह हो सकता है। मुंडन संस्कार हो सकता है। गृह प्रवेश किया जा सकता है। जनेऊ संस्कार होते हैं और संपत्ति की खरीदारी तथा कोई नया बिजनेस शुरू करने के लिए भी यह सर्वाधिक शुभ दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन जो दंपत्ति भगवान कृष्ण और राधा रानी की विधिवत पूजा करते हैं, उनका दांपत्य जीवन खुशियों से भरा होता है। इस दिन व्रत रखने का विधान है। इस दिन भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा की जाती है और उन्हें सुगंधित रंग, अबीर, गुलाल चढ़ाया जाता है। इस दिन व्रत करने वालों को दिन में एक बार ही और सात्विक भोजन करना चाहिए। घरों और मंदिरों में इस दिन साफ सफाई होती है और मूर्तियों को नये वसन पहनाये जाते हैं। इस दिन को साल का सबसे मंगलकारी मुहूर्त वाला दिन यानी अबूझ मुहूर्त दिन भी कहते हैं। कृषि आधारित जीवन जीने वाले लोग इसी दिन से होली की विधिवत तैयारियां शुरू कर देते हैं। घरों में गुझियां, पापड़ आदि बनने का उपक्रम शुरू हो जाता है। प्राकृतिक तरीके से रंग और गुलाल बनाये जाने की शुरूआत होती है और फुलेरा दूज से शुरू हुआ उल्लास ब्रज क्षेत्र में रंग एकादशी तक अपने उरूज पर पहुंच जाता है। गौरतलब है कि ब्रज में सबसे ज्यादा होली का रंगीन उत्सव रंग एकादशी को मनता है, जिसकी शुरूआत फुलेरा दूज पर राधा और कृष्ण को फूल गुलाल अर्पित करने से होती है। ब्रज में फाल्गुन का महीना पूरी तरह से उत्सव और उल्लास का महीना होता है। इस महीने में सैकड़ो टन लड्डू होली खेलने में खर्च होते हैं और इस लड्डूमार होली का अलग ही महत्व होता है। देश में बहुत सारे त्योहारों को सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, लेकिन समूचे ब्रज क्षेत्र में जिस उल्लास के साथ होली का उत्सव मनता है, वैसा उल्लास देश में शायद ही किसी दूसरे त्योहार पर कहीं देखा जाता हो। फाल्गुन के महीने में हर ब्रजवासी, हुरियारे (होली खेलने वाले) में बदल जाता है और इस होली का केंद्रीय स्थल वृंदावन और बरसाना होता हैं। फाल्गुन के महीने में पूरे समय ब्रज क्षेत्र में कृष्ण लीलाओं का आनंद लिया जाता है। हर साल इस पूरे एक महीने में हजारों विदेशी पर्यटक इस अद्भुत होली उत्सव का आनंद लेने के लिए ब्रज में आते हैं, जिसकी शुरूआत फुलेरा दूज से होती है।

ब्रज में इसी दिन के साथ हर तरफ रसिया गानों की स्वर लहरी गमकने लगती है। फिजा में राधा कृष्ण के प्रेम के रसिया गीत गूंजने लगते हैं और इन्हीं रसिया गीतों की पृष्ठभूमि में कहीं लड्डुओं से होली की धमाचैकड़ी मची होती है, तो कहीं सुंदरियों के लट्ठ से ब्रज के पुरुष हुरियारे मीठी मीठी चोट खाकर होली का धमाल कर रहे होते हैं। यह पूरी तरह से हंसी खुशी और ठिठोली का उत्सव है। इस पूरे महीने ब्रज की फिजा में खूब रंग अबीर उड़ते हैं। बरसाना, नंदगांव, मथुरा और वृंदावन खास तौर पर इस उत्सव के मंच स्थल होते हैं। जहां ब्रज की खास होली की धूम पूरे महीने अलग अलग रूप रंग में दिखती है।

**धीरज बसाक.**

# अध्यात्म का ज्ञान

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है।

अंतर्दृष्टि

आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

# साहित्य को सुपाच्य रखिए

व्यंग्यलोक

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभु ! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खरार्टे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है- मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया ? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा- देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



पूरन सरमा

## विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।
-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।
-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।
-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।
-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।
-फ्रैंक कासले.

## आपकी बात

### बढ़ती महंगाई चिंताजनक

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटती कीमतों के मददेनजर यह जरूरी है कि सरकार पेट्रोल एवं डीजल के दामों में कुछ राहत प्रदान करे। कच्चे तेल के दाम काफी घट गये हैं लेकिन फिर भी सरकार दाम में कटौती नहीं कर रही है। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। मोदी सरकार ने राजनीतिक विरोध के बीच सख्त आर्थिक फैसले किये हैं। पॉपुलर पॉलिटिक्स नहीं की लेकिन तेल के दाम के सामने पूर्व में झुकना पड़ा। चुनाव के समय तेल के दाम घटाये गये लेकिन यह फिर से बढ़ गये हैं। यह चिंता की बात है। क्रूड के दाम घटने लगे हैं। इसलिए सरकार को टैक्स में कुछ कटौती करके तेल के दाम में और कमी लाना चाहिएऔर गैस के दाम में सब्सिडी के जरिए राहत देनीचाहिए।

**विवेक कुमार प्रजापति, लखनऊ.**

### संसाधनों का वितरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## 24 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 14 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 24 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## 2 शातिर चोर गिरफ्तार चोरी का सामान बरामद

**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज पुलिस ने मु0अ0सं0 120/25 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र सुन्दरलाल, सलीम पुत्र शरीफ निवासीगण ग्राम चंदवारा थाना सफदरगंज को फैक्ट्री से चोरी का लोहे का सामान बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## बीमारी से तंग युवक ने लगाई फांसी, मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिलखावां के मजरे अरकुना निवासी बालगोविन्द ऊर्फ पिंटू वर्मा ने बीती रविवार की रात अपने कमरे में पंखे के हुक से फांसी लगाकर जान दे दी। लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे इस युवक का शव परिजनों ने सुबह कमरे से निकाला और आनन फानन में ही अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की सूचना गांव में फैलते ही लोगों में चचाओं का माहौल गर्म हो गया। कांग्रेस के बैनर तले जिला पंचायत का चुनाव लड़ चुके इस युवक की मौत के बाद गांव में जहां मातमी सन्नाटा पसरा है। वहीं पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से ही इंकार किया है।

## स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

अयोध्या। सोमवार को नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अबू सराय, सहादतगंज अयोध्या का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने ओपीडी संचालन, औषधीय की उपलब्धता, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति, अभिलेखों का रखरखाव। उपस्थित समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी को निर्देशित किया कि आने वाले रोगियों व जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके इस और प्रयत्नशील रहना है ।

# अवध विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती समारोह आज

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय 04 मार्च को अपने स्वर्ण जयंती समारोह मनायेगा। समारोह की भव्यता के लिए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता मे दोपहर में रिहर्सल किया गया। रिहर्सल की शुरूआत कुलपति ने अधिकारियों एवं संयोजकों के साथ छात्र-छात्राओं

**● समारोह की अध्यक्षता करेगी राज्यपाल व मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी**

द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में मिलेट्स फूड, विभाग प्रगति एवं अवधी चित्रकला में राम की तैयारियों का अवलोकन किया। इसके उपरांत कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी के स्वर्ण जयंती पर आगमन के दृष्टिगत स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रस्थान का रिहर्सल किया गया। प्रेक्षागृह में छात्र-छात्राओं द्वारा वन्देमातरम, कुलगीत एवं कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि का स्वागत व कुलपति द्वारा स्वागत उद्बोधन का रिहर्सल किया गया। इस आयोजन में राज्यपाल के द्वारा स्वर्ण जयंती पुस्तक का विमोचन होगा जिसका कुलपति द्वारा रिहर्सल हुआ।

इस समारोह में कुलाधिपति द्वारा नवनिर्मित सरदार पटेल भवन का मंच से आनलाइन लोकार्पण व सर्वश्रेष्ठ पांच आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कृत किए जायेंगे। इसके अलावा स्वस्थ आगंनबाड़ी बालक बालिका तथा गोद लिए गए गांव के विद्यालयीय एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को विभिन्न प्रतियोगिता के आधार पर और स्नातक एवं परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत किया जायेगा। इसका भी रिहर्सल किया गया। इसके उपरांत कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम का भेट करने का रिहर्सल हुआ। समारोह का संचालन प्रो. एसएस मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव उमानाथ द्वारा किया गया। समारोह का समापन छात्र-छात्राओं के राष्ट्रगान के रिहर्सल से किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे स्वर्ण जयंती समारोह शुरू हो जायेगा। आमंत्रित आंगन्तुक आमंत्रित कार्ड व एक पहचान-पत्र के साथ प्रेक्षागृह में स्थान ग्रहण करना होगा। रिहर्सल में प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो. तुहिना वर्मा, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, प्रो. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. सुरेन्द्र मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

## रोजगार मेला आज

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर, अयोध्या द्वारा 04 मार्च को प्रातः 10 बजे से झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कम्पनियां यथा ब्राइट फ्यूचर, शिव शक्ति एग्रीटेक लि0, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि0, यूनाइटेड यंग्स इण्डिया, सिस्का इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेंट, यूनिवर्सल सोम्पो इंश्योरेंस, एस0बी0आई0 लाइफ, वैष्णवी इंटीग्रेटेड सर्विसेज एवं एल0आई0सी0 अयोध्या इत्यादि प्रतिभाग करेंगी। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, डिप्लोमा, एवं आई0टी0आई0 प्रतिभाग कर सकते है।

अभ्यर्थियों का सेवायोजन विभाग के पोर्टल (रोजगार मेला आई0डी0-2419), पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उक्त दिनांक में झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, परिसर, अयोध्या में उपस्थित हों। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं हुआ है, वे भी इस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# युवक की हत्या को लेकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ पुलिस चौकी पर जताया विरोध



जिला संवाददाता(vol)

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के बड़ागांव बिसौली के निकट एक युवक का शव बरामद हुआ।

**● पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद समझा - बुझाकर किया शांत**

जिसकी पहचान राज कुमार गोस्वामी उर्फ राजू उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ठाकुर गोसाई पुरवा कोटिया अमानीगंज के रूप में हुई।तब हत्या की वारदात खुलकर सामने आयी।जिसके चेहरे और सिर पर ईंट से कूँचे जाने का आरोप लगाया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी हंगामा के डर से बिना परिजनों को सूचना दिए और मौके पर पंचनामा भरे ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस चैकी पर पहुंचे ग्रामीणों के साथ परिजनों ने लगभग 2 घंटे तक विरोध जताया और शव को वापस लाने की मांग करने लगे। चैकी पर मौजूद क्षेत्राधिकारी सदर और इंस्पेक्टर रौनाही ने बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों को मना कर शांत किया। मृतक की पत्नी मिथलेश द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक आरोप है कि युवक अपनी बहन के गांव गोसाईं कुट्टी भंडारे में आया था। रंजिश के चलते इसके ही गांव के कुछ युवकों ने योजनाबद्ध तरीके से युवक को नशे में किया और पीट कर हत्या कर दी। शव बिसौली गांव के पास फेक कर फरार हो गए। एक दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज में युवक देर शाम शराब की एक दुकान पर जाते हुए दिखाई पड़ रहा है। एक लड़की तीन लड़कों के साथ चार बच्चों के पिता की इस हत्या के बाद पुलिस का जो रवैया सामने आया है उसे लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बिना परिजनों को सूचना दिए और मौके पर पंचनामा भरे ही पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज देना इलाकाई पुलिस को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। सी ओ योगेन्द्र कुमार ने कहा कि मृतक की पत्नी की तरफ से दी गई शिकायत पत्र में आरोपित लोगों के साथ मामले से जुड़े हर पहलू की छानबीन की जा रही है। केस दर्ज कर टीम बनाकर गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया है।

## राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के कैंपस में बन रहा 110 बेड का ट्रॉमा सेंटर

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** सीएम योगी के मार्गदर्शन में रामनगरी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी दिनोदिन समृद्ध हो रही है। घटना-दुर्घटना में विपरीत परिस्थिति आने पर अयोध्या को अब लखनऊ पर आश्रित नहीं रहना होगा, बल्कि सभी सुविधाएं यहीं मिल जाएंगी।

गंभीर से गंभीर मरीजों का इलाज भी यहीं हो सकेगा। इसके लिए अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। जून 2025 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहां एक ही छत के नीचे सारी अत्याधुनिक सुविधाएं मिल जाएंगी।

राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण 33 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कराया जा रहा है। शासन की ओर से निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद राजकीय निर्माण निगम ने काम शुरू करा दिया था।मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक चिकित्सा सेवा के लिए 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर व 60 बेड का इमरजेंसी मेडिसिन विभाग बनाया जा रहा है। यानी कुल 110 बेड की सुविधा होगी। अभी नए भवन में चल रहे ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को कठिनाइयां होती हैं। एक्सरे व सीटी स्कैन के लिए मरीजों को अलग भवन ले जाना पड़ता है। नए ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के बाद एक्सरे-सीटी स्कैन समेत तमाम जांच की सुविधा यहीं मिल सकेगी। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि भवन का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। अब तक लगभग 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसमें अत्याधुनिक लिफ्ट की भी सुविधाएं रहेंगी। ट्रॉमा सेंटर गंभीर मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। यहां एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी। मरीजों व उनके परिजनों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा।

# वारदातों से सहमा पुलिस चौकी क्षेत्र सत्तीचौरा

**सोहावल-अयोध्या।** रविवार की रात रौनाही पुलिस के लिए किरकिरी करने वाली रही। शाम से लेकर रात तक दो चोरी एक लूट एक हत्या की वारदात सामने आयी।जिसे लेकर दिन भर पुलिस की कार्य शैली पर लोग उंगली उठाते रहे और पुलिस

**● एक ही रात एक लूट दो चोरी एक हत्या की हुई बारदात**

सकते में दिखाई पड़ी।आरोप है कि शाम को अपनी दुकानदारी कर मोपेड से घर गांव करेरू लौट रहे युवक जितेंद्र कुमार कसौधन उम्र लगभग 26 वर्ष को मिश्रौली के पास रास्ते में खड़े एक युवक ने पहले रोका बाद में लूट की नीयत से चाकू से वार कर घायल कर दिया। गांव गांव समान बेंच कर लौट रहे युवक से लगभग 3 हजार की नकदी और इतने ही रुपये का सामान लूट लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शिकायत पुलिस को देते हुए युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए



जहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया है। चोरी की दो वारदातों में पहले चोरी पूरे कीरत कांटा चैराहे पर स्थित मां वैष्णो मोबाइल सेंटर और ज्वैलरी की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। जहां पीछे से नीव के नीचे खोदकर गड्ढे के रास्ते दुकान में घुसे चोरों ने लगभग 5 लाख की मोबाइल इससे जुड़े उपकरण और कुछ कीमती जेवरात सहित लगभग 5000 की नगदी पार कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस दिनभर छान बीन में जुटी रही। चोरी की दूसरी घटना इस्माइल नगर सिंहोरा निवासी राजा राम पुत्र राम प्रगट के घर सामने आई जहां छत के रास्ते घर में घुसे एक चोर ने घर की दो महिलाओं के रखे जेवर सहित लगभग 6000 की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी परिवार वालों को सुबह हुई। इस बाबा दी गई शिकायत में मौके से एक पर्स मिलना बताया जा रहा है। जिसे चोर का समझ कर गांव निवासी नन्हे पुत्र राम नारायण के विरुद्ध तहरीर दी गई है। चैकी प्रभारी सत्तीचैरा एस पी सिंह ने कहा कि घटनाओं की जानकारी के बाद पुलिस पड़ताल में जुटी है। चोरों की तलाश की जा रही है।

## विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में आयोजित हुई गोष्ठी

बहराइच 03 मार्च। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार, बहराइच में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में ह्यह्यचेन्जिंग माईन्ड सेट, ईमपॉवर योर सेल्फ टू मेक इअर एण्ड हेयरिंग केयर ए रिएलिटी फॉर ऑलह्नह्न की थीम पर आज दिनांक 03-03-2025 को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एम.एम.एम. त्रिपाठी, डी.एच.ई.आई.ओ. बृजेश सिंह, एन.पी.एन.सी.डी. कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के साथ-साथ ई.एन.टी. सर्जन डॉ. एस.के. वर्मा, डॉ. डी.बी. सिंह, डॉ. पी तिवारी आदि चिकित्साधिकारी एवं एएनएम मौजूद रही।

कार्यक्रम के नोडल डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि भारतीय उपमहाद्वीप में लगभग 63 मिलियन लोग गंभीर रूप से सुनने की समस्या से पीड़ित हैं। इस आंकड़े में बचपन के बहरेपन की हिस्सेदारी लगभग 22 मिलियन है। इस समस्या को देखते हुए बहरेपन की रोकथाम, डायग्नोसिस और मैनेजमेंट बेहतर ढंग से करना जरूरी है। ईएनटी सर्जन डॉ. एस.के. वर्मा ने बताया कि हर साल 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को बहरेपन की समस्या के बारे में जागरूक करना और इसके खतरों की जानकारी देना होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, आज के समय में 400 मिलियन लोगों अपनी सुनने की क्षमता खो चुके है। इसका बड़ा कारण यह है कि लोग अपने कान में होने वाली आम समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। डॉ. एस.के. वर्मा ने बताया कि लोगों द्वारा समय रहते श्रवण से सम्बन्धित समस्याओं पर ध्यान न देने से बहरेपन हो सकता है। बहरापन समाज को काफी हद तक प्रभावित करता है।

# प्रबंधक ने ध्वजारोहण कर किया सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**जैदूपुर,बाराबंकी।** सहयोगी आरबीपीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार सिंह ने ध्वजारोहण

**● सात दिनों में जो सीखा उसे जीवन मे उतारने का प्रयास करें: इं. अरुण वर्मा**

कर किया। समापन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि इं0 श्री वर्मा ने छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिविर का समापन हुआ है।

लेकिन हमने जो सात दिनों में सीखा है। वही जीवन मे उतारने का प्रयास करेंगे। आज से ही हमारे जीवन की बेहतर ढंग से जीने की शुरूआत है। हमे भविष्य में जब भी मौका मिलेगा।



तो चीजो को व्यवस्थित ढंग से करने का प्रयास करे।

इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विनोद कुमार गौतम, रजत बहादुर वर्मा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओ ने चयनित ग्राम रहीमाबाद व सतावां में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल गंदगी से होने वाली बीमारियों के प्रति ग्रामीणो को जागरूक किया। समापन कार्यक्रम मे डॉ0 अनीता वर्मा, प्रवक्ता राघवेंद्र सिंह, गीता वर्मा, हनुमान ज्ञानी, प्रदीप कुमार, प्रतिभा वर्मा, मधु, प्रियंका शुक्ला, निधि, आकांक्षा, आस्था, हर्षिता, राहुल, मुस्कान, रविता, सविका, सपना, उषा, अंजली मौजूद रहे।

## तीन लाख की धोखाधड़ी का आरोप, केस दर्ज

**बहेड़ी, बरेली।** स्कूल प्रबंधक ने एक निजी फाइनेंस कम्पनी पर तीन लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। घटना के बाद प्रबंधक ने मामले की शिकायत बहेड़ी पुलिस और एसएसपी ऑफिस में भी की थी लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जिसपर कोर्ट के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्राम छितौनिया निवासी रोहन सिंह गांव में ही मूलचंद मौर्य मैमोरियल विद्या मंदिर के प्रबंधक हैं। न्यायालय में दिये गए शिकायती पत्र में उनका कहना है कि उन्होंने 8 फरवरी 2023 को वरथाना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से 4,92,639/- रुपए का लोन लिया था। हर माह 15,374/- रुपए की ई एम आई बताई गई। 10 किस्तें जमा करने के बाद जब उन्होंने लोन से संबंधित दस्तावेज और कुल भुगतान की जानकारी मांगी तो कंपनी ने स्पष्ट जवाब देने से इनकार कर दिया।

# पान मसाले के प्रतिष्ठानों पर सहायक खाद्य आयुक्त ने मारा छापा

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने शहर स्थित दो पान मसाले व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर छापा मारा। छापे के दौरान टीम

**● एक्सपाइरी पान मसाला बरामद, लिया गया सैम्पल**

द्वारा पान मसाले का सैम्पल लिया गया। एक्सपाईरी डेट के पान मसालों को नष्ट कराया गया।

वैशाली ट्रेडर्स के पास सिग्नेचर पान मसाले की एजेन्सी है। जहां छापे के दौरान एक्सपायर सिंग्नेचर गुटखा गोमती पान मसाला कुल 21420 का विनिष्टीकरण कराया गया।

रजनी गन्धा के 10640 रुपए व पान बहार के 6900 रुपए के खाद्य सामग्री पान मसाले का सीजर किया गया। रजनीगन्धा और पान बहार मसाले का नमूना संग्रहित किया गया।



शहर के दूसरे प्रतिष्ठान आर्या ट्रेडर्स अयोध्या पर निरीक्षण करते हुए बड़ा कमला पसन्द, छोटा कमला पसन्द, राजश्री गोल्ड, राजश्री प्रीमियम की कुल 750000 रुपए की सामग्री सीज की गई। कमला पसन्द एवं राजश्री के नमूने संग्रहित किये गये।

सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाही की गई है।

एक्सपाईरी डेट के पान मसालों का विनिष्टीकरण कराया गया है। पान मसालों की सैम्पलिंग की गई है। लैब रिपोर्ट आने तक इस क्रय विक्रय बाधित रहेगा। उन्होंने बताया कि होली को देखते हुए 6 से 13 मार्च तक कार्रवाही के लिए टीमों का गठन किया गया है।

तहसील के एसडीएम तथा सिटी मजिस्टेट के नेतृत्व में दो खाद्य निरीक्षकों को लगाया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच ।** जनपद में आसन्न त्योहारों होलिका दहन, रंगों का पर्व होली एवं रमजान को सौहार्दपूर्ण एवं शान्ति पूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रशासन के साथ-साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों ने आशा व्यक्त की कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में होली व रमजान का त्यौहार आपसी भाई-चारे के साथ मनाया जायेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी एसडीएम व सीओ क्षेत्र का संयुक्त भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा क्षेत्र में सतर्कता बनाएं रखें। उन्होनें बताया कि पूर्व घटनाओं के दृष्टिगत त्योहारों पर संवेदनशीलता और समझदारी से स्थितियों पर समुचित नजर बनाये रखें। उन्होनें सख्त निर्देश दिये कि कहीं पर भी किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारों के अवसर पर समुचित साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल इत्यादि का उचित बन्दोबस्त किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ फाल्ट को समय से दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होनें



सभी ई.ओ. को निर्देशित किया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व फागिंग इत्यादि कराई जाय। विशेषकर धार्मिक स्थलों, होलिका दहन स्थलों, घाटों तथा जुलूस मार्गो इत्यादि पर विशेष प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने होली त्यौहार के अवसर पर सड़क दुघर्टनाओं में होने वाली मृत्यु पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की कि परिवार के युवकों बिना हेलमेट मोटर साइकिल चलाने की अनुमति न दे तथा उन्हें इस बात की सख्त ताकीज की जाय कि ओवर स्पीडिंग, ट्रिपलिंग एवं स्टण्ट जैसी गतिविधियों से दूर रहे। डीएम ने कहा कि शान्ति व्यवस्था में विघ्न डालने वालों को बक्शा नही जायेगा।डीएम ने बैठक में मौजूद धर्म गुरूओं, संभ्रान्तजनों व होली समिति के पदाधिकारियों से अपील की कि बैठक का सन्देश आमजन तक पहुंचाए।

जिले में कोई भी प्रतिकूल तथ्य की जानकारी होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन को उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आसन्न त्यौहारों को भी हम सभी लोग पूर्व में बीते त्यौहारों की भांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनायेंगे। डीएम ने बुजुर्गो से अपील की कि युवाओं एवं बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें तथा उन्हें संयमित व्यवहार के लिए प्रेरित भी करें। डीएम ने धर्म गुरूओं से अपील की कि पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें इससे ऐसे स्थलों की राउण्ड-द-क्लाक निगरानी हो सकेगी। उन्होनें बैठक में मौजूद सभी सम्मानित नागरिको, धर्म गुरूओं व होली समिति के पदाधिकारियों से 08 मार्च से शुरू होने वाले बहराइच महोत्सव में प्रतिभाग करने का निमंत्रण भी दिया। उन्होनें बताया कि महोत्सव में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों में मसाने की होली, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नाट्य जैसे इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि जिले में त्यौहारों के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। तथा सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। अराजकता फैलाने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था से खिलवाड करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि त्यौहारों के दौरान सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी।होली समिति के ह्यअध्यक्ष दीपक सोनी उर्फ दाऊजी ने सभी मौजूद लोगों को होली की बधाई देते हुए जिला प्रशासन से होलिका दहन स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, प्रकाश एवं जल की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं जाने का सुझाव दिया।

## होली व भजन से होगा महोत्सव का शुभारम्भ

**बहराइच ।** गेंद घर मैदान में 08 से 10 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव का 08 मार्च 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे रंगारंग शुभारम्भ होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपरान्ह 04:00 बजे से 05:00 बजे के बीच मुख्य अतिथि व अन्य अतिथिगण द्वारा शासकीय विभागों की प्रदर्शनी का दृश्यावलोकन एवं मेले का भ्रमण, दीप प्रज्ज्वलन तथा गोल्डन गर्ल्स द्वारा गणेश वन्दना तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी का उदबोधन होगा। इसके पश्चात अपरान्ह 05:00 बजे से 06:00 बजे तक शिव तांडव तत्पश्चात 02 जनप्रतिनिधियों का .02-02 मिनट का सम्बोधन, गोल्डन गर्ल्स द्वारा हनुमान चालीसा तत्पश्चात 02 जनप्रतिनिधियों का .02-02 मिनट का सम्बोधन होगा। इसी प्रकार सांय 06:00 बजे से 06:30 बजे तक गोल्डन गर्ल्स द्वारा शक्ति डांस व 02 जनप्रतिनिधियों का .02-02 मिनट का सम्बोधन, सांय 06:30 बजे से 07:30 बजे तक मसाने की होली तथा सांय 07:30 बजे से तृप्ति शाक्या द्वारा भजन की प्रस्तुति की जायेगी।

# नाट्य में अहिल्या बाई टीम व भाषण प्रतियोगिता में पार्थ त्रिपाठी अव्वल



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया।

विजेता प्रतिभागियों के लिए कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने उज्वल भविष्य की कामना की। समस्त महाविद्यालयों से कुल 128 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर नाटक प्रस्तुत किया। राम वनवास, अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र का मंचन, भरत मिलाप, अर्जुन के लिए कृष्ण संदेश, द्रौपदी वस्त्रहरण पर अत्यंत मनोहारी ढंग से छात्रों ने प्रतियोगिताएं प्रस्तुत की।

वहीं प्रतिभागियों ने भाषण प्रतियोगिता में दहेज प्रथा, बाल विवाह प्रतिबंध एवं कृषि में महिलाओं की भागीदारी आदि पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

नाट्य प्रतियोगिता में सामुदायिक विज्ञान की टीम अहिल्या बाई होलकर ने प्रथम स्थान व पशु चिकित्सा महाविद्यालय की टीम द्रौपदी वस्त्रहरण ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं दूसरी तरफ भाषण प्रतियोगिता में पार्थ त्रिपाठी प्रथम व अंश सिंह दूसरे स्थान पर रहे। छात्र-कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी एवं अधिष्ठाता डा. साधना सिंह की अध्यक्षता एवं महिला अध्यन केंद्र की अध्यक्ष डॉ पूनम सिंह के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ प्रीति सिंह, डा. श्वेता सचान, डॉ प्रज्ञा पांडेय, डॉ. मनप्रीत, डॉ अंजना राय सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

संक्षेप

## मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार

अमेठी ।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उ0नि0 राजेश श्रीवास्तव थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 38/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी से संबंधित प्रकाश में आये मोटरसाइकिल सवार 02 नफर अभियुक्त 1.सुरजीत सरोज पुत्र उदय राज उम्र करीब 19 वर्ष, .बीरेन्द्र कुमार पुत्र रामउदित उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण पूरब बेसारा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को धरौली चौराहा के पास से समय करीब 12.15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सके । पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनो ने इस मोटरसाइकिल को 15 फरवरी की रात्रि में गांव के ही विनोद कुमार के घर से चोरी किया था । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

## बोलेरो ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, मां-बेटी सहित चार घायल

अमेठी । संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठेगहा गाँव के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तेज रफ़्तार बोलेरो ने एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार माँ-बेटी और चालक सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद मौके पर पहुँची डायल 112 पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा चालक अमित मिश्रा (निवासी किशुनगंज, बाबूगंज, अंतू) अपनी गाड़ी चला रहे थे, जिसमें नरेंद्र यादव, उषा यादव (पत्नी बृजेंद्र, निवासी दला का पुरवा, छाछा) और उनकी बेटी सवार थीं। ई-रिक्शा अमेठी की ओर जा रहा था, जबकि छाछा मोड़ की ओर से आ रही तेज रफ़्तार बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए. अमित मिश्रा और उषा यादव की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।

## ओपीडी सेवाएं संचालित होने से मरीजों को मिली राहत

अमेठी। मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सक सुरक्षा और एक चिकित्सक के साथ अभद्रता व मारपीट के मामले में न्याय की मांग को लेकर शनिवार से हड़ताल पर चल रहे थे। चिकित्सकों की हड़ताल के कारण संजय गांधी अस्पताल की ओपीडी सेवाएं बंद थी। लेकिन इमरजेंसी सेवाएं चल रही थी।शनिवार रविवार और सोमवार दोपहर एक बजे तक ओपीडी सेवाएं बंद होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल आए तमाम मरीज ओपीडी सेवा संचालित नहीं होने से वह वापस लौट गए सोमवार को एक बजे के बाद जब ओपीडी सेवा संचालित हुई तो इंतजार कर रहे मरीज ओपीडी की कतार में लग गए।मरीज ने चिकित्सकों को दिखाकर दवा ली। वहीं अस्पताल के प्रशासन ने चिकित्सकों से वार्ता कर हड़ताल खत्म करने का अनुरोध करते हुए उन्हें आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त हो गई है संजय गांधी अस्पताल में ओपीडी सेवाएं अनवरत संचालित रहेंगी।

# दुर्घटना में 5 की मौत

### 6 गंभीर रूप से घायल



लालगंज रायबरेली। लालगंज रायबरेली नेशनल हाईवे पर बरस बाजार के सामने हुई भीषण दुर्घटना में 5लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुएहैं।चार लोगों की मौके पर ही और एक युवक की दौरान इलाज एम्स अस्पताल में मौत हुई है। मृतकों में तीन की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। 5 मृतकों में से महेश खेड़ा लालगंज निवासी ऑटो चालक रजनीश शर्मा और एकौनी निवासी निगम बेड़िया की पहचान हो गई है।घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार लालगंज नगर के महेशखेड़ा निवासी ऑटो चालक रजनीश उर्फ मोनू शर्मा( 28) पुत्र उमाशंकर अपने ऑटो में 10 सवारियां लेकर लालगंज से रायबरेली जा रहा था। अधिकांश सवारियां कचहरी तारीख पर जा रही थी। तभी बरस बाजार के सामने रायबरेली की तरफ से आ रहे डंपर ट्रक ने ऑटो में सामने से जोरदार टक्कर मार दिया जिसके कारण ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठी सवारियां भी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर बिखर गई। गंभीर रूप से घायल लोगों के चीख पुकार मचने पर आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर सड़क के किनारे किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने जहां सभी घायलों को लालगंज सरकारी अस्पताल पहुंचाया ।वहीं मृतक आटो चालक रजनीश शर्मा और ग्राम एकौनी थाना खीरों निवासी निगम बेड़िया पुत्र जैपाल सहित चारो मृतको के शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू किया।

भीषण सड़क दुर्घटना के चलते डलमऊ एसडीएम राजित राम गुप्ता और लालगंज क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घायलों को इलाज के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।घायलों में चार महिला और दो पुरुष शामिल हैं। सड़क दुर्घटना में थाना लालगंज शोभवापुर की सारिका देवी पत्नी सुनील पासी, मधु पुत्री सुनील पासी, गुद्धन देवी पत्नी काली किशन पासी और पूरे मुन्नी सिंह छिवलहा थाना सरेनी के रामसेवक यादव पुत्र विष्णु यादव ,छिवलहा की बबली सिंह पत्नी तेज प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हुई है।एक अन्य घायल की पहचान नहीं हुई है ।लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है।

## डीएम और सीडीओ ने पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण



सुलतानपुर (वीओएल)। शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी कुमार हर्ष और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने संयुक्त रूप से जल जीवन मिशन के अंतर्गत निमार्णाधीन पेयजल परियोजना अलहदादपुर-लखनपुर ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया।इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में पेयजल की सुलभ आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने निमार्णाधीन ट्यूबेल, पम्प हाउस, अवर जलाशय, पम्पिंग प्लांट, वितरण प्रणाली, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल और गृह सहयोजन जैसे तकनीकी कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन (ग्रामीण) ने बताया कि परियोजना की कुल लागत 300.92 लाख रुपये है, और इसका उद्देश्य 2990 जनसंख्या को पेयजल प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि ट्यूबेल, पम्प हाउस, पम्पिंग प्लांट, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल और गृह सहयोजन का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि वाटर टैंक और सप्लाई लाइन के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से गुणवत्ता पर ध्यान देने की बात कही, क्योंकि निर्माण कार्य के बाद अगले दस वर्षों तक मरम्मत का कार्य संस्था को ही करना होगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता को जल जीवन मिशन के तहत सभी निर्माण कार्यों का निरीक्षण रोस्टर तैयार करने का भी निर्देश दिया।

## नाले में मिला युवक का शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

अमेठी ।बाजार के लिए निकले युवक का शव गांव के बाहर नाले में मिला. परिजन रंजिश में हत्या का आरोप लगा रहे हैं. पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा. इसके बाद परिजनों ने पुलिस पर तहरीर मिलने के बाद भी केस दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया । मोहनगंज थाना क्षेत्र के राजा का पुरवा मजरे बारकोट गांव निवासी संतोष कुमार (28) बाइक से घर का कुछ सामान लाने की बात कहकर निकला. काफी देर तक जब संतोष घर नहीं आया तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर फोन किया तो बंद मिला. चिंता बढ़ने के बाद उसकी तलाश शुरू की।इसी बीच गांव से कुछ दूर स्थित नाले के किनारे उसकी बाइक दिखी. तलाश के दौरान संतोष का शव संदिग्ध हालात में नाले में पड़ा मिला. परिजनों के अनुसार संतोष के गले व हाथ में चोट के निशान थे ।पोस्टमार्टम के बाद शव बारकोट गांव पहुंचा.इसके बाद परिजनों ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी.पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया तो परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया. खबर लिखे जाने तक मान-मनौवल की जा रही थी. एसएचओ राकेश सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।इसके बाद केस दर्ज किया जाएगा. ।मृतक संतोष के भांजे राजेंद्र कुमार ने बताया कि शव पर चोट के निशान हैं. साफ है कि हत्या कर शव नाले में फेंका गया है. आरोप लगाया है कि चार लोगों ने पुराने विवाद में मामा संतोष को जान से मारने की धमकी भी दी ।

## देश के हर एक व्यक्ति के हाथों में देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाने की बड़ी जिम्मेदारी : फौजी भगवत प्रसाद मिश्र

अमेठी। करीब तीस सालों तक देश की सेवा में लगे सेना में सूबेदार पद से सेवानिवृत होकर घर लौटे फौजी के घर वापसी पर क्षेत्रवासियों ने जमकर स्वागत किया।सेवानिवृत फौजी अब देश सेवा की दूसरी कड़ी के रूप में सामाजिक सेवा में रहकर अपनी भूमिका अदा करेंगे। पूरे बिसेन धनापुर गांव के स्थाई निवासी भगवत प्रसाद मिश्र साल 1995 में थल सेना में बतौर सैनिक भर्ती हुए थे।सिपाही के बाद इन्हें लांस नायक ,नायक, हवलदार, नायब सूबेदार और फिर सूबेदार के पद से विभूषित किया गया। देश की सेवा में तत्परता ,लगन,निष्ठा और कर्तव्यपरायणता जैसे अनेकों गुणों के चलते इनको तीस साल की सेवाओं में साल दर साल विभागीय उन्नति मिलती रही।यही नहीं प्रोत्साहन और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इन्हें सेना में अनेकों बार मेडल और शील्ड से नवाजा गया।इनकी उत्कृष्ट सेवाओं से प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ों की तादाद में लोगों ने शनिवार को इनके अपने गृह जनपद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। वर्तमान में आवास विकास कालोनी में निवास कर रहे सेवानिवृत फौजी का स्वागत आवास विकास कालोनी के लोगों ने भी किया। आवास विकास कालोनी से निकलकर सेवानिवृत फौजी ने देवी पाटन मंदिर,हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन कर अपने आपको समाज और आजीवन देश के लिए समर्पित रहने का आशीर्वाद मांगा।

## डीएम-एसपी ने सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का जाना हाल



रायबरेली ।जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने थाना लालगंज अन्तर्गत ग्राम बरस में ऑटो व डम्फर में टक्कर की दुखद सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की तथा घायल मरीजों का हाल जानने के लिए जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। निरीक्षण के दौरान घायलों के स्थिति की जानकारी ली गई तथा उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए इलाज करने के निर्देश दिये ।निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ0 प्रदीप अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## शाकाहारी बनो, जीवों पर दया करो अभियान जारी



सुलतानपुर (वीओएल)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बनमई जयसिंहपुर में एक अहम गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को जीवों की हत्या और गौरैया बचाओ अभियान पर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मोनू यादव ने किया, और इसमें संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने भी अपनी महत्वपूर्ण बातें साझा की।

सौरभ मिश्रा ने कहा कि हम सबको यह समझना चाहिए कि मांसाहार छोड़कर शाकाहार को अपनाना चाहिए। निरीह और बेसहारा पशुओं की हत्या कर उनके मांस को खाना न केवल अमानवीय है, बल्कि इसका कोई औचित्य नहीं है। हमें यह सोचना चाहिए कि हम जिन जीवों को मार सकते हैं, क्या हमें उनका जीवन समाप्त करने का अधिकार है? उनके इस संदेश ने सभी को गहरे विचार में डाल दिया। प्रधानाचार्य युधिष्ठिर पांडेय ने कहा कि बाज, चील, पतंगों और प्रदूषण जैसे कारणों से आज गौरैया की संख्या में भारी कमी आई है। यह नन्ही चिड़ियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अगर हम इसे बचाने के लिए कदम नहीं उठाएंगे, तो यह प्रजाति समाप्त हो सकती है। उन्होंने कटका क्लब के अभियान को समर्थन देते हुए कहा कि हमें सभी को मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में सुशीला सिंह, सुप्रिया सिंह, भगवत प्रसाद वर्मा, संगम सिंह समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किए।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना अंतर्गत सैदपुर जमुरिया गांव में सोमवार शाम अज्ञात कारणों से आग लगने से दो छप्पर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों रुपये की गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई थी। गांव निवासी श्यामलाल अपने परिवार के साथ दैनिक कार्यों में व्यस्त थे, तभी अचानक उनके आवासीय छप्पर में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दो छप्पर, उसमें रखा अनाज, बर्तन और कपड़े पूरी तरह जल चुका था। घटना की सूचना पाकर उपनिरीक्षक गुलाब चंद्र पाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर राजस्व कर्मियों को जानकारी दी। पीड़ित श्यामलाल की बेटी की जून माह में शादी प्रस्तावित है, ऐसे में आग से हुए नुकसान से परिवार संकट में आ गया है। तहसीलदार हृदय राम तिवारी ने कहा कि राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित परिवार को शासन से मदद दिलाई जाएगी।

## चोरों ने उड़ाये जेवरात, नकदी व सामान



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मीरदासपुर गांव में रविवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर में सेंधमारी कर हजारों के कीमती जेवरात, नकदी और घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाक्षेत्र मीरदासपुर निवासी राम सुख वर्मा पुत्र राम कृपाल व परिवार के अन्य सदस्य रात को भोजन करने के बाद मकान के आगे के हिस्से में सोए हुए थे। रात करीब 2 से 4 बजे के बीच में अज्ञात चोर पीछे की दीवार में सेंध लगाकर घर में घुस आए। यहां से सोने की चेन, तीन अंगूठियां, चांदी के जेवर, 50 किलो सरसों, 25 किलो चना, पीतल के बर्तन और पचास हजार नकद पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो चोरी की जानकारी हुई,जिसके बाद हड़कंप मच गया। खोजबीन करने पर मकान के पास बक्सा और सौ मीटर दूरी पर गन्ने के खेत में तीन सूटकेस टूटा हुआ मिला। घटना की सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक एनामुल हक सिपाही ओम प्रकाश ने जांच पड़ताल की है। वहीं राम सुख ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## गौ-संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण




सुलतानपुर (वीओएल)।शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में, जिलाधिकारी कुमार हर्ष और सीडीओ अंकुर कौशिक ने निमार्णाधीन गौ-संरक्षण केन्द्र, अलहदादपुर, विकास खंड दूबेपुर का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गौ-संरक्षण केन्द्र में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निमार्णाधीन केन्द्र में 04 कैटल शेड, भूषा घर, पानी पीने की दो बड़ी चरही, एक छोटी चरही, सोलर पम्प, बाउण्ड्रीवाल, कैटलक्रश, इण्टरलॉकिंग और गेट जैसे कार्य किए जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ के अवर अभियंता ने बताया कि गौ-संरक्षण केन्द्र की कुल लागत 1.60 करोड़ रुपये है, जिसमें से प्रथम किश्त के रूप में 80 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय जांच कमेटी द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि अगली किश्त के लिए यू.सी. रिपोर्ट शासन को एक से दो दिन में प्रेषित की जाए। साथ ही, उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। यह गौ-संरक्षण केन्द्र क्षेत्र में गौवंश की सुरक्षा और देखभाल के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

## बारातियों को लेकर जा रही एक वैन डीसीएम से टकराकर हादसे का हुई शिकार

महराजगंज रायबरेली ।महराजगंज रायबरेली रोड परे बारातियों को लेकर जा रही एक वैन डीसीएम से टकराकर हादसे का शिकार हो गई। वैन पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि महराजगंज रायबरेली रोड पर नवोदय चैराहा स्थित पेट्रोल पंप से एक डीसीएम डीजल डलवाकर कर सड़क पर आ रही थी। तभी डीसीएम मोड़ते समय ही रायबरेली की तरफ से आ रही वैन जो कि कोतवाली क्षेत्र गांव अतरेहटा में आयोजित बुद्धि राम विश्वकर्मा की बेटी की शादी के बाराती थे। डीसीएम से टकराकर वैन हादसे का शिकार हो गई। जिसमें सवार भदोखर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा के रहने वाले सुरेश कुमार यादव 50 पुत्र पारसनाथ अनित शर्मा 27 पुत्र सोहनलाल सुखवीर 40 पुत्र राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं वैन के ड्राइवर पप्पू तिवारी सहित तीन अन्य बाराती घटना में बाल बाल बच गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी लाया गया। जहां सुरेश कुमार का पैर फ्रैक्चर होने के कारण डाक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया ।वहीं अन्य दो लोग को मामूली चोटे आईं जिनका सीएचसी में ही इलाज चल रहा है, । वहीं घटना के बाद डीसीएम चालक मौके पर से फरार हो गया। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में है, तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

## संविदा कर्मचारियों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



हरचंदपुर रायबरेली ।बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने जूनियर इंजीनियर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक दर्जन से अधिक संविदा कर्मचारियों ने पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। मामला रहवा विद्युत उप केंद्र 33/11 केवी का है। यहां कार्यरत संविदा कर्मी राकेश कुमार वर्मा ने जेई अमृतलाल पाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जेई उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। बिना किसी नोटिस के उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया और वेतन में भी कटौती की जा रही है ।संविदा कर्मचारियों का कहना है कि शासन के आदेश के अनुसार अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में काम करने वाले कर्मियों को नहीं हटाया जाना था। इसके बावजूद जेई ने उन्हें काम करने से मना कर दिया। वहीं जेई अमृतलाल पाल का कहना है कि संविदा कर्मी लगातार ड्यूटी से गायब रहते हैं। उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं करते। जब भी उनसे शिकायतों के निवारण के लिए कहा जाता है, वे अनुपस्थित रहते हैं ।ज्ञापन देने वालों में अवधेश कुमार, सर्वेश यादव, सुनील, राजेश, बलराम सिंह, सौरभ सिंह, रंजीत वर्मा, रामविलास, पंचम और धीरज सहित अन्य संविदा कर्मचारी शामिल थे।

## शहीदों की वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित



खीरो, रायबरेली। ग्राम गुलहरिहा मे सूबेदार एसके वाजपेयी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उन्नाव, रायबरेली, फतेहपुर के शहीद हुए फौजियो की वीरांगनाओ को बलिया से आए अमर शहीद राजमंगल पाण्डेय के प्रपौत्र संतोष कुमार पाण्डेय ने पुष्पमाला, अंगवस्त्र एंव प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे मौजूद विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट रामऔतार, सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी, कर्नल जेएन0 पाण्डेय, संतोष पाण्डे, ग्राम विकास विभाग के पूर्व कमिश्नर वीरभद्र त्रिवेदी ने भारत माता की प्रतिमा के पूजन के साथ चंद्रशेखर आजाद, सुभाषचंद्र बोस और मंगल पाण्डेय की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण कर शहीदो की पत्नियों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जनजागरण संस्थान एंव समन्वय परिवार की ओर से यह सराहनीय कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाता है।

## करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह पहुंचे जगतपुर




रायबरेली। करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह (वीरूभैया) रविवार की शाम जगतपुर पहुंचे। उनके साथ करणी सेना भारत के पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वीर प्रताप सिंह ने रायबरेली के युवा जिलाध्यक्ष योगेश सिंह उर्फ पिंकू सिंह के जगतपुर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके स्व. पिता अशोक कुमार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वीरू भैया ने अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया उन्होंने शोकाकुल परिवार का कुशल क्षेम भी जाना। करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह उर्फ वीरू भैया ने अशोक सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अशोक सिंह के निधन से हमें गहरा दुःख हुआ है। वे एक महान व्यक्तित्व के धनी और समाजसेवी थे। उनकी कमी समाज को हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने कहा कि अशोक सिंह के परलोकगमन कर जाने से हमारे समाज और देश को एक बड़ी क्षति हुई है। उनकी विरासत को हमें आगे बढ़ाना होगा। राष्ट्रीय हित में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना होगा। हमें अपने समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करना होगा ।बता दें कि बीती 10 दिसंबर को योगेश सिंह उर्फ पिंकू सिंह के पिता का इलाज के दौरान निधन हो गया था। इस अवसर पर करणी सेना के कई अन्य पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष मोनू सिंह भदौरिया , गुड्डू सिंह सेंगर, जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि छतोह , जिलाध्यक्ष अमेठी विजय सिंह , क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह , अंशू सिंह , कुलदीप सिंह , सुनीत सिंह , प्रफुल्ल सिंह , राहुल सिंह , निर्भय सिंह , अतेंन्द्र सिंह , सानिध्य सिंह , छोटू बघेल , अभय सिंह, अंकित सिंह , बिपिन सिंह अंशुमान सिंह , अजय सिंह उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने की लड्डू होली व लट्ठमार होली की समीक्षा

**मथुरा।** बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डूमार एवं लट्ठमार होली तथा मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्रा एवं मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से तैयारियों की समीक्षा की।

**मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में डीएम ने मंडलायुक्त को कराया अवगत**

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, सचिव अरविंद द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण विशेन, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, सीओ गोवर्धन आलोक सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार, सी.एम.ओ डॉ अजय कुमार वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने कहा कि पुलिस श्रद्धालु के भाव से ड्यूटी करें। अधिशासी अधिकारी बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि आवारा पशुओं को पकड़ा जाए, मेला क्षेत्र में अधिकाधिक दिशा सूचक चिन्ह लगाए जाएं, पुलिस अधीक्षक यातायात और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की संयुक्त टीम सभी पार्किंगों में गाड़ी खड़ी करवाएंगे, कोई भी पार्किंग खाली न रहे, रोड पर गाड़ी खड़ी नहीं होनी चाहिए। सभी गाड़ियां व्यवस्थित रूप से पार्किंग में ही पार्क की जाएं।

मंडलायुक्त ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम की गुणवत्ता उच्च स्तर की होनी चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे। मंडलायुक्त ने मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से कहा कि नगर पंचायत बरसाना का सहयोग करते हुए सजावट का कार्य अच्छा कराया जाए। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूप रेखा के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मंडलायुक्त को अवगत कराया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि पार्किंग और मंदिर में बैरिकेडिंग मजबूत बनाई जाए तथा पार्किंगों की रैंप भी अच्छी बनाई जाए। 7 जोन व 18 सेक्टर में मेला की व्यवस्था की गई है, जिसमें पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने अपने अधीनस्थों से कहा कि मथुरा जनपद में आने वाले श्रद्धालु एक अच्छी छवि लेकर जाएं, सभी पुलिस कर्मी श्रद्धालुओं के विनम्रता के साथ व्यवहार रखेंगे। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने अवगत कराया कि बरसाना में सेल्फी प्वाइंट, सांस्कृतिक मंच तथा साज सज्जा की जा रही है।



जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित करें। पानी का छिड़काव शुरू कराया जाए, प्राइवेट डस्टबिन को रास्तों से हटाया जाए तथा रोप वे को सजाया जाए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निवेदन किया है कि आगामी दिनों में श्री राधारानी जी मंदिर को दर्शन करने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक जूते चप्पल पहन कर न आए।

बैठक के पश्चात सभी ने हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि हेलीपैड के सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ससमय तैयार किया जाए। हेलीपैड निरीक्षण के बाद सभी ने श्री राधा रानी जी मंदिर का निरीक्षण किया, आवागमन मार्गों का जायजा लिया, प्रवेश व निकास द्वारों का अवलोकन किया, सेवायतों से वार्ता की तथा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री राधा रानी जी मंदिर के निरीक्षण के उपरांत सभी ने श्री राधा बिहार इंटर कॉलेज के ग्राउंड में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित रंगोत्सव 2025 कार्यक्रम की तैयारियों के कार्यों का अवलोकन किया।

## महिला की गला रेतकर हत्या

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना अंतर्गत टेढ़ी बगिया में सुबह बोरे में एक महिला का शव मिला है। महिला का गला धारदार हथियार से रेता गया है। हत्या कर शव को बोरे में भरा गया है। बोरा खाली प्लाट में मिला है। शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिला की शिनाख्त 45 साल की गीता देवी के रूप में हुई है। सूचना पर डीसीपी सिटी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं दूसरी ओर थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के कटरा वजीर खां में एक युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार गृह क्लेश के चलते युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। कटरा वजीर खां में राहुल पुत्र संजय शर्मा ने फांसी लगा ली। राहुल ने दो शादियां की थीं। युवक मामा के भट्टे की दुकान पर काम करता था। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। मौके पर जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के पीछे गृह क्लेश की आशंका है। घटना को लेकर पुलिस युवक के परिजनों से पूछताछ कर रही है। मृतक की मां की ओर से शव का पोस्टमार्टम करने के लिए मना कर दिया गया, हालांकि पुलिस ने परिजन को समझा बुझाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। राहुल की पहली पत्नी सलोनी, जिससे दो बच्चे 12 वर्ष की बेटी मोहनी और आठ वर्ष का बेटा रिषी है। दूसरी पत्नी रानी, जिससे एक बेटा राघव सात वर्ष व एक बेटी राधिका पांच वर्ष है। वह नुनिहाई में छोले भटूरे की दुकान लगाता था।

## अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के नव नियुक्त प्रदेश सचिव का स्वागत किया



**टूंडला।** अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ कार्यालय पर अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के नव नियुक्त प्रदेश सचिव बने चौ.उदय प्रताप सिंह वर्मा का जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया द्वारा मुझे जो प्रदेश के महत्वपूर्ण पद पर आसीन किया है उसको मै पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और समूचे प्रदेश के जाट समाज को एकजुट करूंगा, स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां, प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, भवानी सिंह, राजीव मल्होत्रा, जितेन्द्र पंजवानी, भाषेंद्र सिंह, सनी कुमार, देवांशू प्रताप सिंह, हर्ष कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

## कमला नगर में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र शुरु

**आगरा।** महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ने अनूठी पहल करते हुए निःशुल्क कंप्यूटर केंद्र की शुरूआत की है। कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल सेंटर के द्वितीय तल पर कंप्यूटर केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि आइटी एक्सपर्ट अमित अग्रवाल ने कंप्यूटर लैब का फीता खोल कर किया। प्रोजेक्ट इंचार्ज व महासचिव राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग मेधावी कन्याओं के लिए अकाउंटिंग में निपुण करने के लिए टैली, जीएसटी जैसे छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज से 30 विद्याथीर्यों के दो बैच शुरू हुए है। अध्यक्ष ओंकारनाथ गोयल ने बताया कि वातानुकूलित वातावरण कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर बच्चो को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अव्वल बच्चो को निजी संस्थानों और कार्यालय में नौकरी भी लगवाने में सहयोग किया जाएगा। सभी ने सेवा सदन की पहल का कार्यक्रम में स्वागत किया। सभी का धन्यवाद कौशल किशोर सिंघल ने दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष अतुल बंसल, सुनील गोयल, आकाश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, सुभाष चंद गोयल, जेपी अग्रवाल, रूप किशोर अग्रवाल, अनुरंजन सिंघल, एसके अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, उमेश कंसल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, संजय बंसल, राकेश मोहन, अनूप गोयल, मनीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, संजय गोयल, टीएन अग्रवाल, सुनील विकल आदि मौजूद रहे।

# धोखधड़ी कर बुजुर्ग के प्लॉट का बैनामा कराने पर केस दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

**टूंडला।** धोखाधड़ी कर एक बुजर्ग के प्लॉट का बैनामा कराने पर थाना टूंडला पर मुख्य साजिशकर्ता आरोपी ललित जैन व अन्य बैनामा कराने वाले लोगों के साथ साजिश कर्ता गवाहों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

रूपेन्द्र सिंह पुत्र स्व बैजनाथ सिंह गांव जैगारा थाना कागारौल जिला आगरा निवासी ने थाना टूंडला में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी ग्राम टूंडली तहसील टूंडला में जमीन गाटा सं0-385क मे सह हिस्सेदारी है।

दिनांक 13.08.2024 को ललित जैन पुत्र स्व सुनहरी लाल जैन निवासी टूण्डला अपने 3-4 साथियों के साथ गांव पहुँचा और ललित जैन ने उसको बातो में फंसाकर कहा कि मैं यहां से गुजर रहा था आप अच्छे मिले चलो टूण्डला चलों अपने भाई से मिल लेना वो बीमार है और अपनी कार में बैठा लिया तथा और टूण्डला लाकर उसे फिरोजाबाद रोड बसई स्थिति कलोनी में ले गये वहां प्रार्थी को अत्यधिक शराब पिलाकर बेहोशी की हालत में उससे उसकी जमीन में 4प्लाटो का बैनामा करा लिया और उसे रात्रि को गांव जंगारा के बाहर छोडकर भाग आये। दिनांक 11.11.2024 को जब उसके बडे भाई का पौत्र सचिन कुमार किसी कार्यवश तहसील टूण्डला गया तो उसको यह जानकारी हुयी, इसके पश्चात सचिन द्वारा यह बात अपने परिवार में बताई तो सचिन व सचिन के चाचा अगले ही दिन मेरे पास आए और जमीन में प्लाटो के बैनामा की बात कही तब मैंने बताया कि मुझे नहीं मालूम मुझे ललित जैन लेकर गया था और पूरे दिन शराब पिलाई थी बैनामो की मुझे कोई जानकारी नहीं है।

दिनांक 14.11.2024 को जब उक्त कथित बैनामों की प्रमाणित प्रति प्राप्त हुयी तब यह जानकारी हुयी कि ललित जैन द्वारा षणयंत्र एवं जालसाजी के तहत प्रार्थी को शराब पिलाकर, अत्यधिक नशा कराके प्रार्थी से उसकी संम्पत्ति गाटा सं0-385क में से चार विक्रय पत्र दिनांक 13.08.2024 को बही सं0-1 जिल्द सं0-6338 के पृष्ठ सं0-223 से 236 तक क्रमांक 6604 ममता पत्नी देवेन्द्र कुमार निवासी ग्राम समसपुर तहसील जलेसर जिला एटा के पक्ष में, बही सं0-1 जिल्द सं0-6338 के पृष्ठ सं0-237 से 250 तक क्रमांक 6605 सपन पुत्र सुनील कुमार बली व सरक्षक सुनील कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी 58 मेहताब नगर फिरोजाबाद के पक्ष में में तथा बही सं0-1 जिल्द सं0-6338 के पृष्ठ सं0-251 से 264 तक क्रमांक 6606 व बही सं0-1 जिल्द सं0-6338 के पृष्ठ सं0-265 से 278 तक क्रमांक 6607 मनीष जैन पुत्र पवन कुमार जैन निवासी 17/9 शिवनगर थाने के पीछे टूण्ड़ला तहसील टूण्डला जिला फिरोजाबाद के पक्ष में करा लिये है।

जानकारी मिलने पर मैने एसएसपी फिरोजाबाद को बताया कि ललित कुमार जैन ने एडवोकेट एवं उपनिबन्धक कार्यालय के कर्मचारियों ने आपसी षणयंत्र एवं साजिश के तहत उसके साथ छल, कपट कर एवं कूट रचना करके नशे की हालत में बिना होश हवास एवं बिना स्वतन्त्र सहमति के एवं बिना प्रतिफल अदा किये फर्जी विक्रय पत्र पंजीकृत कराये है जबकि बैनामों में प्रार्थी को चेक से तथा नगद भुगतान करना अंकित किया है लेकिन प्रार्थी द्वारा न तो कोई सौदा न बैनामा किया गया है और न ही कोई चेक लिये गये है और न ही नगद रूपया प्राप्त किया गया है। जो कि पूरी तरह से जाली, फर्जी, कूटरचित दस्तावेज और उक्त बैनामों को असल के रूप में प्रयोग में ला रहें है। उपरोक्त लोग काफी दवंग और माफिया प्रवृत्ति के लोग है तथा प्रार्थी को कोई कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। जिस पर एसएसपी के आदेश पर थाना टूंडला में उक्त लोगों के विरुद्ध धोखधड़ी कर बैनामा कराए जाने पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ताज व्यू प्वाइंट से ताज देखना हुआ महंगा

**आगरा।** मेहताब बाग ताज व्यू प्वाइंट से रात में ताजमहल को देखने के लिए अब चार गुना ज्यादा कीमत में टिकट लेना होगा। बिना किसी पूर्व सूचना के टिकट की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। मेहताब बाग स्थित ताज व्यू प्वाइंट से ताजमहल को देखने के लिए पर्यटक पहुंचते हैं। इसका निर्माण एडीए ने 2018-19 में कराया था। इसका उद्देश्य ताज के रात्रि दर्शन में पर्यटकों को सुविधा देना था। लेकिन अचानक बढ़ी कीमतों से सभी हैरान हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए दिन का टिकट 50 रुपये से बढ़ाकर 200 और रात का टिकट 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। देसी पर्यटकों को 15 रुपये की बजाय 20 रुपये दिन में और रात में 50 रुपये की बजाय 200 रुपये देने होंगे। गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक दान का कहना है कि जबकि ताज रात्रि दर्शन का टिकट भारतीयों के लिए 510 रुपये, विदेशियों के लिए 750 रुपये है। दिन में यह टिकट 50 और 1100 रुपये का है। ताज में मुख्य मकबरे पर 200 रुपये का टिकट अलग से लागू है। ताज व्यू प्वाइंट से पर्यटकों को कम कीमतों में ताज दिख जाता था। लेकिन अब पर्यटकों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। इसी तरह अन्य पर्यटक संस्थाओं के पदाधिकारी भी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि पर्यटन सीजन के बीच इस तरह का फैसला गलत है।

## सहकार भारती संगठन से ही आत्मनिर्भर बनेगा भारतः राकेश शुक्ला

**आगरा।** आगरा में आज दिनांक 2 मार्च 25 दिन रविवार को सहकार भारती आगरा विभाग की बैठक सरस्वती शिशु मान्दिर कमलानगर में सम्पन्न हुई। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश सुनील गुप्ता, प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश देवेन्द्र स्वरूप वर्मा, महिला प्रमुख उत्तर प्रदेश मीनाक्षी राय, प्रभारी आगरा मंडल राणा प्रताप सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एवं अध्यक्षता कर रही श्रीमती करुणा नागर, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक विश्वेन्द्र जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यालय प्रमुख अंकित जी, सह एसजी प्रमुख उत्तर प्रदेश नम्रता सिंह, आगरा, मथुरा, फि रोजाबाद एवं मैनपुरी ज़िला एवं महानगर के पदाधिकारी, आगरा महानगर के महामंत्री रोहित तवकले, अशोक कपूर, दुर्गेश पाण्डेय, हिमांशु सिंह, डॉ दिवाकर तिवारी, सुरेश तिवारी, बाबूलाल छोकर, अनुज खंडेलवाल, गजेंद्र शर्मा, डॉ डी एस तोमर, संजय त्रिपाठी, डॉ नम्रता निश्चल, राजकुमार सिंह, केशव सिंह, अनूप सिंह, विशाल दीक्षित, देवेन्द्र कुशवाहा, सरोज कुशवाहा, के पी सिंह, प्रो॰ पी के सिंह, डॉ भूपेंद्र सिंह, राजेश पचौरी, रंधीर सिंह, प्रांजल पचौरी, मीना शर्मा, पंकज भाटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश शुक्ला विभाग संयोजक आगरा मण्डल, अध्यक्षता नागर जी ने किया और रोहित एवं अशोक कपूर ने कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में अहम भूमिका रही। आगरा मण्डल के अन्तर्गत प्रदेश के अन्य पदाधिकारी एवं समस्त जिला एवं महानगर इकाई पदाधिकारियों के साथ अनेक सहकार कार्यकर्ता एवं महिलाएँ उपास्थित रही। सभी ने आगरा मंडल द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की एवं मार्च के अंत तक पांच सौ नए सदस्य बनाए जाने का सुझाव दिया।

# विंध्याचल हाउस ने जीती ओवरआल चैंपियनशिप

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय ह्यसंस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025ह्व में विंध्याचल हाउस ने 22 स्वर्ण पदक हासिल कर ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी पर कब्जा कर लिया। वहीं 16 गोल्ड मेडल जीतकर नीलगिरी ने उप विजेता का खिताब जीता।




संस्कृति विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय ह्यसंस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025ह्व के अन्तर्गत क्रिकेट, रस्साकशी, लॉन्ग टैनिस, बास्केट बॉल, कब्बडी, गेंदतडी (पिट्ठू), फुटवॉल, वेडमिन्टन, केरम, चैस, डिस्कथ्रो, जेवलिन थ्रो, शॉटफुट, टेबिल टेनिस, 100 तथा 200 मीटर दौड़ व रिले खेलों का आयोजन किया गया। महिला क्रिकेट की चैंपियनशिप नीलगिरी हाउस अरावली हाउस को हराकर जीती। अरावली टीम की कप्तान आकांक्षा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई वहीं नीलगिरी की टीम की कप्तान मेहरीन ने अपनी टीम का कुशल नेतृत्व किया। पुरुषों की क्रिकेट चैंपियनशिप अरावली हाउस की टीम ने नीलगिरी हाउस को हराकर जीती। रस्साकसी प्रयोगिता में पुरुषों की टीम में शिवालिक ने गोल्ड, अरावली ने सिल्वर और नीलगिरी टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं महिला खिलाडियों की रस्साकसी प्रतियोगिता में अरावली हाउस ने नीलगिरी को हराकर गोल्ड, नीलागरी ने सिल्वर तथा विध्यांचल ने कांस्य पदक हासिल किया। लॉनटेनिस(महिला) में अरावली की संस्कृति ने गोल्ड, नीलगिरी की आयुषी ने सिल्वर तथा विध्यांचल की खुशी ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों में अरावली के गुड्डु गोल्ड, शिवालिक के प्रदीप सिल्वर व विध्यांचल के वीर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। डबल्स(महिला) में अरावली की संस्कृति और सुरभि ने गोल्ड, विध्यांचल की खुशी और दुर्गेश ने सिल्वर और नीलगिरी की आयुषी और प्रतिका ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों के डबल्स में विध्यांचल के वीर और ईशु ने गोल्ड, नीलगिरी के अमन और रसिक ने सिल्वर, शिवालिक के यश श्रीवास्तव और अभय ने कांस्य पदक जीता। कब्बड्डी(महिला) में विध्यांचल ने गोल्ड पदक पर कब्जा किया। वहीं पुरुषों में नीलगिरी के हाथ गोल्ड लगा। महिलाओं में सिलवर नीलगिरी व कांस्य पदक अरावली के पास रहा। वहीं पुरुषों में सिलवर विध्यांचल और कांस्य शिवालिक टीम ने प्राप्त किया। फुटबॉल(पुरुष) में अरावली ने गोल्ड, नीलगिरी ने सिलवर और विध्यांचल ने कांस्य पदक जीता। फुटबॉल(महिला) में नीलगिरी ने गोल्ड, शिवालिक ने सिलवर व अरावली टीम ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। बेडमिन्टन(महिला) सिंगल में विंध्याचल ने गोल्ड, अरावली ने सिल्वर और नीलगिरी ने कांस्य पदक जीता। बैडमिंटन(पुरुष) में नीलगिरी ने गोल्ड शिवालिक ने सिलवर व अरावली ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। वेडमिन्टन डबल्स(महिला) में विध्याचल ने गोल्ड, अरावली ने सिल्वर और शिवालिक हाउस ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। बास्केट बॉल(महिला) में विध्यांचल को गोल्ड, पुरुषों में नीलगिरी ने गोल्ड जीता। कैरम(महिला) सिंगल का गोल्ड अरावली की तृप्ती ने जीता। डबल में नीलागरी टीम की भानुप्रिया व शगुन ने गोल्ड जीता। कैरम(पुरुष) सिंगल में नीलगिरी के सागर ने गोल्ड, विध्यांचल ने सिल्वर व अरावली ने कांस्य पदक जीता।इसी तरह से अन्य खेलों में विजेता हाउस और खिलाड़ियों को एक समारोह के दौरान ट्राफी और पदक देकर सम्मानित किया गया। पदक और ट्राफी जीत के खिलाड़ियों के चेहरे खिल गए और वे जोश से भर गए। कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा अधिकारी मो.फहीम, संचालन सहयोगी डा. दुर्गेश वाधवा, ज्योति यादव, प्रशासनिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, छात्र यश श्रीवास्तव, छात्रा जाह्नवी को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।हार को गले नहीं लगानाःडा.सचिनस्पोर्ट्स फियेस्टा 2025 के समापन अवसर पर संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सचिन गुप्ता ने सभी प्रतिभागी टीमों के खिलाडियों को बधाई दी।

## खंदौली में 15 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**आगरा।** खंदौली कस्बा के मलूपुर मार्ग स्थित श्री भगतजी फार्म हाउस में कंडेरे समाज समिति (भारत) के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़े एक दूजे के हुए। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जोड़ों को शादी की शुभकामनाएं दीं। विधायक डा. धर्मपाल सिंह ने भी आशीर्वाद दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाहा खंदौली ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा धर्मेंद्र सिंह जिला सचिव समाजवादी पार्टी कंडेरे समाज समिति, भूरी सिंह, रामेश्वर करण, जीतू करण, नीरज करण, सोवरह कंडेरे गोपाल चूरामन सिंह जया करण अशोक भगवान सिंह महीपाल राजकुमार रामकुमार मुंशी सूरजभान सिंह सुरेश सिंह संतोष सिंह इंद्रजीत सिंह चौधरी विवेक छोटूआदि मौजूद रहे! राज्य मंत्री ने जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियाँ पर कड़ा प्रहार किया और सभी से इस प्रथा को खत्म करने के लिए आगे आने की अपील भी की, विधायक धर्मपाल ने कंडेरे समाज के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला, और इस तरह के आयोजनों पर आयोजकों को बधाई दी। ज़िला सचिव धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी को बधाई और अतिथियों का शुक्रिया अदा किया उन्होंने कहा की कंडेरे समाज की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस समाज के लिए जनप्रतिनिधियो से मदद की प्रार्थना की। भाजपा ज़िला अध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाह ने कंडेरे समाज की शहर देश की प्रगति में की गयी सहभागिता पर प्रकाश डालते हुए समाज की प्रगति की कामना की उन्होंने कहा की उन्होंने कहा की कंडेरे समाज ने सीमित संसाधनों के वावजूद इतना भव्य आयोजन कर समाज को एक अच्छा संदेश दिया है।

## तालाब में डूबा 2 साल का बच्चा

**आगरा।** एत्मादपुर के खंदौली में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। पेतखेड़ा निवासी अजय जुरैल का 2 वर्षीय बेटा वैभव घर के सामने बने तालाब में गिर गया। बच्चे की आवाज सुनकर उसकी मां विनीता ने तालाब में छलांग लगा दी। विनीता तैरना नहीं जानती थीं। वह भी डूबने लगीं। मौके से गुजर रहे एक राहगीर ने तुरंत तालाब में कूदकर विनीता को बाहर निकाला। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीएम मौके पर पहुंच गए। घटना सुबह करीब 9 बजे की है। अजय का घर तालाब के किनारे बना हुआ है। विनीता घर के बाहर काम कर रही थीं और वैभव वहीं खेल रहा था। खेलते-खेलते वह तालाब में जा गिरा। प्रशासन ने गोताखोरों की टीम को बुलाया है। बच्चे की तलाश जारी है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर डटे हुए हैं।

## बिजली के निजीकरण के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन



**मथुरा।** महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महानगर कॉग्रेस कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता विक्रम वाल्मीकि ने की। बैठक में वार्ड अध्यक्ष और बूथ प्रभारी नियुक्ति कांग्रेस पार्टी मथुरा के सभी 70 वार्डों में बैठकें आयोजित करेगी ताकि वार्ड अध्यक्ष और बूथ प्रभारी नियुक्त किए जा सकें। मंकी सफारी के लिए हस्ताक्षर अभियान महानगर के प्रत्येक चैराहे पर चलाया जाएगा। बिजली के निजीकरण के खिलाफ धरना धरना प्रदर्शन आयोजित किए जायेंगे।

बैठक में दिनेश सैनी योगेश त्रिपाठी संजय पचैरी जिलानी कादरी उमाशंकर शर्मा आशीष अग्रवाल अप्रतिम सक्सेना विपुल पाठक रमेश कश्यप मानवेंद्र पांडव विनोद चतुवेर्दी राकेश दिवाकर गौरव सिंह राजू फारुकी आशीष चतुवेर्दी शैलेंद्र चैधरी पूरन सिंह रवि वाल्मीकि संतोष श्रीवास्तव कमल शर्मा हिमांशु चैहान अनिल खरे अनवर फारुकी ललित शर्मा राहुल चतुवेर्दी अवनीत कुमार रामकुमार शर्मा इंद्रजीत गौतम बलवीर सिंह धनगर अमित खोकर सागर माहौर मुरारी माहौर कलुआ शाह जितेंद्र शर्मा विजेंद्र सिंह मीणा आदि थे।

# बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के प्रतिष्ठित प्रोफेसरगण और महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा, भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. खुशवंत सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस विदाई समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा गायन और वादन की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान



और सामान्य ज्ञान से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए। विता टीम को सम्मानित किया गया। वॉलपेपर प्रदर्शनी के अंतर्गत भौतिकी के नवीनतम शोध एवं विज्ञान के रोचक तथ्यों को प्रदर्शित किया गया, जिसे सभी ने सराहा। हास्य और प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति ने माहौल को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा ह्वविदाई सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत है। आप सभी ने यहाँ ज्ञान अर्जित किया, मित्र बनाए और जीवन के महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। अब समय है कि आप अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ें। हमेशा सीखते रहिए, अपने गुरुजनों और माता-पिता का सम्मान कीजिए और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहिए। महाविद्यालय को आप पर गर्व रहेगा।ह्वभौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा ने कहा कि ह्वजीवन में चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन आप जिस ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे, वही आपको सफलता की ओर ले जाएगा। भौतिक विज्ञान में आइंस्टीन और न्यूटन ने जिस तरह जिज्ञासा और लगन के साथ कार्य किया, उसी तरह आप भी अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें।ह्व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. खुशवंत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्वआप सभी का यह सफर भले ही समाप्त हो रहा हो, लेकिन असली परीक्षा अब शुरू होती है। ज्ञान को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाएं और समाज की भलाई के लिए उपयोग करें।ह्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में बिताए गए सुनहरे दिनों को याद किया। अंतिम वर्ष के छात्रों ने कहा कि ह्वयह महाविद्यालय न केवल एक शिक्षण संस्थान रहा, बल्कि हमारे व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी रहा है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने यमुना - पूजन और बिहारीजी के किए दर्शन



**मथुरा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज अपने परिवार के साथ यमुना के केसीघाट पहुंचे। यहां उन्होंने वेद मंत्रोच्चारण के बीच यमुना का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और मनौती मांगी। उनकी पत्नी बेटी और दामाद आठ दिन यहां रहकर ब्रज चैरासी कोस की यात्रा करेंगे। आज सुबह लोकसभा अध्यक्ष अपनी पत्नी अनीता विरला और बेटी दामाद के साथ मथुरा जंक्शन पहुंचे यहां अधिकारियों और भाजपा नेताओं द्वारा जोशीला स्वागत किया गया। इसके बाद वे परिवार के साथ वृन्दावन के केसीघाट पहुंचे। पूजन के बाद उन्होंने यमुना की आरती की। इस दौरान तीर्थपुरोहित सिद्धार्थ शुक्ला ने 84 कोस यात्रा का संकल्प दिलाया। यमुना पूजन के बाद उन्होंने यहां क्रांतिकारी राजा महेन्द्र प्रताप सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यहां आकर आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। सात्विक और सत्य के साथ जीने की प्रेरणा मिलती है। गंगा यमुना स्वच्छ हों, अविरल धारा में बहें इसके लिए सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। मंदिर बांके बिहारी में उन्हें फूल-माला, प्रसादी, अंग वस्त्र भेंट किए गए। पत्रकारों से रूबरू हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। यमुना की स्वच्छता के लिए व्यापक अभियान चल रहा है, जल्द ही यमुना साफ होगी। इसके बाद श्री बिरला अपने काफिले के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। जहां सह परिवार ठाकुर बांके बिहारी का पूजन अर्चन किया। इस दौरान सेवायत गोस्वामियों ने उन्हें ठाकुर जी की प्रसादी भेंट की। इससे पूर्व भाजपा कार्यकताओं श्री बिरला का वृंदावन पहुंचने पर जोशिला स्वागत किया गया। सुरक्षा के द्दष्टिगत पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम रहे। स्वागत करने वालो में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र वार्ष्णेय, भाजपा नेता विनीत शर्मा, पार्षद शशांक शर्मा, श्याम सुंदर गौतम, भाजपा नेता मुकेश गौतम, राघव भारद्वाज, अजय शर्मा, सिद्धार्थ शुक्ला, आशु बृजवासी आदि के अलावा दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

संक्षेप

## गैलेक्सी एम16 5जी नये डिजाइन लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज दो नये स्मार्टफोन गैलेक्सी एम16 5जी लॉन्च करने की घोषणा की। ये दोनों स्मार्टफोन अपने सेगमेंट में बेहतरीन फीचर्स के साथ आते हैं। बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज में शामिल ये नए डिवाइस स्टाइल और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का शानदार मेल हैं, जो हर यूजर के लिए नए अनुभव और संभावनाएं लेकर आते हैं। गैलेक्सी एम16 5जी बेहतरीन इनोवेशन और दमदार परफॉर्मेंस के साथ आते हैं, जो एम सीरीज की पहचान हैं। नया डिजाइन और दमदार हार्डवेयर इन डिवाइसेस को स्टाइलिश और परफॉर्मेंस के मामले में बेहतर बनाते हैं। इनमेंमीडियाटेकडाइमेंनसिटी 6300 प्रोसेसरऔरसभी टेलीकॉम ऑपरेटरों के लिए फुल 5जी सपोर्टमिलता है। गैलेक्सी एम16 5जी एफएचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले, 6 जेनरेशन के ओएस अपग्रेड औरटैप एण्ड पे जैसी नई सुविधाओं के साथ एक नया बेंचमार्क सेट करता है।

## माय11सर्किल ने की जियोस्टार से साझेदारी

नई दिल्ली। माय11सर्किलने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए को-प्रजेंटिंग पार्टनर के रूप में जियोस्टार के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस गठजोड़ के साथ माय11सर्किल भारत के उत्साही क्रिकेट दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव को और बढ़ाएगा तथा मोबाइल एवं कनेक्टेड डिवाइसेज पर जियोस्टार की व्यापक पहुंच का लाभ उठाएगा। माय11सर्किल टाटा आईपीएल का आधिकारिक एसोसिएट पार्टनर भी है। इस प्रमुख टूनार्मेंट के साथ माय11सर्किल के पांच साल के एसोसिएशन का यह दूसरा साल है। इससे पूरे सीजन में क्रिकेट प्रशंसकों को एक मनोरंजक एवं आकर्षक अनुभव प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। भारत में आईपीएल को लेकर लोगों के जुनून को नकारा नहीं जा सकता है।

## जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुआ हॉटस्टार स्पेशल्स 'कन्नेडा' का ट्रेलर

मुंबई। संगीत, पैसा और तबाही यही वह घातक मेल है, जो निम्मा को अपराध की दुनिया में धकेल देता है। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित सीरीज कन्नेडा के ट्रेलर की घोषणा कर दी है, जो 21 मार्च 2025 को रिलीज होने वाली है। जार पिक्चर्स के बैनर तले बनी और चंदन अरोड़ा द्वारा निर्देशित यह सीरीज एक ऐसी दुनिया को उजागर करती है, जहाँ हर कोई अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। यहाँ कोई आपका खुले दिल से स्वागत नहीं करता, बल्कि हर कदम पर आपको अपनी पहचान और ताकत साबित करनी पड़ती है। 'कन्नेडा' जबरदस्त एक्शन, ड्रामा और अनदेखे ट्विस्ट्स से भरपूर है, जिसमें परमिश वर्मा निम्मा की दमदार भूमिका निभा रहे हैं।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को ग्रीन ऊर्जा व ऊर्जा दक्षता पुरस्कार से नवाजा गया

बंगलुरू। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को स्थिरता और ऊर्जा दक्षता में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। एनर्जी ट्रांजिशन एक्सीलेंस अवार्ड एकेडेमिया 5वें ग्रीन उर्जा और ऊर्जा दक्षता अवाड्र्स 2024 में प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार का आयोजन इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, कोलकाता द्वारा किया गया, जिसमें डेलॉइट ज्ञान भागीदार के रूप में शामिल था। यह सम्मान नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रीन उर्जा और ऊर्जा दक्षता पुरस्कार उन संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित करता है जो स्थायी ऊर्जा भविष्य की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

## बुनियादी ढांचे में देश की उपलब्धियां अब दुनिया भर में गूंज रही हैं

बंगलूरू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक क्षेत्रीय खिलाड़ी से एक वैश्विक बल तक भारत को आगे बढ़ाने के लिए निर्णायक शासन और आगे की सोच वाले सुधारों का श्रेय दिया, इस बात पर जोर दिया कि निर्माण, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में देश की उपलब्धियां अब दुनिया भर में गूंज रही हैं। मोदी ने अपनी सरकार की वोकल फॉर लोकल पहल पर भी फिर से विचार किया, जो अब वैश्विक रणनीति के लिए एक पूर्ण स्थानीय के रूप में विकसित हुआ। भारतीय मीडिया में एक नये अध्याय को चिह्नित करने वाले एक महत्वपूर्ण घटना में आईटीवी नेटवर्क के ग्लोबल न्यूज चैनल, न्यूजएक्स वर्ल्ड लॉन्च के लॉन्च का समर्थन किया इस कार्यक्रम में शीर्ष सरकारी अधिकारियों, मीडिया स्टालवाट्र्स, और अंतर्राष्ट्रीय डिग्निटरीजों ने भाग लिया, एक पुनर्जीवन भारत के एक पुनर्जीवन भारत की दृष्टि को उजागर किया।

# सेंसेक्स में 112 अंकों की गिरावट




मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 112 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने के बीच बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 112.16 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 73,649.72 अंक तक गया और नीचे में 72,784.54 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में लगातार नौवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 5.40 अंक यानी 0.02 प्रतिशत के मामूली नुकसान के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 120 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 2.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ ।,171.10 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 3.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52 सप्ताह के निचले स्तर 1,156 रुपये पर आ गया था। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। बाजार कारोबार के दौरान निचले स्तर से धीरे-धीरे ऊपर आया। इसका कारण आर्थिक वृद्धि के आंकड़े हैं। खपत व्यय बढ़ने और कृषि क्षेत्र में वृद्धि से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। शेयर मूल्यांकन अब ऐसे बिंदु पर पहुंच रही है, जहां बाजार में गिरावट काफी आ चुकी है और शेयर मूल्य कम मूल्यांकन के स्तर पर आ सकता है। ऐसे में घरेलू संकेतक बाजार में सुधार के संकेत देते हैं। वैश्विक अनिश्चितताएं और सतत पूंजी निकासी बाजार प्रतिभागियों को सतर्क रखे हुए है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.70 प्रतिशत नीचे आया। हालांकि, मझोली कंपनियों से संबंधित सूचकांक 0.25 प्रतिशत चढ़ा। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया कि नये ठेके और उत्पादन में कम वृद्धि के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई।

# कोल इंडिया का 78.8 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य, कीमतों में कटौती से इनकार



कोलकाता। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसका उत्पादन 78.8 करोड़ टन रहेगा और इस दौरान उठाव 76.5 करोड़ टन रहने की उम्मीद है। कंपनी के चेयरमैन पी एम प्रसाद ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर कोयले की कीमतों में नरमी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि सीआईएल कीमतों को कम नहीं करेगी। सीआईएल ने इससे पहले चालू वित्त वर्ष में 83.8 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य तय किया था, जिसे बाद में संशोधित कर 81 करोड़ टन कर दिया गया था। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 77.36 करोड़ टन उत्पादन किया, जो सालाना आधार पर 10 प्रतिशत अधिक था। एमजंक्शन द्वारा आयोजित कोयला बाजार सम्मेलन में प्रसाद ने कहा कि बड़ी खदानों में रैक की कमी के चलते उठाव में सुस्ती आई है, लेकिन आने वाले महीनों में वृद्धि अच्छी रहेगी। मौजूदा अनुमानों के आधार पर इस साल उत्पादन और उठाव दोनों में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। प्रसाद ने कहा कि कुंभ मेले के कारण रैक की उपलब्धता सीमित थी, लेकिन रेलवे के साथ चर्चा के बाद इसकी उपलब्धता में सुधार हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोल इंडिया का उद्देश्य वाणिज्यिक खदानों के साथ प्रतिस्पर्धा करना नहीं, बल्कि उनका पूरक बनना है। उन्होंने कहा कि इस समय कोयले की कोई कमी नहीं है और बिजली संयंत्रों में 5.1 करोड़ टन का भंडार है। प्रसाद ने कहा कि कंपनी कोयला आयात को कम करने के सरकार के लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध है।

# बिहार विधानसभा में 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

पटना। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले सोमवार को 3.17 लाख करोड़ रुपये का अपना अंतिम बजट पेश किया।

उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्रालय के प्रभारी सम्राट चौधरी ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए दावा किया कि वर्षों की अराजकता के बाद बिहार को विकास के पथ पर लाने के लिए पिछले लगभग दो दशकों से नीतीश सरकार ने सफलतापूर्वक प्रयास किया है। चौधरी ने कहा कि इस बजट का आकार पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 38,169 करोड़ रुपये अधिक है। उन्होंने सदन को बताया कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के कुशल नेतृत्व की शक्ति एवं दृष्टि है। समृद्ध और सशक्त भारत निर्माण के लिए निर्धारित विजन-2047 के साथ समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार करने के हमारे प्रयासों को द्रुत गति प्रदान करने के उद्देश्य से मैं बिहार सरकार का बजट पेश कर रहा हूं। आप अवगत हैं कि वर्षों की अराजकता के बाद राज्य को विकास के पथ पर लाने हेतु पिछले लगभग दो दशकों से नीतीश सरकार ने सफलतापूर्वक प्रयास किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी का इशारा विपक्षी राजद-कांग्रेस गठबंधन की तरफ था।

# रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ बंद



मुंबई। विदेशों में डॉलर के कमजोर होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 87.34 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों और विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के कारण निवेशक बहुत अधिक उत्साहित नहीं दिखे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.36 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.25 प्रति डॉलर के दिन के उच्चतम स्तर और 87.41 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में रुपया 87.34 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की तेजी है। शुक्रवार को रुपया 19 पैसे की गिरावट के साथ 87.37 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इसके अलावा, घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर, एक मासिक सर्वेक्षण से पता चला है कि नए ऑर्डर और उत्पादन में सुस्त वृद्धि के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में 56.3 रहा, जो जनवरी के 57.7 से कम है। कारोबारियों ने कहा कि निर्यातकों द्वारा डॉलर की बिक्री और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण घरेलू मुद्रा को कुछ समर्थन मिला। निर्यातकों द्वारा डॉलर की बिक्री की खबरें हैं, जिससे रुपये को भी समर्थन मिला। हालांकि, निराशाजनक वृहद आर्थिक आंकड़ों और एफआईआई के बिकवाली दबाव ने तेज बढ़त को रोक दिया। कारोबारी अमेरिका से आईएसएम विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं, जबकि डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 87.20 से 87.65 के दायरे में रहने की उम्मीद है।

## भारत की बिजली खपत फरवरी में मामूली बढ़कर 131.54 अरब यूनिट पर

नयी दिल्ली। भारत की बिजली खपत फरवरी में मामूली रूप से बढ़कर 131.54 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी अवधि में खपत 127.34 अरब यूनिट थी। दोनों आंकड़ों की हालांकि तुलना नहीं हो सकती, क्योंकि फरवरी, 2024 में 29 दिन थे। पिछले महीने किसी एक दिन में सबसे अधिक बिजली आपूर्ति (चरम मांग) 238.14 गीगावाट थी, जो फरवरी, 2025 में 222 गीगावाट थी। मई, 2024 में चरम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, गर्मियों में चरम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च में बिजली की मांग और खपत बढ़ेगी।

## शार्प की भारतीय एसी उद्योग में वापसी

बंगलुरू। शार्प कॉर्पोरेशन जापान की सहायक कंपनी शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्रा.लि. ने एयर कंडीशनिंग तकनीक में अपनी रीरियू, सेइरो और प्लाज्मा चिल सीरीज लॉन्च कर एयर कंडीशन उद्योग में धमाकेदार वापसी की है। उन्नत एयर कंडीशनर रीरियू, सेइरो और प्लाज्मा चिल शानदार कूलिंग प्रदर्शन तो करते ही हैं, साथ ही इनमें ऊर्जा दक्षता और हवा को शुद्ध करे के लिये उन्नत उन्नत फिल्टर का प्रयोग किया गया है। ये नवीनतम एसी की सीरिज भारतीय ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को बखूबी पूरा करने की क्षमता रखती है।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर निचले स्तर पर पहुंची

नयी दिल्ली। नये ठेके और उत्पादन में कम वृद्धि के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में 56.3 अंक पर रहा, जो जनवरी के 57.7 अंक से कम है। हालांकि, विनिर्माण पीएमआई विस्तारकारी क्षेत्र में बना हुआ है। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक गतिविधियों में संकुचन का संकेत है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि हालांकि, दिसंबर 2023 के बाद से उत्पादन वृद्धि सबसे कमजोर स्तर पर आ गई है, लेकिन भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कुल मिलाकर गति फरवरी में व्यापक रूप से सकारात्मक रही। सर्वेक्षण में कहा गया कि जनवरी के 14 साल के उच्चतम स्तर से कम होने के बावजूद विस्तार की गति तेज थी। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि फरवरी में नए निर्यात ऑर्डर में जोरदार वृद्धि हुई, क्योंकि निर्माताओं ने अपने माल की मजबूत वैश्विक मांग का लाभ उठाना जारी रखा। नौकरी के मोर्चे पर, विनिर्माताओं ने फरवरी में अपने कर्मचारियों की संख्या में विस्तार करना जारी रखा।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उठाये कदम

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 24 से 28 फरवरी तक भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के 10वें संस्करण का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम वित्तीय साक्षरताः समृद्ध नारी वित्तीय ज्ञान के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता व सुरक्षा को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के तहत पूरे देश में 2907 ग्रामीण शाखाओं और 12 राज्यों में 85 वित्तीय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से विभिन्न वित्तीय साक्षरता शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य समाज में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना और वित्तीय समावेशन व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।

# धानुका एग्रीटेक का विशेष सेमिनार आयोजित

लखनऊ। स्थायी कृषिरसायन समाधानों में लीडर धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने विशेष सेमिनार का आयोजन किया, कार्यक्रम का विषय था गन्ना विकास सर्वोत्तम पैदावार।

इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों, शुगर मिल मालिकों, गन्ना विशेषज्ञों तथा किसान विकास केन्द्र, आईआईएसआर के वैज्ञानिकों, जिला गन्ना अधिकारियों एवं अन्य नीतिनिमार्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, उन्होंने उत्तर प्रदेश में गन्ने की उपज और गुणवत्ता में सुधार लाने तथा इस क्षेत्र की चुनौतियों को हल करने के लिए आधुनिक समाधानों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया। सेमिनार के दौरान कई मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया गया जैसे उत्तर प्रदेश में प्रति हेक्टेयर कम गन्ना उपज की समस्या को हल करना, जो वर्तमान में औसत 84 टन है, जबकि तमिलनाडु में यह औसत 105 टन है- इसके कारणों को पहचानना जैसे आधुनिक तकनीकों की सीमित उपलब्धता (बीज, मिट्टी की जांच, प्रेसीजन स्प्रे टेक्नोलॉजी एवं फाइनैंस), मार्केट का अनुपयुक्त एक्सेस तथा खेती के लिए उचित इनपुट्स का उपयोग न किया जाना। धानुका एग्रीटेक ऐसे आधुनिक समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है जो देश भर में गन्ना किसानों की उत्पादकता एवं मुनाफा बढ़ाने में कारगर साबित हों। सेमिनार के दौरान पेश किए गए आंकड़ों ने यूपी में प्रगतिशील किसानों ने 284 टन तक की उत्पादकता भी हासिल की है। (जैसा कि 16-17 नवम्बर को लखनऊ में आयोजित सीआईआई शुगरटेक मीटिंग के दौरान कहा गया), हालांकि प्रदेश में अभी भी बहुत अधिक क्षमता है, जिसका सदुपयोग किया जा सकता है।

## ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन का आर्ट फॉर होप सीजन 4 शुरू

नई दिल्ली। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) की सीएसआर इकाई ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एच एम आई एफ) ने अपनी आर्ट फॉर होप पहल के चौथे सीजन का उद्घाटन किया है। इस तीन दिवसीय कला एवं सांस्कृतिक आयोजन में 15 राज्यों के 50 अनुदान प्राप्तकर्ता कलाकारों एवं कला समूहों को कुल 60 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। आर्ट फॉर होप पहल से कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को पोषित करने, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और एक ऐसे भविष्य को आकार देने की दिशा में एच एम आई एफ की प्रतिबद्धता दिखती है, जहां रचनात्मकता से सामाजिक प्रगति में योगदान मिलता है। अनुदान प्राप्त करने वालों में 5 दिव्यांगजनों समेत 40 कलाकार एवं 10 कला समूह शामिल हैं। कला में प्रेरित व शिक्षित करने और संस्कृतियों एवं समुदायों को एकजुट करने की ताकत होती है।

## हायर ने भारत में लॉन्च किये कलरफुल किनोची एयर कंडीशनर

नई दिल्ली। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने भारत में अपने नए किनोची एयर कंडीशनर की कलरफुल रेंज लॉन्च की है, जिसने कूलिंग टेक्नोलॉजी में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह एसी सिर्फ ठंडक ही नहीं देता, बल्कि मॉडर्न घरों की खूबसूरती को भी बढ़ाता है क्योंकि यह बेहतरीन डिजाइन और उन्नत परफॉर्मेंस का अनोखा मेल है। किनोची लिमिटेड एडिशन एसी कटिंग-ऐज टेक्नोलॉजी और प्रीमियम कलरफुल फिनिश के साथ आते हैं, जिससे यह सिर्फ कूलिंग ही नहीं बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाते हैं। हायर इंडिया ने इस खास रेंज को पेश किया है, जो फंक्शनलिटी और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है।

## पेज एक का शेष

### सीएम योगी

विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील दाखिल करेगी। यहां से निर्णय पक्ष में न होने पर सुप्रीम कोर्ट तक भी जाएगी।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा अंसल प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिवालिया घोषित कर इंटरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) नियुक्त करने का आदेश दिया है। इसकी जानकारी होने के बाद निवेशकों व आवंटियों में खलबली मच गई है। लोगों के हितों का ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आवास विभाग की बैठक बुलाई थी। इसमें अपर प्रमुख सचिव गुरू प्रसाद, सचिव बलकार सिंह समेत एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद थे। सीएम ने एलडीए अधिकारियों को अंसल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि एनसीएलटी की ओर से आवास विभाग, एलडीए व अन्य सरकारी विभागों को बिना नोटिस दिए एक पक्षीय आदेश पारित किया गया है। इस दशा में आवास विभाग ने निर्णय लिया है कि उक्त आदेश के विरूद्ध प्राधिकरण जनहित में एनसीएलटी में अपील दाखिल करेगा। इसके साथ ही विकासकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बिल्डर की ओर की गई अनियमितताओं की जांच होगी। इसमें आवास विभाग व प्राधिकरण के जो भी अफसर दोषी होंगे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। आईबीसी कोड के सेक्शन 14 के प्राविधानों के लागू होने के कारण मेसर्स अंसल के लाईसेंस के निरस्तीकरण व अन्य कार्रवाई के लिए विधिक परीक्षण के आदेश दिए गए हैं।

### अयोध्या में

भी हैं। घर के बाहर चिकन शॉप है। यह दुकान अबू बकर चलाते हैं। दुकान के बगल से घर के अंदर जाने का रास्ता था, हम अंदर दाखिल हुए। यहां गांव की महिलाएं इकट्ठा थीं। घर के अंदर सादे कपड़ों में जांच एजेंसियों के जवान थे। वह पूछताछ कर रहे थे। फिर अब्दुल की मां को लेकर छत पर गए। वहां पर मुआयना करते रहे। इसके बाद लौट गए।

अब्दुल की मां यासमीन ने बताया- अब्दुल पहली मार्च को घर से निकला था। बोला कि दिल्ली में दोस्त से मिलने जा रहा हूं। 3 दिन में लौट आऊंगा। दिल्ली के निजामुद्दीन में कोई मरकज होनी थी, शायद उसमें शामिल होने के लिए गया था।आसमीन ने कहा सोमवार सुबह 9 बजे पुलिस दोबारा घर आई। मेरे शौहर को अपने साथ लेकर गई। इनायतनगर थाने में अबू बकर को 5 घंटे तक रखा गया। यहां उससे अब्दुल को लेकर पूछताछ होती रही। शाम करीब 4.30 बजे पुलिस ने अबू को छोड़ दिया। एक बार फिर हमने मां आसमीन से बात की। पूछा कि अब्दुल मिल्कीपुर में क्या काम करता था? उन्होंने बताया- वह तो ज्यादातर बीमार ही रहता था। यहां 5 साल से ईझरिक्शा चलाता था। कुचेरा बाजार से किन्हूपुर तक। हर दिन 500 से 700 रुपए कमा लेता था। एजेंसी सूत्रों के अनुसार, अब्दुल रहमान राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला करने की साजिश को अंजाम देने वाला था। वह हैंड ग्रेनेड की डिलीवरी लेने के लिए ही फैजाबाद से फरीदाबाद आया था। वह साजिश को अंजाम दे पाता, इससे पहले ही पकड़ा गया। सुरक्षा एजेंसियों को पूछताछ के बाद पता चला कि अब्दुल रहमान आईएसआईए के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। गुजरात एटीएस ने बताया, अब्दुल रहमान आतंकवादी सोशल मीडिया के जरिए संगठन से जुड़े होने की जानकारी सामने आई थी। गुजरात एटीएस ने हरियाणा टीम से इसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए पूरा ऑपरेशन चलाया।

### यूपी : आठ

किसानों का राजस्व विभाग और कृषि विभाग की ओर से संयुक्त रूप से सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के साथ ही लाभार्थी से प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की राशि को वापस करने के लिए भी कहा जा रहा है। सत्यापन प्रक्रिया के माध्यम से सभी किसानों को हिदायत देकर के रकम को वापस लेने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है ऐसा न करने पर किसानों को शक्ति के साथ में नोटिस दिया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने एक दिसंबर 2018 से किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। इसमें किसानों के बैंक खाते में तीन किस्तों में छह हजार रुपये भेजे जाते हैं। शुरूआत में किसानों को स्वलिखित शपथ पत्र के आधार पर लाभ दे दिया गया। इससे बहुत से अपात्र किसानों ने भी जानकारी छिपाकर लाभ ले लिया। जिले में सम्मान निधि लेने वाले आयकर दाता, सरकारी पेंशनर, शिक्षामित्र और एक ही परिवार के कई सदस्य शामिल हैं। इस योजना का लाभ लेने वालों में किसानो में इनकम टैक्स दाखिल करने वाले तो कुछ जगह पति और पत्नी दोनों मिलकर एक साथ ले रहे थे, वहीं खेती के नाम पर नाबालिग बच्चे भी किसान सम्मान निधि का लाभ पा रहे है। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 751 करोड़ रुपए का वितरण किया जा चुका है।

### अभिव्यक्ति की

खिलाफ तीन जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गुजरात पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सड़क छाप किस्म की कविता थी और इसे फैज अहमद फैज जैसे प्रसिद्ध शायर और लेखक से नहीं जोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा, (सांसद के) वीडियो संदेश ने परेशानी पैदा की। सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वीडियो संदेश प्रतापगढ़ी ने नहीं बल्कि उनकी टीम ने साझा किया था। मेहता ने कहा कि सांसद को उनकी टीम द्वारा उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो संदेश अपलोड किए जाने पर भी जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### ईडी ने पेटीएम

समाधान के लिए काम कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लि. (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लि. और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. जैसी पेटीएम की अन्य अनुषंगी कंपनियों को लगभग 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच में पाया गया कि वन 97 कम्युनिकेशन लि. ने सिंगापुर में विदेशी निवेश किया और अनुषंगी की वैश्विक अनुषंगी के गठन के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आवश्यक सूचना नहीं दी। इसमें आरोप लगाया गया कि वन97 कम्युनिकेशन ने आरबीआई के निर्धारित उचित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन किये बिना विदेशी निवेशकों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी प्राप्त किया था। ईडी ने कहा कि वन97 कम्युनिकेशन की भारत में अनुषंगी लिटिल इंडिया प्राइवेट लि. को विदेशों से एफडीआई मिला। लेकिन इसके लिए आरबीआई के कीमत निर्धारण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया।

अन्य अनुषंगी कंपनी...

नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. ने आरबीआई की समयसीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई के बारे में जानकारी नहीं दी। पेटीएम ने पिछले शनिवार (एक मार्च) को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि उसे कंपनी और उसकी दो अनुषंगी कंपनियों... लिटिल इंटरनेट और नियरबाय... के कुछ निवेश लेनदेन के संबंध में फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी से नोटिस मिला है। बाद में, पेटीएम ने स्पष्ट किया कि कथित उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है जब दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी कंपनियां नहीं थीं। इसने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था। कंपनी के अनुसार, कथित उल्लंघन में वन97 कम्युनिकेशन के 245 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन, लिटिल इंटरनेट (एलआईपीएल) के लगभग 345 करोड़ रुपये और नियरबाय इंडिया (एनआईपीएल) के लगभग 21 करोड़ रुपये के लेनदेन को सूचीबद्ध किया गया है। इसमें कहा गया, कथित उल्लंघन वन97 कम्युनिकेशन , एलआईपीएल और एनआईपीएल से संबंधित कुछ निवेश लेनदेन से जुड़े हैं। पेटीएम के प्रवक्ता ने बयान में कहा, हम लागू कानूनों और नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुसार मामले को हल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम अनुपालन और संचालन के उच्चतम मानकों के अनुपालन में प्रक्रियाओं को मजबूत करने और बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### उत्तराखंड : नयी

के लिए राज्य में उत्पादित फलों से वाइनरी इकाइयों को अगले 15 वर्षों तक आबकारी शुल्क में छूट दी जाएगी। इससे कृषकों और बागवानी क्षेत्र में कार्य करने वालों को आर्थिक लाभ मिलेगा। मदिरा उद्योग में निवेश को प्रोत्साहित करने के निर्यात शुल्क में कटौती की गई है। माल्ट एवं स्प्रिट उद्योगों को पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष सुविधाएँ प्रदान की जायेंगी। आबकारी नीति के तहत नवीनीकरण, लॉटरी और अधिकतम ऑफर जैसी पारदर्शी प्रक्रियाओं के माध्यम से दुकानें आवंटित की जायेंगी। आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया गया है। स्थानीय कृषि उत्पादों को डिस्टिलरी (आसवनी इकाइयों) द्वारा प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें नये बाजार उपलब्ध होंगे। आबकारी नीति-2025 में जनसाधारण को मदिरा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक बनाने के विशेष अभियान चलाने का प्राविधान किया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी

की अध्यक्षता करने पहुंचे। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट लॉयन के तहत 2,900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की है। इन शेरों का एकमात्र निवास स्थान गुजरात है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्तमान में एशियाई शेर गुजरात के नौ जिलों के 53 तालुकाओं में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर में निवास करते हैं। इसके अलावा, एक राष्ट्रीय परियोजना के तहत जूनागढ़ जिले के न्यू पिपल्या में 20.24 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर वन्यजीवों के चिकित्सीय निदान एवं रोग से बचाव के लिए एक राष्ट्रीय रेफरल केंद्र स्थापित किया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने के वास्ते सासण में वन्यजीव निगरानी के लिए उच्च तकनीक से युक्त निगरानी केंद्र और एक अत्याधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया गया है। इससे पहले, सोमनाथ से आने के बाद मोदी ने सासण में वन अतिथि गृह सिंह सदन में रात्रि विश्राम किया। रविवार शाम को उन्होंने सोमनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की थी। यह 12 ज्योतिर्लिंगों में से सबसे पहला ज्योतिर्लिंग है।

### यूपी : सड़क

के सत्यम मिश्रा (23) सोमवार सुबह करीब नौ बजे मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सत्यम मिश्रा 12वीं कक्षा की परीक्षा देने के लिए जनपद गाजीपुर में अपने परीक्षा केन्द्र गए थे , जिसकी आज जीव-विज्ञान की परीक्षा निरस्त हो गयी। इसके बाद सत्यम अपने घर लौट रहे थे और उक्त हादसे का शिकार हो गए। वहीं , बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल के बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराने से उस पर सवार दो युवकों कुंदन (24) और कलीराम (23) की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना रानी बाजार और तिलोकपुर के बीच टांडा रावत गांव के पास स्थित मोड़ पर अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। मुजफ्फरनगर जिले के ककरौली क्षेत्र के नवादा चौराहा के पास रविवार की शाम दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में सोनू (28) की मौत हो गई और दो अन्य राजा और रितिक गंभीर रूप से घायल हो गए।




# फाइनल में भिड़ेंगे भारत- ऑस्ट्रेलिया

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौदह वर्ष की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी

दुबई। अतीत में ऐसा करने में भले ही वे नाकाम रहे हों लेकिन इस बार स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन और हालात से वाकफियत के दम पर भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिले हर जख्म पर मरहम लगाने का इरादा होगा। इसके साथ ही 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने का भी यह सुनहरा मौका है जब भारत के दस मैचों के अश्वमेध अभियान पर फाइनल में आस्ट्रेलिया ने नकेल कसी थी।

यह उतना आसान भी नहीं होगा क्योंकि पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क के बगैर भी आस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है। कुछ दिन पहले लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन के लक्ष्य को हासिल करके उसने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। भारत को आखिरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में आस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। भारत को आस्ट्रेलिया ने 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हराकर खिताब जीता। इस बार भारतीय टीम चौदह बरस की नाकामियों का हिसाब चुकता करने उतरेगी और उसके आतमविश्वास का कारण टीम में आला दर्जे के स्पिनरों की मौजूदगी



है। टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों को शामिल करने के फैसले की काफी आलोचना हुई थी लेकिन दुबई की धीमी पिचों पर अब यह मास्टरस्ट्रोक साबित हो रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को सारे मैच दुबई में खेलने का फायदा मिल रहा है लेकिन असलियत यह है कि भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार के प्रयास किये हैं। ऐसा नहीं है कि पिच से इतनी टर्न मिल रही है कि भारतीय गेंदबाजों कामयाब रहे है बल्कि इन पिचों पर उनका संयम कारगर साबित हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में पांच विकेट लेने वाले स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा, यहां पिच रैंक टर्नर नहीं है जैसा कि लोग बोल रहे हैं। इससे थोड़ी मदद जरूर मिली है लेकिन आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो करना ही है। भारतीय स्पिन चौकड़ी चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ विकेट लिये। उन्होंने 39 ओवरों में 128 डॉट गेंद डाली। केन विलियमसन जैसा धैर्यवान बल्लेबाज भी अक्षर पटेल के सामने संयम खो बैठा और केएल राहुल की स्टम्पिंग का शिकार हो गया। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है।

उसे अनियमित स्पिनरों ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे आस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने क्रमशः 352 और 273 रन दिये और अब तो बल्लेबाजी के लिये अनुकूल हालात हैं। ऐसे में विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की चुनौती काफी कठिन होगी। कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा था, यह अच्छा मैच होगा। असस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा खेलने का इतिहास रहा है और अब हमें सब कुछ सही करना है। उम्मीद है कि हम ऐसा करने में कामयाब होंगे। भारत की नजरें ट्रेविस हेड और कप्तान स्टीव स्मिथ को जल्दी पवेलियन भेजने पर लगी होंगी। खासकर हेड ने पिछले कुछ साल में भारत को काफी परेशान किया है। मैच का समय : दोपहर 2.30 से ।

### गेफेनी व इलिंगवर्थ भारत- आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर

दुबई। न्यूजीलैंड के क्रिस गेफेनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। इंग्लैंड के माइकल गाफ तीसरे अंपायर और जिम्बाब्वे के एंडी पायक्रॉफ्ट मैच रैफरी होंगे।

इलिंगवर्थ रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप ए के मैच में भी अंपायर थे। गेफेनी को 25 फरवरी को रावलपिंडी में आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के मैच में अंपायरिंग करनी थी लेकिन बारिश के कारण मैच रद्द हो गया।

## भारत के इनियान ने कान ओपन शतरंज जीता





नयी दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7 . 5 अंक हासिल किये जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे।

मौजूदा विश्व जूनियर चैम्पियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले। इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं। उनके 2579 ईएलओ अंक हैं। टूर्नामेंट में 25 देशों के 147 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें छह ग्रैंडमास्टर और 21 अंतरराष्ट्रीय मास्टर शामिल थे।

**प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने अराविंद से ड्रॉ खेला**

प्राग। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के अराविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला और इन दोनों के पास अब पूरे एक अंक की बढत हो गई है। अराविंद और प्रज्ञानानंदा के 3.5 अंक हैं जबकि चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि , नीदरलैंड के अनीश गिरि , वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर इनके एक अंक पीछे हैं।

बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं जिनमें चेक गणराज्य के डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किये के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रा खेला जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।

**संक्षेप**

### राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में असम ने विहार को हराया

पंचकूला। असम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन बी मैच में सोमवार को यहां ताऊ देवी लाल स्टेडियम में बिहार को 2- । से हराया। पहले क्वार्टर में कड़ी टक्कर के बाद असम की कप्तान मुनमुनी दास (29वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला। खुशबू प्रजापति (59वें मिनट) भी सेट पीस को गोल में बदलकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। बिहार के लिए 60वें मिनट में नुसरत खातून ने सांत्वना गोल किया। आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी के मैच में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की। इस मैच में आंध्र के लिए रेवती थलारी, हरथी लोमाडा और मदुगुला भवानी ने गोल किये जबकि रजनी और अंजू कुमारी ने जम्मू कश्मीर के लिए दागे। इसी डिवीजन के पूल बी मैच में पुडुचेरी ने अरुणाचल पर 6- । से शानदार जीत दर्ज की।

### अजिंक्य रहाणे आईपीएल में केकेआर के कप्तान बने

नयी दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 22 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करेंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। रहाणे कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर की जगह लेंगें। श्रेयस को इस साल आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने अपनी टीम से जोड़ और वह उस टीम का नेतृत्व करेंगे। केकेआर का लंबे समय से प्रतिनिधित्व कर रहे वेंकटेश अय्यर को फ्रेंचाइजी ने उपकप्तान बनाया है। रहाणे ने यहां जारी एक बयान में कहा, केकेआर की अगुआई करने का मौका मिलना सम्मान की बात है। यह आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन और संतुलित टीम है। मैं सभी के साथ काम करने और अपने खिताब को बचाने की चुनौती लेने के लिए उत्सुक हूं। गत चैंपियन केकेआर का आईपीएल के पहले मैच में 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मुकाबला होगा।

### छह टीमों का महिला वनडे विश्व कप क्वालीफायर पाकिस्तान में

कराची। पाकिस्तान इस महीने के आखिर में छह टीमों के महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की कि वे तारीखों और स्थान के लिये आईसीसी के संपर्क में हैं। छह टीमें पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, आयरलैंड, श्रीलंका, थाईलैंड और वेस्टइंडीज हैं। अधिकारी ने बताया कि ये मैच कराची, मुल्तान और फैसलाबाद में हो सकते हैं क्योंकि पाकिस्तान सुपर लीग का दसवां सत्र भी 11 अप्रैल से शुरू हो रहा है।

## खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन नौ से 12 तक



एजेंसी

श्रीनगर। खेलो इंडिया शीतकालीन खेल (केआईडटल्यूजी) 2025 के दूसरे चरण का आयोजन नौ से 12 मार्च तक गुलमर्ग में होगा। कश्मीर घाटी के उंचे इलाकों में पिछले कुछ दिनों से भारी हिमपात के बाद यह फैसला लिया गया। इन शीतकालीन खेलों को पहले 22 से 25 फरवरी तक आयोजित होना था लेकिन गुलमर्ग में बर्फ की कमी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। कश्मीर में इस साल हिमपात काफी कम हुआ है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुजहत गुल ने पीटीआई को बताया, हम नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। देश भर के शीर्ष शीतकालीन खेल एथलीटों के इस आयोजन में भाग लेने की उम्मीद है। यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खेलों का पहला चरण इस साल जनवरी में लद्दाख के लेह जिले में आयोजित किया गया था जहां आइस-स्केटिंग और आइस-हॉकी स्पर्धाओं का आयोजन हुआ था।

## ऋषभ पंत को लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित

नयी दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज शृंषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ। दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया। पंत चोट से उबरने के बाद पिछले साल मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरे। पंत ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में विजयी वापसी की और कार दुर्घटना के बाद अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया। उनके प्रदर्शन ने भारत को 280 रनों से जीत दिलाने में मदद की।

## विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना की कमान मेस्सी के हाथ

एजेंसी



ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है। टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जायेगा। इसके चार दिन बाद विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम ब्यूनस आयर्स में ब्राजील से खेलेगी।

**फीफा ने पीएफएफ पर लगाया प्रतिबंध हटाया**

लाहौर। विश्व फुटबॉल की नियामक ईकाई फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) पर लगाया गया प्रतिबंध हटा लिया है चूंकि पाकिस्तान ने खेल के सुचारू संचालन के लिये अपने संविधान में जरूरी बदलाव कर लिये हैं। फीफा ने पीएफएफ पर पांच फरवरी को प्रतिबंध लगाया था क्योंकि कांग्रेस सदस्य संविधान में जरूरी बदलाव नहीं कर सके थे। पीएफएफ कांग्रेस के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को जरूरी संशोधनों को लागू करने के लिये सहमति जताई। पीएफएफ के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि फीफा ने उन्हें रविवार को बताया कि प्रतिबंध हटा लिया गया है। जून 2019 से पाकिस्तान फुटबॉल का संचालन फीफा द्वारा नियुक्त समिति कर रही है जिसे विरोधी गुटों के बीच मतभेदों का समाधान करने और चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले पांच साल में समिति के नेतृत्व में कई बदलावों के बावजूद पाकिस्तान फुटबॉल के मूल मसले जस के तस हैं। प्रतिबंध हटने के बाद अब पाकिस्तान 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में भाग ले सकेगा जिसमें टीम को ग्रुप ई के पहले मैच में 25 मार्च को सीरिया से खेलना है।

## चक्रवर्ती को मौके देने का समय आ गया है : शास्त्री

दुबई। पूर्व खिलाड़ियों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करने वाले वरूण चक्रवर्ती की तारीफ की है और रवि शास्त्री ने कहा है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में उसे खिलाना चाहिये। चक्रवर्ती ने न्यूजीलैंड पर आखिरी ग्रुप मैच में 44 रन से मिली जीत में 42 रन देकर पांच विकेट लिये। भारत के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री ने इंस्टाग्राम पर आईसीसी द्वारा डाले गए वीडियो में कहा, मैं उससे काफी प्रभावित हूं। टीम प्रबंधन को पूरे अंक जाते हैं जिसने उसे उतारने का फैसला लिया। बीच के ओवरों में वह विकेट दिलाने वाला गेंदबाज है। उन्होंने कहा, यह सही समय है कि उसे मौके दिये जायें। उसे टीम में शामिल किया तो उसने पांच विकेट ले लिये। उसके मौजूदा फॉर्म और हाव भाव को देखें, उसके आत्मविश्वास और कौशल को देखें। टूर्नामेंट में अब न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका बचे हैं और उन्होंने उसके खिलाफ ज्यादा खेला नहीं है। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि इसी एकादश को उतारना चाहिये क्योंकि 48 घंटे के भीतर ही खेलना है। स्पिनरों की भूमिका अहम रहने वाली है। भारत के पूर्व कोच और महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने वरूण की तारीफ करते हुए ईएसपीएन क्रिकइन्फो पर कहा, मुझे लगता है कि पिछले एक डेढ साल में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है और वह लगातार मैच जिताता आया है। चाहे तमिलनाडु हो, केकेआर या भारतीय टी20 टीम। उन्होंने कहा, अब उसे वनडे में मौका मिला है और पिच तथा हालात को देखते हुए उसे आगे भी खिलाना चाहिये।

## न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में त्रिकोणीय श्रृंखला के अनुभव का फायदा उठाना चाहेगा : लाथम

दुबई। अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम ने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जब मैदान पर उतरेगी तो पाकिस्तान में खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला में इस टीम पर मिली जीत से उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। न्यूजीलैंड रविवार को यहां ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में भारत से 44 रन से हार गया, लेकिन लाथम ने कहा कि इसका सेमीफाइनल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यूजीलैंड ने हाल ही में लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया था। टीम ने इसके बाद फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती थी। लाथम ने कहा कि ये अनुभव बुधवार को उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे। उन्होंने कहा, हां, जिस (दक्षिण अफ्रीका) टीम के खिलाफ हमने खेला है वह थोड़ी अलग थी। इस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो उस टीम में नहीं थे। उनके कुछ खिलाड़ी तब एसएटी20 में खेल रहे थे, इसलिए यह थोड़े अलग होगा। उन्होंने कहा, मुझे हालांकि लगता है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के उस अनुभव का फायदा मिलेगा।

## वरुण के प्रदर्शन के बाद चार स्पिनर लुभावना संयोजन : रोहित

एजेंसी

दुबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यह नहीं बताया कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में वह चार स्पिनरों को लेकर उतरेंगे या नहीं लेकिन कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ वरूण चक्रवर्ती के शानदार प्रदर्शन के बाद यह लुभावना विकल्प लग रहा है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को उतारा। चारों ने मिलकर नौ विकेट लिये और भारत ने 44 रन से जीत दर्ज की। रोहित ने सेमीफाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमें सोचना होगा। अगर हम चार स्पिनरों को लेकर उतरना भी चाहें तो चार स्पिनरों की जगह कैसे बनेगी। मैं ऐसा इसलिये कह रहा हूं क्योंकि हम यहां के हालात से वाकिफ हैं और हमें पता है कि क्या काम करेगा और क्या नहीं। उन्होंने कहा, इस पर विचार करेंगे कि सही संयोजन क्या होगा लेकिन यह काफी लुभावना विकल्प है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा के विकल्प के तौर पर खेलते हुए चक्रवर्ती ने 42 रन देकर पांच विकेट लिये। रोहित ने कहा, उसने बता दिया कि वह क्या कर सकता है। अब हमें सोचना है कि सही संयोजन क्या होगा। उसने एक मैच खेला और वैसा ही प्रदर्शन किया, जैसा हम चाहते थे। उन्होंने कहा, वह कुछ अलग है और जब फॉर्म में होता है तो पांच पांच विकेट लेता है। हमारे सामने अब चयन की अच्छी दुविधा है। हम आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम के अनुरूप ही गेंदबाजी संयोजन चुनेंगे। टी20 विश्व कप 2021 में दुबई में ही पाकिस्तान के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए चक्रवर्ती ने शानदार वापसी की जिसकी कप्तान ने तारीफ भी की। रोहित ने कहा, वह अब पहले की तुलना में अधिक सटीक हो गया है। उस समय उसने इतनी क्रिकेट नहीं खेली थी तो अनुभव कम था। लेकिन पिछले दो तीन साल में काफी क्रिकेट खेली है, चाहे घरेलू क्रिकेट हो या आईपीएल और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट। वह अब अपनी गेंदबाजी को बखूबी समझता है। उन्होंने कहा, कई बल्लेबाजों को उसके वैरिएशन समझ में नहीं आते जो अच्छी बात है। आपको ऐसे ही गेंदबाज चाहिये जो एक तरह से ही गेंदबाजी नहीं करें।



### हरफनमौला पर अपने सफर में अक्षर ने पाया आत्मविश्वास

दुबई। सफेद गेंद के प्रारूप में उपयोगी हरफनमौला साबित हो रहे अक्षर पटेल की इस कामयाबी का श्रेय उनके आत्मविश्वास को जाता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में भारत को 44 रन से मिली जीत में अक्षर ने 42 रन बनाने के अलावा केन विलियमसन का महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। अक्षर ने मैच के बाद मिश्रित जोन में मीडिया से कहा, पहले मुझे इतनी कामयाबी नहीं मिल पा रही थी और यह मेरे दिमाग में था कि मैं अपनी प्रतिभा दिखा नहीं पा रहा हूं। शायद मैं खुद पर ज्यादा दबाव डाल रहा था जबकि मुझे पता था कि मुझमें प्रतिभा है। वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में 2022 में 35 गेंद में 64 रन की उनकी नाबाद पारी से भारत ने 312 रन का मुश्किल लक्ष्य हासिल किया। अक्षर ने कहा, उस मैच के बाद मुझे लगा कि मैं फिनिशर साबित हो सकता हूं। मुझे पता था कि मैं फिनिशर का काम कर सकता हूं लेकिन यह आत्मविश्वास मिलते ही मैने ज्यादा नहीं सोचा कि मुझे अपनी बल्लेबाजी किसी के सामने साबित करनी है या नहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि मैं कर सकता हूं और अगर अपना शत प्रतिशत दे सका तो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाउंगा।

## लखनऊ की शानदार खिताबी जीत, अमेठी को दी शिकस्त




लखनऊ। मेजबान लखनऊ ने शानदार रणनीति व तेजतर्रार खेल के दम पर ओपन सीनियर प्रदेश स्तरीय आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में अमेठी हास्टल को 29-25 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। वहीं

**ओपन सीनियर प्रदेश स्तरीय आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता**

गोरखपुर व मऊ को संयुक्त तीसरा स्थान मिला। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी क्रीड़ा संकुल में संपन्न प्रतियोगिता के फाइनल में लखनऊ ने अमेठी हास्टल के खिलाफ मध्यांतर तक 14-10 की मामूली बढ़त बनाए रखी थी। इस मैच में दोनों ही टीमों ने बेहतरीन खेल दिखाया लेकिन लखनऊ को अनुभवी खिलाड़ियों के टीम में होने का फायदा मिला।

लखनऊ के लिए शुभम सरोज ने सर्वाधिक नौ गोल दागे। वही विक्रांत ने 6, डेविड ने 4 जबकि मनकेश व निहाल ने 3-3 गोल करने मे सफलता हासिल की। दूसरी ओर अमेठी हास्टल के लिए अजीत राज व अभिषेक ने 6-6 जबकि कामरान ने 4 व आकाश यादव ने 3 गोल किए। प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अनिमेष सक्सेना (कार्यकारी प्रधानाचार्य, गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज एवं क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ मंडल) ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में जीएस राणा (अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी) और धीरेंद्र शुक्ला (सचिव बलिया ओलंपिक एसोसिएशन) उपस्थित रहे। इस अवसर पर लखनऊ टीम के कोच मो.तौहीद (अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच), जिम्नास्टिक कोच रविकांत यादव, लक्ष्मण अवार्डी हैंडबॉल खिलाड़ी मोहित यादव व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। इससे पूर्व सुबह के सत्र में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में लखनऊ ने गोरखपुर को 27-13 से और अमेठी हास्टल ने मऊ को 24-21 से हराकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया था।

# डेयरी किसानों के सुनिश्चित लाभ का बेहतर विकल्प

## 250 जिला डेयरी सहकारी समितियों तक बायोगैस उत्पादन के तीन मॉडलों का विस्तार जरूरी : शाह

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत के दूसरी श्वेत क्रांति की दिशा में प्रयासरत होने का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के गोबर बायोगैस उत्पादन के तीन मॉडलों को अगले दो वर्षों में कम-से-कम 250 जिला डेयरी सहकारी समितियों तक बढ़ाए जाने की जरूरत है।

डेयरी क्षेत्र पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, कृषि के अलावा अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए डेयरी क्षेत्र किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। दूसरी श्वेत क्रांति की शुरुआत में टिकाऊपन और संसाधनों के अधिकतम उपयोग (सर्कुलैरिटी) पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में सर्कुलैरिटी को गोबर बायोगैस उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि पूरे डेयरी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के हर पहलू का उपयोग करना चाहिए। शाह ने कहा, खेती से पलायन को कम करने और किसानों को बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के लिए डेयरी क्षेत्र से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की पूरी क्षमता का पता लगाने से पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर, 15 राज्यों के डेयरी सहकारी संघों ने बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिए एनडीडीबी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। शाह ने कहा, देश में लगभग 16 करोड़ टन गोबर उपलब्ध है। बायोगैस संयंत्र लगाने की योजना बनाते समय गोबर की आपूर्ति के लिए सहकारी और गैर-सहकारी दोनों क्षेत्रों के किसानों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने इन संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। पशु आहार और चारे के बारे में मंत्री ने कहा, इसे सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ावा दिया जाना चाहिए और एक पूर्ण नेटवर्क स्थापित करने की जरूरत है क्योंकि इससे न केवल दूध उत्पादन बढ़ेगा बल्कि सहकारी समितियां भी मजबूत होंगी।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन के अलावा डेयरी और पशुपालन विभाग की सचिव अलका उपाध्याय एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी, ऑरेंज अलर्ट जारी



शिमला। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले में भारी बर्फबारी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हिमपात के मद्देनजर स्थानीय पुलिस ने लोगों को संवेदनशील इलाकों से दूर रहने और गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने लाहौल और स्पीति में हिमपात, चंबा और कांगड़ा में बादलों की गरज तथा बिजली की चमक के साथ बारिश और बर्फबारी की जबकि बिलासपुर, हमीरपुर और सोलन में ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। मंडी प्रशासन ने लोगों को उंचाई वाले इलाकों की यात्रा न करने की सलाह दी है। सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले सप्ताह की बर्फबारी के बाद सप्ताहांत में बड़ी संख्या में पर्यटकों ने शिमला और अन्य पर्यटन शहरों की ओर रुख किया था। न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया। लाहौल और स्पीति में केलांग सबसे ठंडा स्थान रहा जहां तापमान शून्य से नीचे 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हाल ही में भूस्खलन और बाढ़ के कारण सैकड़ों सड़कें अवरुद्ध हो गई थीं जिनकी बहाली का काम जारी है।

संक्षेप

## दृष्टिबाधित को न्यायिक सेवाओं में अवसर से नहीं कर सकता वंचित : न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने पिछले साल तीन दिसंबर को कुछ राज्यों में न्यायिक सेवाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों को आरक्षण न दिए जाने को लेकर स्वतः संज्ञान वाले एक मामले सहित छह याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति महादेवन ने फैसला सुनाते हुए कहा कि न्यायिक सेवा में भर्ती के दौरान दिव्यांगजन के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा सरकार को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उनके लिए सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, चाहे वह कटऑफ के माध्यम से हो या प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण किसी भी प्रकार के ऐसे अप्रत्यक्ष भेदभाव में हस्तक्षेप किया जाना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप दिव्यांगजन को अवसर से वंचित रखा जाता हो ताकि मौलिक समानता बरकरार रखी जा सके। फैसले में कहा गया कि किसी भी उम्मीदवार को केवल उसके दिव्यांग होने के कारण अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता।

# परमाणु हथियारों के संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेगा जापान

एजेंसी

तोक्यो। जापान परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि पर संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेगा। देश के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका का परमाणु क्षमता से लैस होना जापान की सुरक्षा के लिए अहम है और सम्मेलन में तोक्यो की भागीदारी से गलत संदेश जाएगा। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने तोक्यो में संवाददाताओं से कहा कि जापान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण न्यूयॉर्क में सोमवार से शुरू हो रहे इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल नहीं होगा।

हयाशी ने कहा गंभीर सुरक्षा माहौल में लोगों के जीवन और संपत्तियों के साथ-साथ जापान की शांति एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए परमाणु क्षमता अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में जापान की भागीदारी परमाणु क्षमता को लेकर जापान की नीति के बारे में गलत संदेश भेजेगी और शांति एवं सुरक्षा कायम रखने की तोक्यो की कोशिशों में बाधा पैदा करेगी।

# नड्डा ने देखी ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने सोमवार को नजफगढ़ में ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की और छह महीने के अंदर केंद्र का पूर्ण रूप से परिचालन शुरू करने का आदेश दिया। कौशल विकास पर जोर देते हुए उन्होंने एकीकृत प्राथमिक, माध्यमिक, आयुष और प्रशिक्षण सेवाओं के लिए एक मॉडल के रूप में आरएचटीसी की भूमिका पर प्रकाश डाला और संस्थान की स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में केंद्र के समर्थन का आश्वासन दिया।

नड्डा ने पालम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी दौरा किया और नजफगढ़, उजवा एवं पालम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को केंद्र सरकार के अधीन बनाए रखने को मंजूरी दी तथा तीन महीने के भीतर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) एवं भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) प्रमाणन का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत नजफगढ़ में आरएचटीसी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कौशल विकास के साथ-साथ प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 1937 में एक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में इसकी स्थापना हुई और बीते वर्षों में तीन परिसरों (नजफगढ़, पालम और उजवा) में इसका विस्तार किया गया। आरएचटीसी को अब प्राथमिक, माध्यमिक, आयुष और कौशल विकास तथा भविष्य में तृतीयक देखभाल के लिए एक मॉडल एकीकृत केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों ने जेलेंस्की की आलोचना की

एजेंसी



फीनिक्स (अमेरिका)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सहयोगियों ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की आलोचना की है। यूक्रेनी नेता के रूसी हमले के खिलाफ लड़ाई के वास्ते अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए लंदन में एक यूरोपीय शिखर सम्मेलन में शिरकत के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने उन्हें आड़े हाथों लिया है। शुक्रवार को ओवल ऑफिस में बैठक में दौरान जेलेंस्की और ट्रंप तथा उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की बीच तीखी बहस हुई थी।

नेताओं के बीच हुई बहस के बाद वाशिंगटन और कीव के बीच एक आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके। इस विवाद के कारण यूक्रेन के साथ रिश्ते का भविष्य सवालों के घेरे में आ गया है। साथ ही संघर्ष के समाप्त होने की संभावना भी खतरे में पड़ गई है जो फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के बाद शुरू हुआ था। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने कहा कि व्हाइट हाउस में ज़ेलेंस्की का व्यवहार "अपमानजनक" था। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि शुक्रवार को जो हुआ उसके बाद राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की इस युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत करने और समझौता करने के लिए तैयार हैं या नहीं। वाल्ट्ज ने कहा कि युद्ध को बातचीत के माध्यम से समाप्त करने के लिए यूक्रेन से क्षेत्रीय रियायतें और साथ ही सुरक्षा गारंटी पर रूसी रियायतें शामिल होंगी, लेकिन उन्होंने इस बारे में कोई और विवरण नहीं दिया कि मॉस्को को क्या करना होगा। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने भी इस सुझाव को दोहराया कि ज़ेलेंस्की को पद से हटना पड़ सकता है।

जॉनसन ने कहा, या तो उन्हें होश में आना चाहिए और कृतज्ञता के साथ बातचीत की मेज पर वापस लौटना चाहिए, या किसी और को देश का नेतृत्व करके ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मतलब है, यह यूक्रेनियों पर निर्भर है कि वे इसका हल निकालें। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हम मजबूती के साथ शांति की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा कि इस विवादास्पद बैठक से रिश्तों में बड़ी दरारें पैदा हो गई है।


# दोषी की सजा माफी पर फैसला ले दिल्ली सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार से कहा कि वह 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड में बिना किसी छूट के 20 साल की जेल की सजा काट रहे सुखदेव यादव उर्फ

**नीतीश कटारा हत्याकांड**

पहलवान की सजा में रियायत के बारे में दो सप्ताह में निर्णय ले। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सरकार से पूछा कि जिस दोषी की 20 साल की सजा 10 मार्च 2025 को खत्म हो रही है, वह लगातार जेल में कैसे है। पीठ ने कहा, आखिरकार, यह मुद्दा व्यक्ति की



स्वतंत्रता से जुड़ा है। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, आपको बहुत पहले ही सजा माफ करने की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए थी। सजा की अवधि पूरी होने के बाद दोषी को जेल में कैसे रखा जा सकता है। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया और कहा, याचिकाकर्ता के मामले (सजा माफी के लिए) पर दो सप्ताह में विचार किया जाएगा। हम आश्वासन स्वीकार करते हैं और निर्देश देते हैं कि (पहलवान का) मामला 27 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। पीठ ने 24 फरवरी को दिल्ली सरकार की इस दलील पर सवाल उठाया था कि वह मामले में 20 साल की वास्तविक जेल अवधि पूरी होने के बाद भी पहलवान को रिहा नहीं करेगी। पीठ ने अपने फैसले का अवलोकन किया जिसमें कहा गया था, आजीवन कारावास, छूट पर विचार किए बिना वास्तविक कारावास के 20 वर्ष के बराबर होगा तथा 10,000 रुपये का जुर्माना होगा।

# हसीना शासन के अत्याचारों के रिकॉर्ड को संरक्षित करना महत्वपूर्ण : यूनुस

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रशासन के दौरान किए गए कथित अत्याचारों के दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक संरक्षित करने का आह्वान किया है।

ढाका ट्रब्यून अखबार की खबर के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ रविवार को हुई बैठक के दौरान यूनुस ने इस बात पर जोर दिया कि उचित अभिलेखीय प्रणाली के बिना सच्चाई जानना और न्याय सुनिश्चित करना मुश्किल है। मुख्य सलाहकार की प्रेस शाखा द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र की रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर ग्वेन लुईस और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार विशेषज्ञ हुमा खान के साथ बातचीत के दौरान मुख्य सलाहकार ने शापला चत्तर में प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्वाई, डेलवर हुसैन सईदी के फैसले के बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बर्बरता और वर्षों की कथित न्यायेतर हत्याओं का हवाला दिया।

इंटरटेनमेंट...

# शाहिद कपूर का 'एनिमल' में होने वाला था कैमियो



मुंबई। डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में एक इंटरव्यू खुलासा किया कि वो फिल्म 'एनिमल' में शाहिद कपूर के कैमियो के बारे में सोच रहे थे। सब कुछ वो फाइनल कर चुके थे, लेकिन फिल्म की शूटिंग शुरू होने से कुछ दिन पहले उन्होंने अपना आइडिया ड्रॉप कर दिया। फिल्म क्रिटिक्स और ट्रेड एक्सपर्ट कोमल नहटा को दिए इंटरव्यू के दौरान डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि वो फिल्म 'एनिमल' में कबीर सिंह के कैमियो के बारे में सोच रहे थे। संदीप रेड्डी ने कहा- जब हम 'एनिमल' की शूटिंग कर रहे थे तब हमें ख्याल आया था कि इसमें कबीर सिंह का कैमियो रखा जा सकता है। मेरी टीम को भी यह आइडिया अच्छा लगा था। हमनें इसकी तैयारियां भी कर ली थी। संदीप रेड्डी वांगा ने आगे बताया- कबीर सिंह का कैमियो शूट करने से 2 दिन पहले मैंने यह फैसला किया कि कहानी के हिसाब से भी ठीक नहीं रहेगा।

जहां हम कबीर सिंह का कैमियो कराना चाहते थे, वहां फिल्म सीरियस होने वाली थी। मुझे लगा कि कबीर सिंह की वजह से फिल्म में वो सीरियसनेस बच नहीं पाएगी और मैंने वो कैमियो कैंसिल कर दिया। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'कबीर सिंह' में शाहिद कपूर ने डॉक्टर कबीर राजधीर सिंह का किरदार निभाया था। संदीप रेड्डी 'एनिमल' में रणबीर कपूर के हॉस्पिटल में एडमिट होने वाले सीन में कबीर सिंह की एंट्री चाह रहे थे। बाद में उन्हें लगा कि इससे सीन काफी हल्का हो जाएगा, इसलिए उन्होंने कबीर सिंह के कैमियो का आइडिया ड्रॉप कर दिया। फिल्म 'कबीर सिंह' संदीप रेड्डी के ही डायरेक्शन में बनी तेलुगु फिल्म अर्जुन रेड्डी की हिंदी में रीमेक थी।

# फिल्मों में नहीं आना चाहती थीं प्रियंका चोपड़ा : मां मधु



**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने हाल ही में खुलासा किया है कि एक्ट्रेस फिल्मों में नहीं आना चाहती थी। प्रियंका की मां ने उनके शुरूआती करियर को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2002 में एक्ट्रेस तमिल फिल्म थमिजहन में काम करने के लिए कैसे मानी थीं।

प्रियंका की मां ने हाल ही में लेहरें रेट्रो के साथ पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए कहा- प्रियंका ने इस प्रोजेक्ट के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर फिल्म के मेकर्स ने किसी तरह उसके भाई से कॉन्टैक्ट कर लिया, भाई ने फिर उसके पिता को फोन किया और कहा, उसे दो महीने के लिए गर्मियों की छुट्टियों में इसे फिल्म में काम करने का मौका दिया जाए। इसके लिए प्रियंका को बहुत मनाने की जरूरत पड़ी, लेकिन उसके पिता ने उससे अपनी बात कही और उसने भी उनके लिए उनकी सारी बात मान ली। प्रियंका चोपड़ा के करियर की शुरूआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड कॉम्पिटिशन जीतने के साथ हुई।

विजय थलापति की तारीफ करते हुए प्रियंका की मां मधु चोपड़ा ने कहा कि एक्टर ने इस बात का काफी ध्यान दिया कि यह डेब्यू करने के लिए काफी बड़ा प्रोजेक्ट था।

# ऑस्कर पर अमेरिकी पॉलिसी का असर, सेक्स वर्कर की कहानी पर बनी अनोरा को 5 अवॉर्ड



लॉस एंजिलिस। 97वें ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में 'नो अदर लैंड' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म से नवाजा गया है। ये फिल्म गाजा के वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनी समुदाय मसाफेर यट्टा की कहानी बताती है। इस डॉक्यूमेंट्री को फिलीस्तीनी एक्टिविस्ट बदेल अद्र और इजराइली जर्नलिस्ट युवल अब्राहम ने मिलकर बनाया है।

इस साल एशियन और मिडिल ईस्टर्न सिनेमा से जापान की 'ब्लैक बॉक्स डायरीज', भारतीय-अमेरिकी 'अनुजा' और फिलिस्तीन-इजराइली कलेक्टिव की 'नो अदर लैंड' शामिल हैं। लेकिन यह पहली बार नहीं है जब ऑस्कर मंच ने एशियाई फिल्म मेकर्स की प्रतिभा को पहचाना है। साल 1952-2023 तक ऑस्कर के इतिहास में 7 अलग-अलग फेज रहे हैं, जब एशियाई फिल्मों ने सुर्खियां बटोरीं। हर फेज बताता है कि कैसे गवर्नमेंट पॉलिसी और इकोनामिक रिलेशन इन विकल्पों को प्रभावित करते हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर कभी इसे स्वीकार नहीं किया गया है। 1950 के दशक में दूसरे विश्व युद्ध के बाद जापान में कमाल का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला। 1952 में आजादी मिलने के बाद, जापान ने अपने न्यूक्लियर प्रोटेक्शन को स्वीकारते हुए अमेरिका के साथ एक सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।

पीएम शिगेरू योशिदा के सिद्धांत पर जापान ने अमेरिकी समर्थन के साथ आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया। जल्द ही, अमेरिकी मुक्त व्यापार नीतियों के कारण जापानी एक्सपोर्ट में उछाल आया, जिससे अमेरिकी बाजार जापानी कारों और इलेक्ट्रॉनिक्स से भर गईं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद, 1960 के दशक में जापान-अमेरिका संबंध ठंडे पड़ गए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com